रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-334 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज

राजनाथ ने वियतनाम दूतावास जाकर गुयेन फुट्रोंग को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम दूतावास जाकर सरकार और भारत के लोगों की ओर से वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव गुयेन फुट्रोंग को श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रोंग का हाल ही में निधन हो गया था। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के राजदूत गुयेन थान हाई के प्रति संवेदना व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार, वियतनाम के लोगों और नेतृत्व के साथ खड़ा है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा में ट्रोंग के योगदान को याद किया। भारत और वियतनाम लंबे समय से मित्र और विश्वसनीय साझेदार हैं।

सांसद कंगना रनौत को हिमाचल हाईकोर्ट का नोटिस

शिमला। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत के चुनावी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें गुरुवार को नोटिस जारी किया। न्यायालय ने प्रतिवादी सुरनौत को 21 अगस्त तक याचिका का जवाब देने के आदेश जारी किए। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ ने जिला किन्नौर निवासी लायक राम नेगी द्वारा दायर चुनाव याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने इस मामले में चुनाव आयोग के चुनाव अधिकारी जिलाधीश मंडी को भी प्रतिवादी बनाया है।

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि आठ अगस्त तक बढ़ायी गयी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी आठ अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गयी। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

स्काई-वॉक का निर्माण होगा पूरा

पांच साल में भूपेश सरकार स्काई वॉक को लेकर नहीं ले सकी कोई निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तकरीबन 6 साल से यथास्थिति में पड़ा हुआ स्काईवॉक अब आम जनता के उपयोग में आ सकेगा। पूर्ववर्ती रमन सरकार में शहर के मध्य स्थल में स्काईवॉक का निर्माण किया जा रहा था। अधूरे निर्माण के दरम्यान राज्य में भाजपा ने सत्ता गंवा दी। उसके बाद भूपेश के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में स्काईवॉक को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया। भूपेश सरकार पांच साल के कार्यकाल में यह तय नहीं कर सकी कि स्काईवॉक को बनाना चाहिए या फिर हटाना चाहिए। हालांकि इस पांच साल में जनता स्काईवॉक पर निर्णय का इंतजार करती रही। शहर के सबसे व्यस्थतम इलाके में तैयार किए जा रहे स्काईवॉक पर जब भी नजर पड़ती तो जनता भूपेश सरकार को कोसते हुए आगे बढ़ जाती। स्काईवॉक कांग्रेस सरकार में सिर्फ राजनीति का मुद्दा बना रहा, लेकिन इसको हटाने या बनाने का फैसला नहीं लिया गया। अब भूपेश सरकार सत्ता से बाहर हो गई है, जिसके बाद सुशासन वाली विष्णु सरकार ने अधूरे स्काईवॉक का निर्माण पूरा करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई बैठक में रायपुर के अधूरे स्काई-वॉक के निर्माण को पूर्व निर्धारित ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। रायपुर के शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति बनाकर मुआवजा और चौड़ीकरण के लिए जमीन की जरूरत का परीक्षण कराकर काम आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, श्रीचंद सुंदरानी और शहर के अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। बैठक में चर्चा के दौरान स्काई-वॉक के निर्माण के बारे में जानकारी दी गई कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश पर शास्त्री चौक पर पैदल चलने वाले यात्रियों की गणना की गई थी। उस समय अक्टूबर-2016 में पाया गया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय चौक पर 14 हजार और शास्त्री चौक पर 27 हजार पैदल चलने वाले यात्री निकलते हैं। मई-2019 में दोबारा गणना के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय चौक पर पैदल निकलने वाले यात्रियों की संख्या 25 हजार 095 और शास्त्री चौक पर 35 हजार 920 थी जो कि पहले की गणना से चलने वाले यात्रियों की संख्या से अधिक थी। राज्य में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अधूरे स्काई-वॉक के संबंध में सुझाव समिति का गठन किया गया था। सुझाव समिति ने भी यह सुझाव दिया था कि स्काई-वॉक का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्काई-वॉक निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा और उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव की सहमति के बाद इसे पूर्व अनुमोदित ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार पूर्ण करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक के सड़क के चौड़ीकरण के संबंध जानकारी दी गई कि जयस्तंभ चौक से शारदा चौक तक फोरलेन मार्ग निर्मित है। साथ ही तात्यापारा चौक से आगे आजाद चौक की ओर भी फोरलेन मार्ग निर्मित है। शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच मात्र 510 मीटर लम्बाई के फोरलेन नहीं होने के कारण प्रतिदिन चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है जिससे आम लोगों को बहुत परेशानी होती है। यह रायपुर की लम्बे समय से लंबित मांग है। दोनों ओर की सड़कों के चौड़ीकरण होने के बाद बीच के छूटे हिस्से का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक हैं। विस्तृत चर्चा के बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि शास्त्री चौक से तात्यापारा चौक के मध्य की सड़क को तात्यापारा चौक से आजाद चौक तक सड़क चौड़ीकरण जिस रूपांकन एवं चौड़ाई में किया गया है, उसी प्रकार शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण किया जाए, ताकि मार्ग में एकरूपता बनी रहे। बैठक में रायपुर के कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। यह समिति 30 दिनों के भीतर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक वास्तविक रूप से कुल कितनी भूमि का अर्जन और अतिक्रमण मुक्त किया जाना है, अर्जन या विस्थापन में कितने भू-स्वामी व अतिक्रमणकर्ता प्रभावित हो रहे हैं, आबादी (शासकीय) भूमि एवं निजी भूमि (परिसंपत्ति सहित) के सम्पूर्ण विवरण तथा चौड़ीकरण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने हेतु विकल्प एवं अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस समिति का गठन किया जाएगा।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र का गूंजा मामला 452 लोगों का जाति प्रमाण पत्र फर्जी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने 452 लोगों का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया है। इसमें राज्य सरकार के विभागों के 230 मामले शामिल हैं। यह जानकारी विधानसभा में विभागीय मंत्री राम विचार नेताम ने अपने लिखित उत्तर में दिया है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र को लेकर चातुरी नंद और शेषराज हरवंश ने सवाल किया था। हरवंश ने पूछा था कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध कितने मामलों में जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है? कितने मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन में है? कितनी शिकायतों में जांच प्रारंभ नहीं की गई है? क्यों नहीं की गई है? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री नेताम ने बताया है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध 452 मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन पूर्ण कर ली गई है। 72 मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन में है। ऐसी कोई शिकायत नहीं है, जिसमें जांच प्रारंभ नहीं की गई है। जिन शिकायतों के विरुद्ध जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है उन्हें पदमुक्त करने एवं शासन नियमानुसार एफआई.आर. दर्ज कराने सहित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश छानबीन समिति द्वारा संबधित नियोक्ता विभाग को दिए गए है।

रॉयल्टी कोई कर नहीं, खदानों पर कर लगाना राज्यों का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने करीब 35 साल पुराना अपना एक फैसला पलटते हुए कहा कि रॉयल्टी कोई कर नहीं है तथा राज्यों के पास खनिजों और खदानों पर कर लगाने का अधिकार है। शीर्ष अदालत की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र और विभिन्न खनन कंपनियों की आपत्तियों को खारिज करते हुए आठ-एक के बहुमत वाले फैसले से 1989 के सात सदस्यीय पीठ के फैसले (इंडिया सीमेंट लिमिटेड बनाम तमिलनाडु सरकार) को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास कर लगाने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति बी वी नागर I, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की संविधान पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति नागरा ने हालांकि, बहुमत के फैसले से असहमति जताई। संविधान पीठ ने कहा कि खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (खान अधिनियम) राज्यों को खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति से वंचित नहीं करेगा। शीर्ष अदालत के बहुमत वाले इस फैसले में कहा गया है कि रॉयल्टी कोई टैक्स नहीं तथा विधानसभाओं के पास खनिजों वाली जमीन पर कर लगाने की विधायी शक्ति प्राप्त है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि संसद के पास खनिज अधिकारों के तहत कर लगाने की शक्ति नहीं, लेकिन वह (राज्य द्वारा) कर लगाने की सीमा निर्धारित कर सकती है।

एनआईए का छापा, श्रमिक नेता कलादास डहरिया के घर पहुंची टीम

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

जामुल लेबर कैंप वार्ड नंबर 12 में एनआईए की टीम श्रमिक नेता कलादास डहरिया के घर पहुंची है। सीआईएसएफ की मौजूदगी के साथ कलादास डहरिया के घर पर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला रेला एनजीओ से जुड़ा हुआ है। एनआईए की टीम ने कलादास डहरिया से नक्सली कनेक्शन को लेकर भी पूछताछ की। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के सदस्य व श्रमिक नेता कलादास डहरिया से पूछताछ करने एनआईए की टीम पहुंची है। जामुल लेबर कैम्प में कलादास डहरिया का निवास है। कालादास डहरिया रेला एनजीओ से जुड़े हुए हैं। वे छत्तीसगढ़ में यह एनजीओ चलाते हैं। यह संस्था किसान, आदिवासी और मजदूरों के संगठन के लिए काम करता है। रेला एनजीओ को देशभर से फंडिंग होती है। बताया जा रहा है कि लगभग पांच गाड़ियों में अलग अलग टीमें पहुंची और रेड की। इस दौरान आसपास के लोगों को भी रोक दिया गया। एनआईए की टीम जामुल में कलादास डहरिया के घर पर संबह 5:30 बजे पहुंची थी। लगभग 5 गाड़ियों में पहुंची टीम ने पहले बाहर घेराबंदी की और आसपास के लोगों को रोक दिया। एनआईए की टीम ने घर में घुसने ही कलादास व उसके परिवार वालों का मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद घर के भीतर जाकर एक-एक सामान चेक किया। एनआईए को कलादास के घर से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इस दौरान एनआईए ने एक पेनड्राइव, मोबाइल फोन और कलादास डहरिया की बेटी का लैपटॉप जब्त किया। इसके बाद एनआईए की टीम ने पूछताछ के लिए कलादास डहरिया को रांची बुलाया है। 1 अगस्त को कलादास डहरिया को पूछताछ के लिए रांची बुलाया गया। एनआईए की कार्रवाई पर कलादास डहरिया का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर हो रही है। उनका कहना है कि वे 90 से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से जुड़े हुए हैं और लगातार मजदूरों के हितों के लिए काम करते हैं। एसीसी कंपनी अड़ानी के हाथों में जाने के बाद भी हमने मजदूरों के हक की बात की उसके आवास व सुविधाओं की बात की। कलादास का कहना है कि सरकार उसका मुंह बंद करना चाहती है इसलिए यह छापेमारी की गई है। कलादास ने कहा कि उन्हें 1 अगस्त को रांची बुलाया गया है। रेला संगठन को लेकर लेकर उन्होंने कहा कि यह हमारा सांस्कृतिक काम है। कलादास डहरिया ने कहा कि एनआईए की टीम ने नक्सलियों से सांठगांठ को लेकर भी सवाल किया है।

महिलाओं के साथ अन्याय के विरुद्ध 29 से राष्ट्रव्यापी आंदोलन : अलका लाम्बा

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और अन्याय की घटनाएं तेजी से बढ रही है लेकिन भाजपा सरकार इस पर चुप्पी साधे है इसलिए उसे जगाने के लिए महिला कांग्रेस 29 जुलाई से राजधानी दिल्ली से देशव्यापी आंदोलन शुरु करेगी। लाम्बा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। मध्य प्रदेश में दबंगों ने दो महिलाओं को जिंदा जमीन में गाड़ दिया। देश के विभिनन हिस्सों में हर रोज दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं लेकिन भाजपा सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहे हैं और इस बारे में कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए उनका संगठन देशव्यापी आंदोलन शुरु करेगा। देशभर की महिलाएं 29 जुलाई को यहां जंतर मंतर पर एकत्रित होंगी। इस आंदोलन को फिर राज्यों की राजधानियों तथा जिला मुख्यालयों से ब्लॉक स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग करते हुए कहा कि उनका संगठन राजनीति सशक्तीकरण के लिए महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग करता है। उनका कहना था कि यह कानून तत्काल लागू होना चाहिए और जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं वहां इन कानूनों को लागू कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए।

सरकार पर गरीब, मजबूर किसानों से शत्रुता पूर्ण व्यवहार करने का आरोप

लोकसभा में हंगामा, कार्यवाही दोबारा स्थगित

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में आम बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सांसदों को सदन में मर्यादित आचरण करने की नसीहत दी और कहा कि सभापति तालिका में सभी सदस्यों ने सदन की मर्यादा को बनाये रखने में योगदान दिया है। उन्होंने इसके बाद आम बजट पर चर्चा में भाग ले रहे कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी को बोलने के लिए अनुमति दी। इस पर चन्नी ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से खोखला बजट है। इसमें किसी भी वर्ग को कुछ नहीं मिला है। अनेक राज्यों का तो नाम तक नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश राहुल गांधी की तरफ देख रहा है, किसान संगठन उनके पास आये और इंडी गठबंधन की ओर आशा से देख रहे हैं। सरकार गरीब एवं मजबूर किसानों से शत्रुता पूर्ण व्यवहार कर रही है। चन्नी ने जब इस प्रकार के आरोप लगाये तो केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल खड़े हो गये और कहने लगे कि चन्नी अपनी बात की पुष्टि करें। इस पर विपक्षी सदस्य आपत्ति करने लगे। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजीजू ने कहा कि कोई मंत्री यदि किसी सदस्य से पुष्टि करने के कहता है तो विपक्ष को क्या आपत्ति है। बिरला ने कहा कि चन्नी पुष्टि करेंगे। इस पर तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि गोयल को नियम नहीं पता हैं, लोकसभा में बयान की पुष्टि करने का नियम नहीं है, यह नियम केवल राज्यसभा में है। चन्नी ने पुनः बोलना शुरू किया और कहा कि अन्नदाता अगर कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं तो क्या गलत है, उद्योगपतियों के लाखों करोड़ रुपए के ऋण माफ हो सकते हैं तो गरीब किसानों के कर्ज़ माफी में क्या दिक्कत है।

किसानों को छल रही है सरकार : विपक्ष

राज्यसभा में कांग्रेस समेत समस्त विपक्ष ने कहा कि सरकार किसानों के साथ छल कर रही है और उनसे कर के रुप में प्रति एकड़ 70 हजार रुपए वसूल रही है। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्रीय बजट 2024-25 पर सामान्य चर्चा पुनः शुरू करते हुए कहा कि यह कुर्सी बचाओ बजट है। इस बजट में किसान, गरीब और युवाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। सरकार ने अन्नदाता किसान को लाठी और उनके पेट पर लात मारी है। किसानों के साथ छल किया जा रहा है। सरकार बजट के माध्यम से आजीविका छीन रही है। सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा नहीं किया गया है। किसानों की आमदनी दुगुनी नहीं हुई है और किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया जा रहा है। उनको लागत का 50 प्रतिशत एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों के हवाले से कहा कि मक्का, बाजरा, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली और आदि फसलों का एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसी भी फसल का उचित एमएसपी नहीं दे रही है। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार किसानों का ऋण माफ करने पर एक भी शब्द नहीं बोल रही है जबकि उद्योगपतियों को मुनाफा कमाने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एमएसपी पर पूरी उपज नहीं खरीद रही है, जिससे किसानों को घाटा उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि बजट में केवल बड़ी बड़ी बातें कही गयी है। पिछले साल का पूरा बजट खर्च नहीं किया गया है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को उनका अधिकार नहीं दिया जा रहा है। कई योजनाओं में कुल आवंटन में से 50 प्रतिशत तक व्यय ही नहीं किया गया है।

कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : सीडीएस

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में जोर देकर कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुरों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। कारगिल युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खून बहाकर सीखे गए सबक को नहीं भूलना चाहिए, गलतियों को दोहराया नहीं जाना चाहिए और सही सबक लेकर इरादे मजबूत करने चाहिए। सशस्त्र बलों में सुधारों के बारे में, जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाएं एक बड़े सुधार की दहलीज पर हैं, जो संगठनात्मक, संरचनात्मक, वैचारिक से लेकर सांस्कृतिक तक है। उन्होंने कहा,इन सुधारों का अंतर्निहित उद्देश्य युद्ध दक्षता में सुधार करना और सशस्त्र बलों को हर समय लड़ाई के लिए तैयार रखना है। हमें पुरानी प्रथाओं को छोड़ने और नई प्रथाओं को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सुधारों के आकार और रूपरेखा में भारतीय परिवेश और चुनौतियों की विशिष्टता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। सीडीएस ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल नई ऊर्जा से उत्साहित हैं क्योंकि राष्ट्र अमृतकाल में कदम रख रहा है और भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए देश के बाकी हिस्सों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लगाया बेल का पौधा

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विधानसभा आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत छत्तीसगढ़ विधानसभा के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी मां के सम्मान में वहां बेल का पौधा लगाया। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीताफल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हनुमान फल और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नीम के पौधे का रोपण किया। विधानसभा आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने रामफल, वन मंत्री केदार कश्यप ने महुआ, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आंवला, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हर्रा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लक्ष्मण फल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बेल तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पीपल का पौधा लगाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायकों और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे लगाए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक पौधे लगाए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा के आवासीय परिसर में 50 एकड़ क्षेत्र में इकोलॉजिकल पार्क (Ecological Park) विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

सदन में उठा कमल विहार परियोजना का मामला, मूणत ने पूर्ववर्ती सरकार को घेरा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने विधानसभा मानसून सत्र में तारांकित प्रश्न में लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकालने का मामला उठाया। उन्होंने कमल विहार का पुराने नए स्वरूप को स्पष्ट करने की मांग की। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2021 के मास्टरप्लान में बोरियाखुर्द के गज राज बांध तालाब क्षेत्र में सिटी पार्क को बाद के मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया था। इससे 40करोड़ रूपए फंड राइजिंग भी होना था। मूणत ने इसके लैंड यूज़र बदलने और फाइल पूर्व मंत्री के पास होने का भी मुद्दा उठाया। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क लैंड यूज था। टाउन प्लानिंग स्कीम के स्वीकृत प्लान के मुताबिक पार्क स्वीकृत किया गया था। इसके बाद मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया।इसके तहत ही 7-ए, 7-बी प्लान लाया गया। 7 ए के लिए 3 टेंडर निकल कोई बिडर नहीं आया। 7 ए का टेंडर फाइनल करना है। जो बेस प्राइज से 10 करोड़ ज़्यादा दर पर जी कृपा नाम के फर्म ने 72 करोड़ रुपये में बीड किया था। लैंड यूज चेंजफर्म को करना था, लेकिन उसने आरडीए से किए जाने की मांग को लेकर कमर्शियल कोर्ट में चला गया। यह मामला आर्बिट्रेशन में चल रहा है।

राजेश मूणत ने कहा कि आमोद-प्रमोद में होने वाले निर्माण की जानकारी मांगते हुए कहा कि लैंड यूज बदले बिना रिक्रियेशनल पार्क बनाने टेंडर निकाल लिया। मंत्री चौधरी ने कहा कि आमोद प्रमोद में क्लब हाउस, सिटी पार्क बनाए जा सकते हैं। और उसी के अनुसार ही लैंड यूज किया जाएगा। मूणत ने कहा कि लेकिन रिक्रियेशनल पार्क के नाम पर मैरिज पैलेस नहीं बनाया जा सकता। आरडीए को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से नये सिरे से लैड यूज चेंज करना होता है। बगैर ले आउट चेंज किए टेंडर कैसे कर दिया गया? राजेश मूणत ने कहा कि टेंडर की शर्तों में लिखा है कि लैंड यूज बदलना बिडर की जिम्मेदारी है, आश्चर्य की बात है कि बगैर लैंड यूज बदले टेंडर निकल गया। क्या इसकी जांच कराकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी? मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान के आधार पर ये टेंडर निकाला गया था। मूणत ने कहा कि पीछे की कहानी यह है कि वह जमीन आरडीए के पास नहीं थी। टेंडर कैंसिल कर पहले आरडीए ने जमीन ली और फिर नया एनआईटी जारी किया। उन्होंने पूछा कि नियमों के विपरीत जाकर आरडीए ले आउट और लैंड यूज बदल सकता है? जांच कर दोषी पर कार्रवाई करेंगे? मंत्री चौधरी ने कहा कि जमीन आरडीए के पास ही है।

औषधि विभाग की टीम के द्वारा भाटापारा शहर में स्थित विभिन्न कॉस्मेटिक रिटेलर एजेंसी व फैंसी स्टोर्स में औचक निरिक्षण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी जिला बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देशानुसार औषधि विभाग की टीम के द्वारा भाटापारा शहर में स्थित विभिन्न कॉस्मेटिक रिटेलर एजेंसी व फैंसी स्टोर्स में आवचक निरिक्षण किया गया। कालेक्टर महोदय द्वारा कॉस्मेटिक दुकान व फैंसी स्टोर्स में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद की जाँच के निर्देश दिया गया था। जिस पर औषधि विभाग द्वारा भाटापारा शहर के हुसैनी सेल्स एजेंसी, ओमीका कॉस्मेटिक एजेंसी, वंश कॉस्मेटिक स्टोर्स, बाबा गरीब दास जनरल स्टोर्स, मदीना बेंगल्स एवं फैंसी स्टोर्स, सुहागन फैंसी स्टोर्स, में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद की जाँच की गई। जांच के दोरान सभी कॉस्मेटिक स्टोर्स से स्वंदर्य प्रसाधन समाग्री का गुठवत्ता जाँच हेतु नमूना लिया गया। जिसमें फेस पावडर, फेस क्रीम, फेयर नेस क्रीम, बॉडी लोशन, टल्क पाउडर, हेयर पाउडर एवं क्रीम का नमूना ले कर राज्य जाँच प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। निरिक्षण के दोरान सभी कोसमेटिक स्टोर्स से क्रय विक्रय का रिकॉर्ड लिया गया।

प्रयोगशला में जाँच के पश्चात् नमूना आवमनक या स्टैण्डर्ड क्वालिटी की नहीं पाए जाने पर दुकानों के मालिकों व निर्माता कंपनीयो पर औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 के तहत कार्यवाही किया जाइएगा। निरिक्षण के समय सभी कॉस्मेटिक दुकानों के प्रोपरिटर को पके बिल में सामान खरीदने के निर्देश दिया गया। औषधि विभाग द्वारा नकली कॉस्मेटिक उत्पाद पर सतत निगरानी रखा जा रहा है जिसके लिए निरंतर नमूना जाँच जिला में किया जायेगा। निरिक्षण मे किशोर ठाकुर औषधि निरिक्षक, महेन्द्र साहू व ईश्वर यादव पुलिस आरछक सम्मिलित थे।

नगपा भाटापारा ने राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर नगर को गौरान्वित किया

भाटापारा। भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनको आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नई दिल्ली में स्मृति प्रदत कर सम्मानित किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपनेअपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए।

एक लाख के अधिक संख्या में वाले शहर मे भाटापारा नगपा प्रथम : गौरतलब है कि एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर के नगर पालिका के अंतर्गत भाटापारा नगर पालिका को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय सिंह बहादुर ने अपने निकाय की और से पुरस्कार ग्रहण किया गौरतलब है कि भाटापारा नगर पालिका छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बडी नगर पालिका है व चौथी बार भाटापारा निकाय को नगपा अध्यक्ष संगीता गुप्ता के कार्यकाल मे यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है जो की राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मिलना भाटापारा को गौरान्वित करने वाला पल रहा जो की भाटापारा नगर पालिका का अद्भुत इतिहास माना जा सकता।

मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक ने किया 251 पौधों का रोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वन महोत्सव के पर्व पर भारतीय स्टेट बैंक की गार्डन चौक स्थित मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय परिसर में स्टेट बैंक के सौजन्य से वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक आलोक रंजन एवं सहायक महाप्रबंधक सत्येंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में अतिथियों व छात्राओं ने मिलकर 251 विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस विशाल पौधा रोपण कार्यक्रम के अवसर पर उप महा प्रबंधक आलोक रंजन ने मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थीम एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेकर मातृशक्ति के इस परिसर कन्या महाविद्यालय में देवेंद्र दुबे ने एक सराहनीय कार्य किया है। स्टेट बैंक हमेशा से सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय, कॉलेज स्टाफ सहित एन सी सी व एन एस एस की छात्राओं ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ परिसर की सीमा में पौधे लगाकर पौधे लगाओ हरियाली लाओ का संकल्प लिया। महाविद्यालय प्रबंधन ने भी पौधों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति बैंक प्रबंधन को आश्वस्त किया। इस अवसर पर स्टेट बैंक के देवेंद्र कुमार दुबे,सोनम कुमारी,इंद्रप्रकाश सिंहल, दीपेंद्र वर्मा, संपत गनती, राजन कुमार, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक रोशनीलता राकेश,सुषमा दीवान, सूर्यकांत साहू,क्रीड़ा अधिकारी सुलेखा राउत,जन भागीदारी समिति के पूर्व सदस्य प्रो एस एम पाध्ये व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

टिकुलिया उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण में अनियमितता, नाराज ग्रामीणों ने जताई कार्यवाही की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी होती है स्वास्थ्य एवं उसका रक्षण होती है सबसे बड़ी प्राथमिकता,हर इंसान द्वारा यही प्रयास रहता है कि उसका स्वास्थ्य संरक्षित रहे एवं स्वस्थ रहे,सरकार की भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ मे सबसे महत्वपूर्ण योजना स्वास्थ्य संबंधी योजना ही होती है,और इस दिशा मे निरंतर विभिन्न योजनाओ के माध्यम से क्रियान्वयन की भी झलक मिलती है। इसके लिए वर्ष दर वर्ष बजट मे अभिवृद्धि के भी दृश्य दिखाई देते है,और विभिन्न आयामों के जरिए जन जन तक स्वास्थ्य सेवा पंहुचाने का प्रयास भी नजर आते है।

उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना का आयाम : स्वास्थ्य सेवा दूरस्थ गांवों तक भी पंहुचे एवं प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा ग्रामीणों को गांव मे ही प्राप्त हो इसके लिए गांवों मे उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गतिविधि निरंतर जारी है,इसी कड़ी मे भाटापारा के निकट ग्राम टिकुलिया मे भी उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का कार्य चल रहा है,जानकारी मिली है कि लगभग एक वर्ष से निर्माण कार्य जारी है,लेकिन इस उप स्वास्थ्य केंद्र के साथ विडम्बना जुड़ती हुई प्रतीत हो रही है एवं निर्माण के पूर्व ही यह विवादों मे घिरती हुई नजर आ रही है,तथा इस निर्माण को लेकर ग्रामीणों के बीच सुकुन एवं संतुष्टि के ऐहसास नहीं वरन आक्रोश एवं पीड़ा के स्वर सुनाई दे रहें है।

गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल

गांव में अस्पताल का निर्माण जहां खुशी एवं उपलब्धि का विषय बनती इसके उलट यह पीड़ा एवं आक्रोश का विषय बनती हुई प्रतीत हो रही है, ग्रामीण सीधे तौर पर इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहें है, उनका कहना है कि निर्माण मे घटिया सामाग्री का उपयोग किया जा रहा है एवं निर्माण की प्रक्रिया भी अनियमितता से भरी हुई है, जिसके चलते उक्त भवन की मजबूती को लेकर भी संदेह जताते हुए ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थय जैसे महत्वपूर्ण प्रकल्प के लिए जिस लापरवाही से भवन निर्माण किया जा रहा है वह इस प्रकल्प को ही जोखिम मे डालता हुआ प्रतीत हो रहा है, ग्रामीणों का कहना है कि इलाज के लिए बनाया जा रहा यह भवन स्वंय बीमार प्रतीत हो रहा है।

बजट 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास के लिए 6922 करोड़ रुपए का प्रावधान

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

2024-25 का बजट दिनांक 23 जुलाई 2024 को संसद में पेश किया गया था। इसी परिपेक्ष्य में रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, नई परियोजनाओं, कार्यो एवं मदों के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। रेलवे के लिए जारी की गई बजट प्रावधान में मुख्यतः औद्योगिक विकास को बढ़ावा, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़भाड़ को कम करना एवं मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम बनाने पर ज़ोर दिया गया है। इसी तारतम्य में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेसवार्ता को संबोधित कर रेलवे के लिए जारी की गई बजट प्रावधान की जानकारी दी। इस दौरान बिलासपुर मुख्यालय, रायपुर एवं नागपुर मण्डल कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारगण उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास के लिए 6922 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कि वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आबंटित औसत 311 करोड़ रुपये से 22 गुना अधिक है।

15 अगस्त तक नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे

70 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 अगस्त तक किया जा सकता है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों के नवीनीकरण 15 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही है। अब तक कुल 70 लाख 26 हजार 106 राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है, कुल हितग्राही 71,329 हितग्राहियों में से 71,109 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,136 हितग्राहियों में से 35,790 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला जहां 78,703 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपना नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकतें है।

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा। इसके पश्चात् उचित मूल्य दुकान के ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते है। विदित हो कि राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

विधानसभा में मुख्यमंत्री साय से रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने मुलाकात की। राजनांदगांव से आए रॉयल किड्स कॉन्वेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से भी मुलाकात की। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने पहली बार विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जिज्ञासा वश कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री साय ने छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का राजनीति और सरकारी कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही और उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष महंत ने विद्यार्थियों को राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व पर बल दिया। यह भम्रण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक यात्रा साबित हुआ, जिसमें उन्होंने न केवल विधानसभा की कार्यवाही को देखा, बल्कि प्रदेश के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करने का अवसर पाया।

बस्तर के हरा सोना संग्राहकों को बैंक मित्र एवं बैंक सखियों से सीधे मिल रही पारिश्रमिक राशि

तेंदूपत्ता सीजन 2024 में 36 हजार से अधिक संग्राहकों को 12 करोड़ रुपए से ज्यादा पारिश्रमिक राशि का हो रहा भुगतान

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर अंचल में तेंदूपत्ता को हरा सोना माना जाता है,जो वनांचल के संग्राहकों की अतिरिक्त आय का मुख्य जरिया है। गर्मी के दिनों में जब ग्रामीणों के पास न तो खेतों में काम होता है और न ही घर में कुछ काम, तब इसी तेंदूपत्ता यानी हरा सोना का संग्रहण उन्हें मेहनत एवं संग्रहण के आधार पर भरपूर पारिश्रमिक देता है। वनांचल में रहने वाले ग्रामीणों के लिये तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा की दर में हुई वृद्धि भी खुशियां जगा दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा राशि 5500 रुपए किए जाने के बाद संग्राहकों में अपार खुशी है। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि स्थानीय स्तर पर बैंक सखियों के माध्यम से भुगतान होने के फलस्वरूप विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के संग्राहकों को बहुत सहूलियत हो रही है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के अंदरूनी ईलाके के संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि का भुगतान बैंक मित्र और बैंक सखियों के माध्यम से किया जा रहा है। तेंदूपत्ता सीजन 2024 में संग्रहित तेंदूपत्ता का 36 हजार 229 संग्राहकों को 12 करोड़ 43 लाख 95 हजार 749 रुपए पारिश्रमिक राशि अपने गांव के बैंक मित्र एवं बैंक सखियों द्वारा की जा रही है। लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम कुथर के तेंदूपत्ता संग्राहक आयतू और बैसू तेंदूपत्ता संग्रहण कर उसे समिति में बेचने का कार्य वर्षों से कर रहे हैं। एक सीजन में तीन से पांच से आठ



हजार रूपए तक कमाई करने वाले इन संग्राहकों का कहना है कि वे सुबह से शाम तक पत्ते तोड़कर उसे गड्डी तैयार करते हैं, फिर फड़ में ले जाकर विक्रय करते हैं। उनका अधिकांश समय वन में ही गुजरता है। मुख्यमंत्री द्वारा 04 हजार रूपए प्रति मानक बोरा राशि की दर को 05 हजार 500 रूपए किए जाने पर खुशी जताते हुए बैसू ने कहा कि इससे उसके जैसे अनेक संग्राहकों को अच्छा लाभ मिला है। दरभा ब्लॉक के ग्राम पखनार की रहने वाली संग्राहक मासे मंडावी एवं सुकली मंडावी का कहना है कि वह कई साल से तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य कर रही है। संग्राहकों के हित में 4000 की राशि 5500 रूपए प्रति मानक बोरा होने पर गरीब संग्राहकों को इससे फायदा होने की बात कही। बकावंड ब्लॉक के डिमरापाल निवासी सुकरी नेताम ने बताया कि वह खेती-किसानी के साथ-साथ तेंदूपत्ता संग्रहण का काम कई वर्षों से कर रही हैं। गांव में तेंदूपत्ता संग्रहण से गर्मी के दिनों में कुछ कमाई हो जाती है। एक-एक पत्तों को तोड़कर बण्डल बनाने में मेहनत लगता है। शासन ने संग्राहकों के परिश्रम का महत्व को समझते हुए राशि बढ़ाई है जो सराहनीय है।इन ग्रामीण संग्राहकों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति मानक बोरा दर 4000 रुपए से बढ़ाकर 05 हजार 500 रूपये किए जाने से संग्राहकों को राहत मिल रही है। बकावंड डिमरापाल के संग्राहक सैयतो यादव ने बताया कि गांव के पास ही मरहान और जंगल है। आसपास के क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण आसानी से हो जाता है। तेंदूपत्ता संग्रहन से राशि मिलती है तो घर-परिवार की जरूरतें होती है। यह ग्रामीण संग्राहकों के लिए अतिरिक्त आमदनी का मुख्य जरिया है। इस प्रकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति मानक बोरा दर में वृद्धि से जिले के वनांचल में रहने वाले सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों को सुखद अनुभूति हुई है। बैंक मित्र पखनार रामो कुंजाम ने बताया कि वह ईलाके के 05 ग्राम पंचायतों के 250 से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि का भुगतान कर चुके हैं। वहीं लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के कस्तूरपाल के बैंक मित्र सामू कश्यप ने 50 से अधिक संग्राहकों तथा बस्तर विकासखण्ड के भानपुरी की बैंक सखी जमुना ठाकुर ने 56 से ज्यादा संग्राहकों को भुगतान किया है।

किरंदुल के वार्डों में पानी सप्लाई में जुटी नगर पालिका की टीम

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में रविवार में आई बाढ़ ने कई लोगों को बेघर कर दिया।वहीं सड़को घरों में मलबा दबा हुए हैं। जिसे एनएमडीसी और नगर पालिका द्वारा साफ करवाया जा रहा हैं। बाढ़ के दौरान नगर पालिका की पाइपलाइन भी टूट गई थीं। जिसके बाद से नगर के कुल 09 वार्डों में पानी सप्लाई ठप हैं। फिलहाल नगरपालिका द्वारा टैंकर के माध्यम से वार्डों में पानी पहुंचाया जा रहा हैं। इसके साथ ही गुरुवार को भारी बारिश के बीच पाइपलाइन को दुरुस्त करने नगरपालिका कर्मचारी जुटे हुए हैं। पायनियर का टीम द्वारा ग्राउंड ज़ीरो पर पहुंचकर कवरेज की गई। नगर पालिका राजस्व अधिकारी डी एस साहू ने बताया कि पाईपलाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर हैं एवम कल से वार्डों में पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी। मौके पर नरेश साहू बुधमन नेताम,अंकालू नेताम, सुमन पटेल, बलराम एवम नगरपालिका कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे रहें।

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना द्वारा आपदा पीड़ितों को की गई कपड़ा वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना द्वारा 179 आपदा पीड़ित प्रत्येक परिवार को 20 हज़ार रुपये चेक प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से एनएमडीसी अधिकारी कर्मचारी लगातार राहत व बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं।एनएमडीसी सीजीएम संजीव शाही,डीजीएम बी के माधव के मार्गदर्शन में गुरुवार सुबह एनएमडीसी परियोजना द्वारा आपदा पीड़ितों को कम्बल, महिलाओं के लिए वस्त्र एवम पुरुषों के वस्त्र वितरण किए गए।इसके अलावा एनएमडीसी द्वारा

टैंकर के माध्यम से पेयजल व्यवस्था करवाने के साथ ही गर्म भोजन पीड़ितों को उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। कपड़ा वितरण के दौरान डी पी मिश्रा, संजीव दास, नजमुल हक, जितेन्द्र गुप्ता, रविंद्र सोनी, बबीता गिरी, रिंकू राजवंशी उपस्थित थे।

सहायक शिक्षक समग्र, शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई कोंडागांव के द्वारा आज अपनी विभिन्न समस्याओं पर ध्यानाकर्षण करने कोंडागांव जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष शंकर लाल नेताम ने ज्ञापन के संबंध में जानकारी दिया जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अर्जित अवकाश 10 दिन की पात्रता हैं जिसे आदेश जारी करने, सहायक शिक्षक एल.बी.,ई.एवं टी संवर्ग का त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने, प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति प्रदान करने, जी.पी.एफ. पासबुक का सुधारण करने, वर्षों से

अधिकारी के हस्ताक्षर रहित सेवा पुस्तिका का जांच एवं हस्ताक्षर करने हेतु जिला के सभी संवितरण अधिकारियों को आदेशित करने, परीक्षा अनुमति के लिए दिए गए। आवेदनों जो कि, लिपिक के लापरवाही के कारण समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण से परीक्षा अनुमति नहीं मिल सकी थी, उन्हें परीक्षा अनुमति प्रदान करने, कुछ कर्मचारियों के द्वारा त्रुटिवश परीक्षा अनुमति नहीं ली गई थी, उन्हें कार्योतर अनुमति प्रदान करने। सेवा पुस्तिका का स्थानीय संपरीक्षक कार्यालय और कोष लेखा कार्यालय जगदलपुर से सत्यापन करने आदेशित करने। प्राथमिक शाला के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त करने और समस्त संवर्ग शिक्षकों के पदोन्नति के पश्चात ही अतिशेष शिक्षकों को युक्ति युक्तकरण करने संबंधी समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान प्रांतीय सचिव शेषनाथ पांडे, जिला सचिव गुलेंद्र पटेल, ब्लाक अध्यक्ष बड़ेराजपुर मानसाय मरकाम उपस्थित रहे।

खेल दिवस पर बच्चों ने किया योग और नृत्य

कोण्डागांव। प्रधानमंत्री प्राथमिक शाला डिपो पर कोंडागांव में शिक्षा सप्ताह के तहत खेल दिवस का आयोजन किया गया। 24 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को खेल के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में बताया गया साथ ही खेल दिवस के दौरान, बच्चों ने योग का अभ्यास किया और विभिन्न खेल सामग्री के साथ कक्षा में खेल खेले। इन खेलों में सांप सीढ़ी, लूडो, अल्फाबेट जोड़ना आदि शामिल थे। खेलों के साथ-साथ बच्चों ने नृत्य का भी आनंद लिया, जिससे उनके बीच उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा।

बस्तर जिला प्रशासन द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिला प्रशासन द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को बुधवार शाम आत्मीय विदाई दी गई। इस दौरान नवपदस्थ कमिश्नर बस्तर डोमनसिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दराज पी., डीआईजी कमलोंचन कश्यप, केएल ध्रुव, कलेक्टर विजय दयाराम के., एसपी शलभ सिन्हा सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा डीएफओ मौजूद रहे। आरंभ में सभी अधिकारियों ने निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। वहीं नवपदस्थ कमिश्नर डोमनसिंह को पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान बस्तर जिला प्रशासन परिवार द्वारा निवृतमान कमिश्नर धावड़े को स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें नवीन पदस्थापना और नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा अभी हाल ही में निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को प्रबन्ध संचालक छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारपोरेशन नियुक्त किया गया है। विदाई कार्यक्रम में अपनी सहज अभिव्यक्ति में निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े ने बस्तर की सेवाओं को साझा करते हुए कहा कि बस्तर की पदस्थापना ने बस्तर को समझकर सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक एवं कार्यकर्ता धन्यवाद कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक एवं कार्यकर्ता धन्यवाद का वृहद कार्यक्रम आज बचेली मंडल में संपन्न किया गया मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी बचेली मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री संतोष गुप्ता की उपस्थिति में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत हासिल कर केंद्र में फिर से एक बार मोदी की भाजपा सरकार बनने की खुशी में मंडल बचेली के कार्यसमिति का और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करने के लिए ये कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया जिसके बाद देश के प्रधानमंत्री के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने पर उनके लिए संगठन की और से बधाई संदेश को अमलेंदु चक्रवर्ती द्वारा सभी के समक्ष रखा गया वही राष्ट्रपति जी के अभीवाशन को पूर्व

मंडल अध्यक्ष अर्जुन भास्कर द्वारा सभी के समक्ष रखा गया वही मुख्य अतिथि व मंडल प्रभारी द्वारा होने वाले आगामी नगर पालिका चुनाव में जीत दिलाने को लेकर समस्त कार्यकर्ताओ में जोश भरा गया मुख्य अतिथियो द्वारा विपक्ष में रहकर बचेली मंडल से विधानसभा व लोकसभा में लीड दिलाने के लिए कार्यकताओं के साथ बचेली भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित सरकार को बधाई दिया गया व कार्यकताओं का श्रीफल व पटका पहनाकर सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे पूर्व पालिका अध्यक्ष पिंटू राम उइके , पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र अधिकारी , भाजपा मंत्री उषा किरण पात्रे , मंडल महामंत्री कामो कुंजाम , राजू जयसवाल , पुष्पा सिंह , राजकुमारी शिंदे , अरुणा टण्डन , किरण भदौरिया , लक्ष्मी पाणी , राजश्री मंडावी , भानमती साहू ,शीला साहू , अनुसुइया भोपले , हरीश शर्मा , विक्रम अग्रवाल , नीलेश पटले , मनोज सिंह , शयमलाल सेठिया , सुदीप्ता शेखर मंडल , धनसिंग नाग , गणेश वर्मन , कलिंग पाणिग्रही , अरिहंत जैन , हनुमान महेश्वरी अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे

कार्यक्रम के अंत मे जिला महामंत्री संतोष गुप्ता द्वारा देश के बजट को लेकर बताया की बजट किसान , महिला ,युवा सभी को ध्यान में रख कर बनाया गया है जो देश को मजबूत बनाने में कारगर साबित होगा जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं।

ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने और सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने एवं सड़क सुरक्षा व घुमंतु मवेशियों पर नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मुख्य मार्ग के ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं कोटवारों की बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का उचित निपटान हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित सेग्रीगेशन शेड युक्त ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण एवं पृथ्ककरण को बढ़ावा देने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के सचिवों को निर्देशित किया गया। मिशन अंतर्गत स्वीकृत शेष निर्माण कार्यो सेग्रीगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय, सोख्ता गड्ढा एवं नाडेप को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर ग्रामों में स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने नेशनल हाईवे एवं अंर्तराज्यीय सड़क मार्ग पर घुमंतु मवेशियों पर नियंत्रण करने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रथम चरण में 58 लोगों को मिलेगा शासकीय नौकरी

नक्सल पीड़ित परिवारों के परिजनों को मिलेगा अनुकंपा नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

नक्सली हिंसा में मृतक के परिजनों को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुई।जिसमें कुल 58 पात्र आवेदकों को प्रथम चरण में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। पूर्व में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 19 जुलाई तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। जिसे तिथि में पुनः वृद्धि करते हुए 24 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई। उक्त तिथियों में प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए समिति के निर्णय के आधार पर विभिन्न विभागों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति हेतु अंतिम रूप से 58 आवेदक प्रथम

चरण में पात्र पाए गए हैं, 2015 के बाद यह नियुक्ति दी जा रही है।30 जुलाई 2024 को आवेदकों की कौसलिंग इन्द्रावती सभाकक्ष में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने आवश्यक जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीईओ रमेश निषाद, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, पुलिस उप अधीक्षक तुलसीराम लेकाम, सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी, सहायक आयुक्त आदिवासी डॉ. आनंद सिंह, सहित जिला पुनर्वास समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

बस्तर विश्वविद्यालय अध्ययन शाला के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 31 जुलाई तक मिलेगा प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा पहली बार अपने विश्वविद्यालय के अध्ययन शाला में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीए, बीएससी, बीकॉम सहित एमए, एमएसी एवं एमकॉम में सीधे प्रवेश की सुविधा प्रदान किया जा रहा है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं न्यूनतम 975 रुपए शुल्क में ग्रेजुएशन और 3650 रुपये के शुल्क में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। जिसमें कोई भी छात्र-छात्रा सीधे विश्वविद्यालय आकर 31 जुलाई 2024 तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी विश्विद्यालय की वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://ह्यद्बद्म1ड्डड्डह्य-ह्लड्डह्.ड्ड.द्बठ्ठ पर देखी जा सकती है। बस्तर अंचल के अंदरूनी ईलाके के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से अलग-अलग छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही छात्र-छात्राओं की अध्ययन के प्रति रूझान को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए 24म7 लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 87122-27321 या 87122-29289 अथवा ई-मेल helpçesk@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय को 20 नवीन शिक्षण विभागों में 33 नवीन स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है। साथ ही भारत सरकार द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय को पीएम उषा (मेरु) बहुविषयी शिक्षा एवं शोध योजनांतर्गत अनुदान भी स्वीकृत किया गया है। उक्त प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विश्वविद्यालय को बहुविषयक शिक्षा आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन एवं सभी अध्ययनशाला में महत्वपूर्ण विषयों पर शोध को भी प्रारंभ किया गया है। बस्तर यूनिवर्सिटी मेरू विश्वविद्यालय होने के कारण सम्पूर्ण बस्तर अंचल के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के युवाओं को अपने अध्ययनशाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं युवाओं के रुचिकर व्यवसाय एवं रोजगार चुनने का अवसर प्रदान करना चाहता है। लेकिन वर्तमान में बस्तर क्षेत्र की उच्च शिक्षा में ग्रास इनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) लगभग 11 प्रतिशत है, जो कि बहुत कम है। इसे मद्देनजर रखते हुए नवपदस्थ कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बस्तर विश्वविद्यालय के उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सभी शासकीय एवं गैर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में सत्र 2023-24 के तहत कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में कक्षा बारहवी उत्तीर्ण करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में प्रवेश हेतु मार्गदर्शन कर उच्च शिक्षा हासिल करने हेतु प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं।

राष्ट्रपति से शिकायत पर सांठ-गांठ अधिकारियों के जांच से फरियादियों की आखरी उम्मीद भी चकना चूर

नितिन गडकरी की क्वालिटीदार राष्ट्रीय राजमार्ग देने की मंशा पर एनएच के इंजीनियर, एसडीओ, ईई और ठेकेदार लगा रहे भ्रष्टाचार का ग्रहण

नितिन गडकरी से शिकायत

जिला प्रशासन भी अवगत

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देवभोग से मंदागमुड़ा तक के 76 करोड़ की गुणवत्ताहीन 130 एनएच सड़क निर्माण के खिलाफराष्ट्रपति की ओर से कार्यवाही होने की आखरी उम्मीद भी जांच अधिकारियों के सांठ गांठ से चकना चूर हो गया है क्योंकि जांच के नाम सिर्फ़ और सिर्फ़ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया जा रहा है उल्लेखनीय हो कि खुटगांव देवभोग से लेकर मदांगमुड़ा तक करीब 76 करोड़ की लागत से 130 राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कराया जा रहा है जहा इंजीनियर एसडीओ और ईई के गैर मौजुदगी से ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा भर्राशाही को जमकर अंजाम दिया जा रहा है जिसका नतीजा वर्तमान में ही उखड़ता सड़क को देख सामने आ रहा है इसके साथ मिट्टी और रोलर पर भी कांटामारी के चलते सड़क दबने और उखड़ने लगा है जिसे देख कलेक्टर केंद्रीय मंत्री तक शिकायत दर्ज किया गया लेकिन कार्यवाही नही होता देख चमार पात्र ने अंतिम उम्मीद राष्ट्रपति से शिकायत करते जांच एवम् कार्यवाही की गुहार लगाया रहा जिसके बाद पखवाड़े भर पहले जांच टीम देवभोग पहुंची लेकिन अब तक ना जांच का पता है और ना कार्यवाही का सूत्रों के तो यह भी कहना है की जांच में शामिल अधिकारी ज्यादातर ठेकेदार के पक्ष में बात करते नियम कानून का हवाला देते रहें ताकि शिकायतकर्ता को गुमराह कर जांच और कार्यवाही को रफा दफा किया जा सकें सबसे खास बात झाराबहल के मुख्य मार्ग पर एनएच सड़क की भ्रष्टाचार काम आइना की तरह साफ साफदिखाई पड़ रहा है इसके अलावा दबती सड़क और माफ्दंड विपरीत निर्माण नाली भ्रष्टाचार की गवाही चीख चीख कर दे रहा है जिसे देखकर भी अधिकारी अनदेखा करते लौट गए जिसका प्रमुख कारण ठेकेदार से सेटिंग होने का आरोप भी लगाया जा रहा है लेकिन यह सेटिंग का खमियाजा आने वाले चंद महीनों बाद हजारों राहगीरों को खस्ताहाल एनएच सड़क पर आवागमन कर चूकना होगा।

इंजीनियर एसडीओ मुस्तैद नहीं ठेकेदार कर्मचारी के भरोसे काम

सबसे खास बात तो यह की जिस साइड इंजीनियर की मौजूदगी में नियमानुसार काम होना चाहिए वह जिम्मेदार इंजीनियर एसडीओ लगभग गायब रहे ऐसे में पुरा 130 एनएच सड़क ठेकेदार के कर्मचारियों के भरोसे निर्माण हो रहा है तभी सड़क की खोदाई से लेकर मैटेरियल मे जमकर कांटामारी करने की बात कही जाती हैं जानकारों की माने बीते 2022 जून जुलाई से 130 एनएच सड़क निर्माण शुरू हुआ तब से लेकर आज पर्यंत बमुश्किल 60 भी इंजिनियर नही पहुंचाने की आरोप लगाते हैं हालांकि यह आरोप एनएच सड़क की हालत देख सही की ओर इशारा भी करता है इसलिए मंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक शिकायत दर्ज कराते कार्यवाही की मांग होती रही मगर अफ़सोस की बात की देश के केंद्रीय परिवहन सड़क मंत्री और राष्ट्रपति तक शिकायत होने के बाबजूद कोई कार्यवाही नही हो पाया

स्कूली बच्चों को राहत दिलाने मांग

जिस तरह गांधी चौक विश्राम गृह और फोकटपारा तक सड़क कीचड़ में तब्दील हुआ है उससे स्कूली छात्र छात्रा काफी ज्यादा परेशान हैं क्योंकि वाहनों से छींटा कपड़ा को गंदा कर देता जिसके चलते आय दिन ड्रेस की धुलाई करनी पड़ती हैं ऐसे में कीचड़ से निजाद दिलाने स्थानीय लोग कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन देने की तैयारी भी चल रही है ताकि बच्चो के साथ साथ आम राहगीरों को भी सहुलियत मिल सके

प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हुई नपा अध्यक्ष हुई चोटिल

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा राज्य में बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यबस्था नकली बीज, अमानक खाद विक्रय आदि अन्य मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुई। प्रदर्शन में सभी कांग्रेस नेताओं द्वारा केवल 6 महीने में ही कृषि, कानून व्यवस्था आदि सभी क्षेत्रों में सरकार की नाकामी को कोसा व राज्य के जनमानस की अपेक्षा में खरे ना उतरने पर सरकार की निंदा की। संबोधन के उपरांत विधानसभा मार्च पर नपा अध्यक्ष ने बेरिकेट लांघने की कोशिश करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा नपा अध्यक्ष के साथ धक्क मुक्की की गई। धक्का मुक्की में हुए भगदड़ के दौरान नपा अध्यक्ष महिलांग पैर में चोट लगी जिसके चलते उन्हें सहारे से मंच स्थल तक लाया गया। पश्चात निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा गया। नपा अध्यक्ष ने उक्त शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर राज्य शासन द्वारा किए गए पानी बौछार व अन्य रुकावट को जमकर कोसते हुए कहा कि जिस राज्य में मातृ शक्ति सुरक्षित नही है व लोकतंत्र में विपक्षियों के प्रदर्शन को कुचला जाता वह सरकार राम राज्य व विकास के बड़े दावे करती है जबकि दावो के धरातल की सच्चाई कुछ अलग ही है। महिलांग ने कहा कि सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के खिलाफ यह आंदोलन पूरे राज्य में शांतिपूर्ण रूप से जारी रहेगा। कांग्रेसजनों का जनहित में संघर्ष जारी रहेगा। नपा अध्यक्ष महिलांग के साथ प्रदर्शन करने वालो में प्रमुख रूप से अरिश अनवर, नीरज परोहा, ईशा टंडन, सोनम रामटेके, सगनजोत सिंघ, रोहित गुरुदत्ता, सोहेल खान, यश चावला, मेहुल, पूरब देवांगन, लता चंद्राकर, माया पाण्डेय सहित अनेको संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

महासमुंद के राजेश जैन बने, हरियाणा लाडवा विधानसभा चुनाव के चुनाव प्रभारी

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली में 13 जुलाई 2024 को अखिल भारतीय किसान समिति संघ की विशेष बैठक आहूत की गई है, जिसमें आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा उपरांत जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौपते हुये पदांकन नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के जिला महासमुंद से हरियाणा के लाडवा विधानसभा चुनाव प्रभारी के रूप में राजेश जैन को नियुक्त किया गया है। लाडवा विधानसभा चुनाव प्रभारी राजेश जैन हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा किसान कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ मिलकर चुनाव मोर्चा को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। साथ ही जैन को आव्हान करते हुये कहा गया कि, आप अखिल भारतीय किसान कांग्रेस को पुनर्जीवित करने और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हमेशा तत्पर रहेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहूल गांधी, सुखपाल सिंह खैरा, अखिलेश शुक्ला की मौजूदगी लाडवा विधानसभा चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रभारी बनने पर शुभकामनाएं व्यक्त किये है। साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, दाऊलाल चंद्राकर, अभिषेक मिश्रा, यागेन्द्र पांडे, राजेश पांडे एवं छत्तीसगढ़ के समस्त कांग्रेसजनों ने राजेश जैन को आभार व्यक्त जाहिर करते हुये शुभकामनाएं दी है।

परमात्मा और भक्त का तथा गुरु और शिष्य का मन मिलना चाहिए : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर म.सा. ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि मैं आत्मा हूँ। मुझे कभी लोभी कभी कामी तो कभी वैरागी की उपमा दी गई और यह सब मेरे अपने कर्मो के आधार पर होता है। इन सबके बाद भी आत्मा का कर्म से कोई संबंध नहीं होता। जिस दिन ये आत्मा कर्मो से अलग हो जाएगी उस दिन मोक्ष को प्राप्त कर लेगी। हम कभी भी जैसे ही आत्मा को याद करे हमे हमारी आत्मा याद आनी चाहिए। संसार में तीन प्रकार के लोग होते है भाग्यशाली, सौभाग्यशाली और दुर्भागी भाग्यशाली - जिसे वस्तुए व्यक्ति और परिस्थिति अपनी अनुकूलता से मिले अर्थात अपने अनुकूल मिले उसे भाग्यशाली कहते है। सौभाग्यशाली - जिस मनुष्य की यह इच्छा होती है कि उसे जो वस्तुए व्यक्ति और परिस्थिति प्राप्त हुई है उसका अपनी आत्मा के विकास में उपयोग करे या उसका उचित उपयोग करे, वह सौभाग्यशाली होता है और जो प्रात वस्तुए व्यक्ति और परिस्थिति का अनुचित उपयोग करता है वह दुर्भागी होता है जो उपकारी के निकट या निश्रा में रहते है वो बड़े भाग्यवान होते है। हमारे दिल में परमात्मा रहे ये सामान्य बात है लेकिन हम परमात्मा के दिल में रहे ये महत्वपूर्ण बात हो जाती है। दो लोग जब एक साथ रहे और उस परिस्थिति में एक बोले और दूसरा समझ जाए तो कहते है दोनो का मन मिलता है। ऐसे ही परमात्मा और भक्त का तथा गुरु और शिष्य का मन मिलना चाहिए। वो समझ किसी काम की नहीं रह जाती जो समय निकलने के बाद आती है। क्योंकि समझ के लिए समय तत्व महत्वपूर्ण होता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

खरेंगा 1,2 जेपीजी फोटो है।

धमतरी 24 जुलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास व समझ विकसित करने की दृष्टि से उन्मुखीकरण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद सभा में आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना ध्येय गीत से किया गया। अतिथि स्वागत व परिचय कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र व यशस्वी शेष नारायण ललेंद्र देविका तुलसीस्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता युवा नेतृत्व पीतांबर सिन्हा प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो शासकीय महाविद्यालय कंडेल, विशेष अतिथि संजय पवार प्राध्यापक कैरियर गाइडेंस काउंसलर शासकीय महाविद्यालय कंडेल, लोकेश साहू संचालक फ्रीडम अकैडमी धमतरी, भूपेंद्र दास मानिकपुरी युवा कार्यक्रम अधिकारी नेहरू युवा केंद्र धमतरी ए वैध प्राचार्य, एम वर्मा व्याख्याता थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी नारायण गजेंद्र के द्वारा कार्यक्रम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात मुख्य वक्ता पीतांबर सिन्हा के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, लक्ष्य ,इतिहास, गीत व कार्यक्रम, वार्षिक गतिविधियों व्यक्तित्व विकास करने के प्रमुख आयाम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व के विकास के साथ ही साथ स्वयंसेवकों के मन में देशभक्ति, समाज के प्रति संवेदना प्रभावित प्रकट करती है। समाज शिक्षा व शिक्षा के माध्यम से समाज की उन्नति की बात करती है। संजय पवार ने कहा उठो जागो तब तक ना रुको जब तक सफलता प्राप्त न हो जाए, सफलता अनुशासन वह मेहनत मांगती है। लोकेश साहू ने कहा अग्निवीर व आर्मी जॉइन करना कैरियर के लिए विकल्प है। भूपेंद्र दास मानिकपुरी ने कहा अनुशासन, समय प्रबंधन, नैतिकता बुजुर्गों का आशीर्वाद यही आपकी बहुत बड़ी पूंजी है और यही युवा शक्ति है। उद्बोधन के पश्चात वरिष्ठ स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इनमें प्रमुख है कामेश भारती, मनोरमा नेताम नेहा कमलेश अंगूम धनंजय सोनिया डालिमा धर्मेंद्र। आभार कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र द्वारा किया गया संचालन चक्रधारी व तुलसी साहू द्वारा किया गया।

केन्द्र सरकार का बजट गरीब हितैषी है : पार्षद रवि सेन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट पेश किया है। इस बजट को लेकर तिल्दा-नेवरा के भाजपा पार्षद रवि सेन ने मोदी सरकार के दुरदर्शी सोच व वर्ष 2024 तक भारत को विकसित बनाने के वास्ते यह एक बड़ा कदम बताया है। अर्बन हाउसिंग के लिए योजना, न्यूक्लियर एनर्जी, सोलर एनर्जी, युवाओं के लिए योजना है, ई पी एफ ओ एक करोड़ युवाओं को इनार्नशीप चार करोड़ युवाओं को सीधा लाभ पहूचाने हेतु एक बड़ा कदम है ।इस बजट से आदिवासी व ग्रामीण जनों के हित के लिए बेहतरीन मार्ग है। बजट में युवाओ, महिलाओं के अलावा हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम मिलेगा। पार्षद रवि सेन ने इस बजट को गरीब हितैषी बताया है, उन्होंने केन्द्र सरकार को धन्यवाद प्रेषित किया है।

अलग-अलग जगहों पर सट्टा खेला रहे तीन सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा खेलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा तीन अलग-अलग जगहों पर तीन सटोरियों को सट्टा पट्टी सहित सट्टा लिखते कोतवाली पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित यादव पिता दीपक यादव उम्र 32 वर्ष साकिन पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी द्वारा पोष्ट ऑफिस वार्ड धमतरी में आम जगह पर लोगों को सट्टा पट्टी नामक जुआ अंकों में लिखकर रुपए पैसे की हार जीत की दांव लगाकर जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए जिनके पास से 26200.रूपये नगदी, एक नग विभिन्न अंकों के आगे पैसा लिखा हुआ, 01 नग डाट पेन जप्त किया गया। अलबख्स खान उर्फ पिंटू खान पिता राम विलास निर्मलकर उम्र 42 वर्ष साकिन कोष्टापारा धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी द्वारा कोष्टापारा धमतरी में आम जगह पर लोगों को सट्टा पट्टी नामक जुआ अंकों में लिखकर रुपए पैसे की हार-जीत की दांव लगाकर जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए जिनके पास से 800 रूपये नगदी, एक नग विभिन्न अंकों के आगे पैसा लिखा हुआ, 01 नग डाट पेन जप्त किया गया। मनीलालसोनी पिता गजाधर सोनी उम्र 72 वर्ष साकिन हरफतराई द्वारा इतवारी बाजार के पास धमतरी में आम जगह पर लोगों को सट्टा पट्टी नामक जुआ अंकों में लिखकर रुपए पैसे की हार जीत की दांव लगाकर जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए जिनके पास से 1500 रूपये नगदी, एक नग विभिन्न अंकों के आगे पैसा लिखा हुआ 01 नग डाट पेन जप्त किया गया। तीनों सटोरिये के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 06 (क) जुआ एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है एवं तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

भाजपा गंगरेल मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व के निर्देशन में गंगरेल मंडल की बैठक ग्राम रुद्री के यादव समाज भवन में मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नेहरू निषाद के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ जो मंडल के बैठक प्रभारी भी रहे। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान करके प्रारंभ की गई बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात पार्टी के पुरोधा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर भी माल्यार्पण हुआ। अतिथियों के सम्मान के पश्चात मंडल अध्यक्ष उमेश साहू के द्वारा प्रस्तावना भाषण किया गया जिसमें उन्होंने मंडल में निवासरत सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का लोकसभा चुनाव में अचंभित कर देने वाला परिणाम पर बधाई प्रेषित करते हुए आने वाले स्थानीय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पंच, सरपंच, जिला सदस्य, जनपद सदस्य लाने पर जोर दिए। कार्यक्रम को संचालन कर रहे मंडल के महामंत्री नरेश यादव के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। फिर उपस्थित मोनिका देवांगन महिला मोर्चा महामंत्री ने देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति अभिभाषण पर अपनी बात रखी उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करी की भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो भारतीय संस्कृति के अनुसार महिलाओं के मान और सम्मान की रक्षा करती है। भारतीय जनता पार्टी की परंपरा रही है कि अंत्योदय स्तर के लोगों को ऊपर उठाना जिसके लिए भाजपा ने देश की आदिवासी समाज से साथ ही महिला वर्ग से राष्ट्रपति बना कर यह साबित कर दिया की भाजपा महिला हित के लिए काम करती है। उपस्थित ऋषभ देवांगन जिला कार्य समिति सदस्य ने कहा की जिस तरीके से विधानसभा लोकसभा में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर के एक अच्छा परिणाम लाने की दिशा में सफल हुए इस तरह लगातार आगे भी परिश्रम करते हुए हर सफलता को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किए जा रहे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच लाकर के योजनाओं को सफल करने की बात कही। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्य समिति बैठक में जो राजनीतिक प्रस्ताव पारित हुआ था उस प्रस्ताव को सभी कार्यकर्ताओं के साथ साझा करते हुए प्रस्ताव पारित कराई साथ ही समाज सेवा के क्षेत्रमें महिलाओं के साथ युवा वर्ग को भी लाने की बात कही। अंत में कार्यक्रम के प्रभारी नेहरू निषाद के द्वारा देश के भीतर दूसरी बार इंदिरा गांधी कार्यकाल के बाद यह पहली बार हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन किए साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किए। उन्होंने बताया कि देश की प्रधानमंत्री के द्वारा लगातार भारत को विश्व पटेल पर एक अलग पहचान देने में सफल हो रहे हैं और 2025 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में हम भारत में रहेंगे जिसकी बधाई उन्होंने सभी को दिए। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम रुद्री के उप सरपंच प्रीतम साहू के द्वारा कार्यक्रम आभार करके समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय गार्डिया सोशल मीडिया प्रभारी गंगरेल मंडल ,राहुल मानिकपुरी, जनपद सदस्य रूपाली ध्रुव, सरपंच दुष्यंत सिन्हा, पूर्व सरपंच मीना यादव, सुरेश यादव, बुद्धेश्वर दीवान, सुखराम यादव, ईश्वर साहू, सुरेश कतलाम, महिला मोर्चा अध्यक्ष पवित्रा दीवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोदी सरकार का बजट नए भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट : संतोष तेजवानी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता संतोष तेजवानी ने वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में माहशक्ति के उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रवधान कर मातृशक्ति का वंदन किया है। 3 करोड़ नए पीएम आवास और मजदूरों के लिए नई हाउसिंग स्कीम के घोषणाओ के साथ केन्द्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली पीएम सूर्य उर्जा योजना के भारत में बसे हुऐ गांव से बड़े शहरी को समावेश किया गया है। टीडीएस के नियमों की चिंता करते हुए नियानों का सरलीकरण, आयकर टैक्स स्लेब में बदलाव किया गया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को संतुलित एवं नए भारत को विकसित भारत बनाने वाला, अंत्योदय के प्रति समर्पित नए भारत को इकानामी भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाला लोक कल्याणकारी बजट, विकासोन्मुखी बजट के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं वितमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 26 को

धमतरी। पं जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2024-25 में आयोजित चयन परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग जिला स्तर पर 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग दिलीप हरदाहा ने चयनित विद्यार्थियों को कक्षा पांचवीं की अंकसूचीए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्रए आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र इत्यादि की मूल तथा सत्यापित प्रति के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में नियत तिथि को उपस्थित होने कहा है।

जिले में अब तक 531 मि.मी औसत वर्षा दर्ज

धमतरी। जिले में एक जून से अब तक 531.4 मि.मी,औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू.अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी तहसील में 505.3 मि.मी, कुरूद तहसील में 419.4 मि.मी, मगरलोड में 410.3 मि.मी, नगरी तहसील में 722.2 मि.मी भखारा में 408.8 मि.मी, कुकरेल तहसील में 561.2 मि.मी और बेलरगांव तहसील में 692.6 मि.मी, औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 28 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 40.1 मि.मी, कुरूद तहसील में 45.1 मि.मी, मगरलोड में 27.4 मि.मी, नगरी में 11.6 मि.मी, भखारा में 35 मि.मी, कुकरेल तहसील में 26 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 11 मि.मी, औसत वर्षा दर्ज की गई है।

पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक : दीपक ठाकुर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला धमतरी द्वारा सावन महीने में भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर महाराणा प्रताप गार्डन में 101 पौधे लगाए गए, जिसमे मुख्य रूप से गुलमोहर, जामुन, अमरूद, नीम्बू, आंवला, नीम, करौंदा आदि के पौधे लगाए गए । जिलाकार्याध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि समूची वसुन्धरा के श्रृंगार हेतु एवं पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है, इनसे हमे शुद्ध प्राण वायु के अतिरिक्त फल, फूल हृदय को प्रफुल्लित कर देते हैं, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1008 पौधों से वृक्षारोपण का लक्ष्य हमारे द्वारा रखा गया है। जिला अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल ने इस वर्ष संकल्प लिया कि हर साल वो अपने परिवार के साथ कम से कम 100 पौधे लगाएंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों द्वारा भी वृहद रूप से वृक्षारोपण हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला धमतरी के समस्त कार्यकर्ताओं की पर्यावरण और उसके महत्व पर कार्यशाला ली गई और सभी कार्यकर्ताओं को कम से कम 11 पौधे रोपित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जेलों में किशोरों की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने अखिल भारतीय अभियान 2024 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में नालसा की गाईड लाईन्स अनुसार जेलों में किशोरों की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान 2024 के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 जुलाई 2024 को दोपहर 2.00 बजे जिला न्यायालय, दुर्ग के सभागार स्थल पर आयोजित की गयी। उक्त आयोजित कार्यशाला में प्रमुख रूप में जनार्दन खरे, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, दुर्ग, भगवानदास पनिका, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/जेएमएफसी दुर्ग, पुनितराम गुरूपंच पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी / जेएमएफसी दुर्ग, तथा संजय पुंडीर डी.एस.पी. दुर्ग, सुदर्शन महलवार, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग के अतिरिक्त बाल कल्याण अधिकारी, जेल लीगल एड क्लीनिक के अधिवक्ता, पुलिस कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालेन्टियर सम्मिलित हुए। जेलों में किशोरों की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान 2024 के संबंध आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में जनार्दन खरे, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, दुर्ग द्वारा कार्यशाला में उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे अपराधी नहीं होते बल्कि वे विधि के साथ संघर्ष करने वाले बालक/किशोर होते हैं। यदि कोई विधि से संघर्षरत बालक/किशोर किसी मामले के संज्ञान में आता है तो सर्वप्रथम यह देखना चाहिए कि वह 18 वर्ष से कम का है कि नहीं, इस हेतु सर्वप्रथम संबंधित बालक/किशोर के दसवीं की अंकसूची अथवा अन्य स्कूल के सर्टिफिकेट यदि ये न हो तो दाखिला खारिज नंबर तथा यह भी न हो तो कोटवार/नगर निगम में जन्म पंजीयन और अंत में यदि उक्त प्रमाण न मिले तो बोन टेस्ट कराना चाहिए। चूंकि उक्त कार्य में समय लगना संभावित हो तो उक्त संबंधित बालक/किशोर का रिमाण्ड लिया जा सकता है एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई के उप पुलिस अधीक्षक द्वारा एक आवेदन अधीक्षक बाल सम्प्रेक्षण गृह को लिखकर संबंधित विधि से संघर्षरत बालक/किशोर को ष्बाल सम्प्रेक्षण गृह में रख सकते हैं व्यक्त करते हुए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की विस्तृत जानकारी देते हुए बालकों/विधि के साथ संघर्षरत बालक द्वारा कारित किये जाने वाले अपराध के संबंध में उक्त अधिनियम के तहत पुलिस की भूमिका के बारे में बताते हुए कार्यशाला में उपस्थित पुलिस कर्मचारियों के द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का विधिनुरूप समुचित उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। रिसार्स पर्सन सुदर्शन महलवार चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि जेल में यदि कोई बंदी चाहे वह सजायापता हो या विचाराधीन हो किसी भी परिस्थिति में यदि वह उम्र में 18 साल से कम का दिखता हो या वह स्वयं आकर 18 साल से कम का होने दावा करे तो उक्त संबंध में पुलिस की ड्यूटी होती है कि उक्त बंदी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करें। किसी बालक/किशोर को जेल भेजने से अनुच्छेद 21 के तहत उसके मौलिक अधिकार का हनन होता है और बालक/किशोर जेल में आदतन अपराधी के संपर्क में आने से उसके बिगड़ने की संभावना भी बढ़ जाती है इसके अतिरिक्त इनके द्वारा किशोर के संबंध में गंभीर अपराधों की परिभाषा एवं तत्संबंध में पुलिस द्वारा थाने में की जाने वाली कार्यवाही को बताते हुए किशोर न्याय अधिनियम में पुलिस जॉच की प्रक्रिया एवं प्रावधान के बारे में बताया गया।

शिवनाथ नदी महमरा मार्ग पर लगातार कांवड़ यात्रा लेकर निकलने वाले श्रद्धालुओं का आना जाना

महापौर धीरज बाकलीवाल स्वयं खड़े होकर शुरू करवाया गड्ढे भरने का कार्य

■ गंजपारा से शिवनाथ नदी की ओर जाने वाली सड़क को स्वीकृति,महापौर ने काम को प्रगति पर लाने के निर्देश दिये

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा संबंधित उपअभियंता हरिशंकर साहू व ठेकेदार के साथ गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी महमरा जाने वाली मार्ग तक महापौर धीरज बाकलीवाल अधिकारियों के साथ स्वयं खड़े रहकर सावन मास में लगातार कांवड़ यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं को सड़क में चलने के लिए कांवड़ मार्गों और शिवालयो को जाने वाले सड़क में आगवमन में बाधित और किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए शिवनाथ नदी महमरा मार्ग पर गड्ढे में जीरा गिट्टी भरने का काम शुरू करवाया है।स्थल निरीक्षण के मौके पर उन्होंने जीरा गिट्टी डलवाया गया और मौजूद अधिकारी को वहां विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति हो चुका है। जल्द निर्माण कार्य को प्रगति पर लाने की बात कही है।बता दें कि कांवड़ यात्रा से जुड़े प्रमुख मार्ग हैं। गंजपारा महमरा जाने वाली कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों का अवागमन होता है। ऐसे में उन्होंने कहा श्रद्धालुओ के लिए सड़क मार्ग पर चलने के लिए गड्ढे को जीरा गिट्टी से भरवाया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा इसको ध्यान में रखते हुये वहीं शिवनाथ नदी स्थित शिव मंदिर में भी जलाभिषेक वालों की भारी भीड़ उमड़ती है।यहां पर शिवनाथ नदी स्थित शिव मंदिर की तरफ जाने वाले रास्तों पर सावन के हर सोमवार पर श्रद्धालु नजर आते हैं।शिवनाथ नदी महमरा मार्ग से जोड़ने वाली सड़कों पर कांवड़ियों का बड़ा हुजूम पूरे सावन माह दिखता है।

शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में दुर्ग जिले के अंदर वायु गुणवत्ता बेहतर हो इसके संबंध में भोपाल से आये पर्यावरण अधिकारी डॉ. वाय के शक्सेना द्वारा बैठक ली गई। इसमें आयुक्त नगर निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल, उतई, कुम्हारी, आई.आई.टी विभाग के प्रोफेसर, परिवहन एवं पर्यावरण विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। नगरीय निकाय क्षेत्रो में वायु की गुणवत्ता शासन के मानक अनुसार कैसे सुधारी जाये, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होने बताया कि वायु गुणवत्ता खराब होने से स्वास्थ्य के उपर बहुत विपरित प्रभाव पड़ रहा है। विभिन्न प्रकार की बिमारियॉ वायु प्रदुषण के कारण हो रही है। हम केन्द्र सरकार द्वारा दिये दिशानिर्देशो के अनुसार कार्य करना होगा। प्रमुख रूप से इंड्रस्टियों से होने वाले प्रदुषण, गाड़ियो से निकलने वाले घुएँ, सड़क का डस्ट, सालिड वेस्ट, ध्वनि प्रदुषण आदि से वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य मानक से कम हो रही है। जिसे रोकने के लिए हमे कड़ाई से पालन करना होगा। नगर निगम भिलाई द्वारा किये जा रहे वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किये जा रहे उपायो का निरीक्षण करने मौके पर गये। निगम के वाहन शाखा जाकर रोड स्वीपिंग मशीन का निरीक्षण किये, उसके कमियों को बताये। डॉ. वाय के शक्सेना द्वारा स्वयं नीम, गुलमोहर, करंज वृक्ष लगाये गये। वायु गुणवत्ता मापक यंत्र का निरीक्षण करने छेत्रीय पर्यावरण कार्यालय 32 बंगले में किये। वहां पर गहनता से निरीक्षण किये संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बनाये जा रहे रोड, सड़क पर किये गये प्लांटेशन आदि का निरीक्षण किये। डॉ. शक्सेना द्वारा बताया गया कि वायु प्रदुषण को रोकने के लिए अधिकतम पेड़ पौधे लगाया जाए, रोड के किनारे के धुल के कंन को रोकने के लिए पेवर ब्लाक लगाया जाए। फैक्ट्रीयो से होने वाले प्रदुषण को रोकने के लिए मापक यंत्र लगाया जाए। प्रदुषण फैलाने वाले इण्ड्रटी पर रोक लगाई जाए। सभी निकाय को वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए नियमो का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। पाईप पद्वति से लगाये गये वृक्षो का उन्होने सराहना की इससे पेड़ भी बड़े हो जायेगे।

जिला प्रशासन द्वारा नदी तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की गई अपील

शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर 10 फीट पानी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शिवनाथ नदी के कैचमेंट ऐरिया में विगत तीन दिनों से लगातार वर्षा होने से तांदुला नदी, खरखरा नदी व शिवनाथ के अन्य सहायक नालों में जल स्तर बढ़ा रहा है। जिससे शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर 10 फीट पानी बह रहा है। नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिवनाथ नदी तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र झोला, भोथली, रूदा, खाड़ा, चंगोरी, थनौद, पीसेगांव, महमरा, पुलगांव, कोसमी, मोहलई, नगपुरा, मालूद, बेलौदी, पीपरछेड़ी, झेंझरी, हटगांव, गनियारी, सहगांव पर विशेष नजर रखने कहा गया है। जल संसाधन संभाग तांदुला के कार्यपालन अभियंता एस.के. पाण्डेय से प्राप्त जानकारी अनुसार राजनांदगांव जिले के मोंगरा बैराज से पिछले दिनों 40 हजार क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया था। आज 5 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, लगातार बारिश होने से आगे मोंगरा बैराज से ज्यादा पानी छोड़ने की और संभावना है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश से तांदुला जलाशय में 40 प्रतिशत, खरखरा जलाशय में 43 प्रतिशत, खपरी जलाशय में 42 प्रतिशत और गोंदली जलाशय में 22 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। संभाग अंतर्गत बारिश की स्थिति ऐसी बनी रही तो इन जलाशय के भराव में और बढ़ोत्तरी होगी।

जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षाएं संचालित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छ.ग.मा.शि.मण्डल रायपुर द्वारा मुख्य/अवसर परीक्षा 2024, 23 जुलाई 2024 से 12 अगस्त 2024 तक आयोजित की जा रही है। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं संचालित है। जिनमें विकासखण्ड धमधा के शा.उ.मा.वि.बालक धमधा, कन्या धमधा, विकासखण्ड पाटन के सेजस कन्या पाटन, सेजेस पाटन, कन्या भिलाई-03, विकासखण्ड दुर्ग के आदर्श कन्या, तिलक कन्या, सेजस दीपक नगर, सेजस जे.आर.डी. दुर्ग, सुपेला, न्यु खुर्सीपार, हाउसिंग बोर्ड स्कूल शामिल है। परीक्षा के सफल आयोजन की व्यवस्था के अवलोकन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने सेजेस जे.आर.डी. व आदर्श कन्या परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ डीईओ ने ली शिक्षा विभाग के सभी आला अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड मुख्यालय धमधा स्थित बी.आर.सी. भवन में संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों के साथ विभिन्न विभागीय शैक्षिक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षाधिकारी अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में विकासखंड में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा शिक्षा में सुधार के लिये किये जा रहे प्रयासों को धरातल में पहुँचाने में विकासखंड के शिक्षकों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता में विकासखंड में बेहतर करने हेतु सुझाव दिए गए एवं संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को जिम्मेदारी देते हुए जवाबदेही तय की गई। उल्लास नवभारत साक्षरता से आशय-अप्रैल 2022 में, भारत सरकार ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम नामक एक पहल शुरू की, जिसका स्पष्ट लक्ष्य सभी के लिए शिक्षा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण पर आधारित है और इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के साक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता (पढ़ना, लिखना और अंकगणित) के अलावा महत्वपूर्ण जीवन कौशल, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, अधिकारों के बारे में जागरूकता, व्यावसायिक कौशल आदि प्रदान करना है। इस योजना को उल्लास के नाम से जाना जाएगा, जो इस पहल के सार को दर्शाता है, क्योंकि इसका मतलब है श्समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा को समझना। उल्लास, अपने नाम की तरह, उन लोगों के जीवन में उत्साह और उल्लास की भावना लाता है जो साक्षरता की शक्ति से वंचित हैं। यह मानता है कि शिक्षा केवल एक लक्ष्य तक पहुँचने का साधन नहीं है, बल्कि एक आजीवन प्रक्रिया है जो व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को सशक्त बनाती है।

धमधा विकासखंड को 11000 हज़ार असाक्षरों का लक्ष्य-दुर्ग जिले को कुल 30,000 हज़ार असाक्षरों को उल्लास योजना के तहत साक्षर करने का लक्ष्य है, जिसमें 11,000 का लक्ष्य धमधा विकासखंड को दिया गया है। विकासखंड में असाक्षरों का ऑनलाइन करने में आ रही समस्याओं का समाधान भी बैठक में किया गया।

राजस्व की टीम ने गुलाब का फूल देकर इंदिरा मार्केट के व्यापारियों को अस्थाई अतिक्रमण हटाने का किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर का मुख्य मार्ग इंदिरा मार्केट पर व्यापरियों द्वारा अस्थाई रूप से अपनी दुकानों के बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे हैं।आवागमन सुलभ हो इसी उद्देश्य को लेकर अनूठी पहल करते हुये आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश एवं राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के द्वारा टीम के साथ मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट मे व्यापरियों को गुलाब का फूल देकर अग्रह करते हुए सभी व्यापारियों से अपनी व्यवसाय सामग्री अपनी हदों में ही रखकर व्यापार करने हेतु कहा गया. ताकि राहगीरों तथा दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को कोई असुविधा न हो,ग्राहक अपने वाहन सड़क की लाईन के अन्दर रखकर सामग्री खरीदी कर सके तथा आवागमन मे कोई बाधा भी उत्पन्न न हो। व्यापारियों के द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर सडक पर सामग्री रखने से सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। उन्होंने शहर के प्रति स्वच्छ रखने के लिए आग्रह पूर्वक सभी व्यापारियों से अलग अलग दुकानों में जाकर गुलाब का फूल देते हुए शहर के हित मे तथा जीईई रोड के सुगम आवागमन के लिए नगर निगम को सहयोग दिये जाने की अपील की। निगम एवं ट्राफिक व्यवस्था मे सहयोग करने का वादा भी कियाआगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व्यापारीगण निगम एवं ट्राफिक पुलिस प्रशासन को अपना पूरा सहयोग प्रदान करते .हुए सडक को बाधित नही करें ताकि आने वाले त्यौहारों की खरीदी ग्राहक आपकी दुकानों से खरीदी कर सके। नगर निगम द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अपने दुकान सीमा से बाहर निकाल कर व्यवसाय कर रहे व्यापारियों को फूल देकर अपने सीमा क्षेत्र में ही व्यवसाय करने निवेदन किया गया। यदि व्यापारी नही माने तो ऐसी स्थिति में जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की जाएगी। जिसमें होने वाले नुकसान की सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित व्यापारी की होंगी। आने वाले समय पर त्यौहार के सीजन को देखते हुए यह कार्यवाही की जा रही है। ताकि आम नागरिकों को मार्केटिंग करने में कोई परेशानी ना हो।

कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त ध्रुव ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

■ मौसमी बीमारियों से अलर्ट रहने एवं वर्षा से उत्पन्न स्थिति पर नजर रखने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों द्वारा निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ध्रुव ने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, ई-समाधान के प्रकरण, सार्थ-ई पोर्टल के लंबित आवेदनों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने बरसात के मौसम में डायरिया, मलेरिया, डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ सभी अधिकारियों को समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिये। उन्होंने वर्तमान में वर्षा से उत्पन्न स्थिति नदी-नालों में बाढ़ आदि पर विशेष नजर रखने के साथ ही नदी किनारों के गांवों में मुनादी आदि के माध्यम से सूचित करने निर्देशित किया।

Reg. No. : 11322
PRAYOG SAMAJ SEVI SANSTHA
Sasaholi, Tilda-Neora 493114, Dist-Raipur (Chhattisgarh)
Email: prayog.chhattisgarh@gmail.com | Website: www.prayogindia.org.in

क्र.P/Local/942/24-07-2024 दिनांक 24/07/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //

रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा अंतर्गत ग्राम सासाहोली स्थित प्रयोग समाज सेवी संस्था के मुख्यालय परिसर में आयोजित होने वाली कार्यक्रमों के प्रतिभागियों हेतु भोजन, स्वल्पाहार, चाय, पानी की व्यवस्था किये जाने हेतु तथा स्टेशनरी सामग्री क्रय, प्रिंटिंग कार्य, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर सर्विस एवं यात्रा हेतु वाहन किराया सर्विस हेतु कार्यकुशल अनुभवी व्यक्ति, दुकान, विक्रेता, कंपनी, सर्विसकर्ता से रूचि की अभिव्यक्ति दर्शाते हुए सादे कागज पर सेवा अनुभवों के जानकारी के साथ आवेदन आमंत्रित करती हैं इच्छुक आवेदनकर्ता दिनांक 30 जुलाई 2024 तक संस्था के कार्यालय में शाम 04 बजे तक बंद लिफाफा द्वारा सूचना बॉक्स में जमा करे। प्राप्त सभी निविदाओं 31 जुलाई 2024 को ही 12 बजे तक समिति उपस्थिति में खोली जाएगी।

निर्मला कुजूर
कोषाध्यक्ष-प्रयोग समाज सेवी संस्था

तीर्थ यात्रियों को कमिश्नर राठौर ने हरी झण्डी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन से किया रवाना

श्री रामलला दर्शन योजना: दुर्ग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम हुआ रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत राम भक्तों का जत्था लगातार अयोध्या धाम पहुंच रहा है। दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को आज दुर्ग स्टेशन से रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रवाना किया गया। रामलला दर्शन पश्चात् तीर्थयात्रियों का दल 26 जुलाई 2024 को मध्य रात्रि स्पेशल ट्रेन से ही दुर्ग वापस पहुंचेगी। तीर्थ यात्रा में दुर्ग जिले के 185 श्रद्धालु जिसमें 139 ग्रामीण एवं 46 श्रद्धालु शहरी क्षेत्र से शामिल है। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे कमिश्नर सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का, सीईओ अश्वनी देवांगन, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मती माया बेलचंदन ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। राम भक्तों को फूल माला पहनाकर दुर्ग स्टेशन से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भोजन तथा अयोध्या में रूकने एवं अन्य सभी प्रकार से बेहतर व्यवस्था की गई है, ताकि सभी श्रद्धालुगण खुशी-खुशी दर्शन कर सके। वही सभी तीर्थ यात्रियों ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। बालोद जिले के दल्ली राजहरा निवासी विनोद कुमार चौहान ने कहा कि वह पहली बार रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। यह हमारे लिए विलक्षण क्षण हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। जिसके कारण निःशुल्क अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन कर पा रहे हैं। तीथ यात्रियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की जून माह की प्रतियां भेंट की गई। यात्रियों ने पत्रिका को शासन की योजनाओं की जानकारी के लिए बहुपयोगी बताया। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, तहसीलदार मती क्षमा यदु एवं जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, राजेन्द्र पारधे सहित पर्यटन एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।

SWACHH SURVEKSHAN TULIP
कार्यालय नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद छ.ग.
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./362 दिनांक 25/07/2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

ईटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	02.08.2024	4500.00	02	9399701802

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी

संपादकीय

आर्थिक सर्वेक्षण उम्मीद से भरपूर

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 भारत की प्रगति व विकास के प्रति उम्मीदों से भरपूर है। हालांकि, केन्द्रीय बजट के एक दिन पहले पेश सर्वेक्षण में चिन्ताजनक क्षेत्रों की ओर संकेत करते हुए केन्द्र सरकार से इनमें प्राथमिकता से काम करने का अनुरोध किया गया है। बजट के पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने की परंपरा है क्योंकि चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में देख कर इससे बजट का माहौल बनता है। इस वर्ष अच्छी आर्थिक वृद्धि हुई है। इस वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर के 6.5-7.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। आर्थिक सर्वेक्षण एक समग्र रिपोर्ट है जिसने पिछले वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तनों की समीक्षा कर विभिन्न क्षेत्रों में तेज वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया है। इस आशावाद के अनेक आयाम हैं जिनमें मजबूत घरेलू उपभोग, बढ़ता निवेश तथा लाभदायक सरकारी नीतियां शामिल हैं। मजेदार बात है कि ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि दुनिया की अधिकांश अर्थव्यवस्थायें जीडीपी का इससे काफी निचला स्तर प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सर्वेक्षण ने ढांचागत विकास पर सरकार की सक्रियता को रेखांकित किया है जो आर्थिक वृद्धि का महत्वपूर्ण संचालक है। सड़क, रेल और बंदरगाह विकास की वर्तमान समय में जारी परियोजनाओं से कनेक्टिविटी और क्षमता में वृद्धि होगी तथा सहज व्यापार एवं वाणिज्य में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास आर्थिक वृद्धि का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। आलोचनाओं के बावजूद सर्वेक्षण का मानना है कि 'मेक इन इंडिया' पहल के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, निर्यात व खासकर उच्च वृद्धि दर वाले फार्मास्यूटिकल्स, एलेक्ट्रानिक्स व टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने से भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। सर्वेक्षण में भारतीय अर्थव्यवस्था के समस्याग्रस्त क्षेत्रों की बात भी की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ समझी जाने वाली कृषि प्राथमिकता बनी हुई है। सर्वेक्षण ने इस क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने तथा टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए और सुधारों का सुझाव दिया है। तकनीकों में खोज तथा बाजारों तक बेहतर पहुंच ये लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जरूरी है। आर्थिक सर्वेक्षण ने उचित ही विभिन्न आयामों का मूल्यांकन किया है जो अर्थव्यवस्था को नीचे धकेल सकते हैं तथा राष्ट्रीय वृद्धि में बाधा बन सकते हैं। निश्चित रूप से इसमें सबसे बड़ी बाधा मुद्रास्फीति है। सर्वेक्षण ने सुझाव दिया है कि मौद्रिक नीति के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए बिना वृद्धि को प्रभावित किए मुद्रास्फीति पर लगाम लगाई जा सकती है। बेरोजगारी एक और बाधा है जिसे प्राथमिकता से संबोधित किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण ने ऐसी नीतियों का समर्थन किया है जो कौशल विकास और उद्यमिता को प्रोत्साहन दें तथा आर्थिक विकास के उपयुक्त परिवेश का निर्माण करें ताकि बढ़ती हुई युवा जनसंख्या की क्षमताओं का लाभ उठाया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के उपयुक्त परिवेश बनाने के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पुनः दुहराई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में आर्थिक सर्वेक्षण के अनेक सुझावों को शामिल किया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का रोडमैप पेश करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री ने नौ प्राथमिकतायें परिभाषित की हैं। इनमें कृषि, रोजगार, मानव विकास, ऊर्जा सुरक्षा, विनिर्माण, खोज, ढांचागत संरचना तथा अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। इनसे बेरोजगारी घटाने, मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने तथा अर्थव्यवस्था को समावेशी व टिकाऊ बनाने में सहायता मिलेगी।

एमएसएमई हेतु आयकर संशोधन

छोटे उद्यमों के समक्ष बड़े उद्यमों द्वारा विलंबित भुगतान बड़ी समस्या है। इसके कारण कार्यकारी पूंजी में आने वाली कमी से उत्पादन प्रभावित होता है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

वित्त कानून, 2023 के अंतर्गत आयकर कानून में संशोधन 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गया है। इसमें वस्तुओं व सेवाओं के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई को 45 दिन से अधिक भुगतान के विलंब तथा कर छूट की मांग करने पर रोक लगाई गई है। एमएसएमई सहायक इकाइयां हैं जो बड़े उद्यमों या प्रमुख इकाइयों को वस्तुओं और अधिकांशतः सहायक वस्तुओं का उत्पादन, विनिर्माण और प्रसंस्करण में सहायता करती हैं। ये इकाइयां छोटे पैमाने पर काम करती हैं और इनको सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के रूप में पुनः परिभाषित किया जाता है जो उनके 'निवेश' और 'टर्नओवर' से तय होता है। इसे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम विकास कानून, 2006 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।

सूक्ष्म उद्यम का अर्थ ऐसा उद्यम है जहां प्लांट और मशीनरी या उपकरणों में निवेश 10 मिलियन रुपये से अधिक न हो तथा उनका टर्नओवर 50 मिलियन रुपये से अधिक न हो। लघु उद्यम में प्लांट और मशीनरी में निवेश 100 मिलियन रुपये से कम होना चाहिए तथा टर्नओवर 500 मिलियन से अधिक न हो। मझोले उद्यम के लिए यह सीमा निवेश हेतु 200 मिलियन तथा टर्नओवर 1000 मिलियन परिभाषित है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अनुसार सकल मूल्य संवर्धन-जीवीए में एमएसएमई का हिस्सा भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत है। अखिल भारतीय विनिर्माण में विनिर्माण एमएसएमई का हिस्सा और अधिक लगभग 36 प्रतिशत है।

कामर्शियल इंटेलीजेंस एंड स्टेटिस्टिक्स महानिदेशालय-डीजीसीआईएस के अनुसार, अखिल भारतीय निर्यातों में एमएसएमइ-विशिष्ट उत्पादों के निर्यात का हिस्सा पिछले दो वर्ष में 44 से 50 प्रतिशत के बीच रहा है। जहां तक रोजगार का सवाल है, मैक्किन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट-एमजीआई द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में एमएसएमई का योगदान कुल में 52 प्रतिशत है। 'अनौपचारिक' क्षेत्र में एमएसएमई के अलावा पारिवारिक संपत्ति व साझेदारी वाले उद्यम शामिल हैं। इनका रोजगार में योगदान 75 प्रतिशत से अधिक है, जबकि जीडीपी में इनका हिस्सा लगभग 50 प्रतिशत है। इस प्रकार एमएसएमई अर्थव्यवस्था की संभावनायें निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके साथ ही ये 'समावेशी' विकास में अपनी भूमिका अदा करते हुए खासकर रोजगार बढ़ाने, आय बढ़ाने व आय असमानता घटाने का काम करती हैं। इसके बावजूद मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल में उन पर आर्थिक निर्णयों का बोझ पड़ा है।

इनमें 2016 में नोटबंदी, 2017 में वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी लागू करना तथा 2020 में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी का विनाशकारी प्रभाव शामिल हैं। सरकार ने इनकी समस्यायें दूर करने के लिए अनेक प्रयास किए हैं जिनमें 500,000 करोड़ रुपये की बिजनेसों व एमएसएमई के लिए आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना-ईसीएलजीएस तथा एमएसएमई सेल्फ-रिलायंट इंडिया फंड के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपये का इक्विटी योगदान शामिल है जिससे उनको सरकारी ठेके लेने में सहायता मिली है। इसके अलावा एमएसएमई के वर्गीकरण में रियायतें, गैर-टैक्स लाभों का 3 साल तक विस्तार, खुदरा एवं थोक व्यापारों को एमएसएमई में शामिल करना, उद्यम सहायता प्लेटफार्म-यूएपी शुरू करना, अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को प्राथमिकता क्षेत्र कर्ज योजना-पीएसएल के अंतर्गत लाभ दिलाना, ई-गवर्नेंस के विभिन्न आयामों को शामिल करने वाले आनलाइन पोर्टल 'चैम्पिन्स' को शुरू करना तथा एमएसएमई की शिकायत निवारण व सहायता की व्यवस्थायें शामिल हैं।

इन सारी पहलों का उद्देश्य कर्ज की उपलब्धता, तकनीक के समावेशन, बाजार सहायता, आदि प्रदान करना है, पर इन उद्यमों के समक्ष बड़े उद्यमों द्वारा बकाया देर में भुगतान करने की समस्या बनी हुई है। सप्लाई की गई वस्तुओं का भुगतान न मिलने पर उनके पास कार्यकारी पूंजी की भारी कमी हो जाती है जिससे 'उत्पादन जारी रखने की क्षमता' पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

इस समस्या के समाधान के लिए एमएसएमई डेवलपमेंट एक्ट, 2006 की धारा 15 में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को लिखित अनुबंध की स्थिति में 45 दिन में भुगतान करना जरूरी है, जबकि लिखित अनुबंध न होने की स्थिति में यह अवधि 15 दिन निर्धारित की गई है। 2019 में कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने विशिष्ट कंपनी आदेश जारी कर कहा था कि बड़ी फर्मों को हर 6 महीने में रिटर्न फाइल करना होगा, भले ही एमएसएमई को 45 दिन की सीमा में कोई भुगतान बकाया न हो। लेकिन इसके बावजूद समस्या बनी हुई है और अनेक फर्मों को बंद करना पड़ा है। इसके बाद केन्द्र सरकार ने आईटी एक्ट, 1961 के अंतर्गत समाधान खोजने का प्रयास किया। वित्त कानून, 2023 ने आईटी एक्ट, 1961 में नई धारा 43बीएच जोड़ी।

इसके अनुसार यदि बड़ी कंपनी लिखित अनुबंधों की स्थिति में 45 दिन में एमएसएमई को भुगतान नही करती है तो इस खर्च को उसके वित्त वर्ष की कर योग्य आय में काटा नहीं जा सकता है। एमएसएमई से खरीदी वस्तुओं का भुगतान खर्च का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, इसलिए इसे राजस्व से काटा जा सकता है। यदि कोई बड़ी फर्म एमएसएमई को 45 दिन की निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करती है तो धारा 43बीएच के अनुसार वह इस धनराशि को कर योग्य आय से काट नहीं सकती है। इससे उसे ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा। यह एक बड़े प्रतिरोधक का काम करता है जिससे बड़े उद्यमों द्वारा एमएसएमई का भुगतान रोकना संभव नहीं होगा। लेकिन इस अतिरिक्त कर का कंपनी की बैलेंसशीट पर प्रभाव हमेशा के लिए नहीं पड़ता है। इस अतिरिक्त कर को अगले साल एडजस्ट किया जा सकता है जब कंपनी एमएसएमई को भुगतान करे।

इस प्रकार यह धारा सभी पक्षों के बीच अच्छा संतुलन बनाने का प्रयास करती है। इससे बड़े उद्यमों को एमएसएमई के भुगतान को प्राथमिकता दने के साथ ही उनके वित्तीय स्वास्थ्य व आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहित करती है, लेकिन इसके साथ ही वह बड़े उद्यमों को अनावश्यक दंड नहीं देती है। लेकिन इस बीच कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने 2019 के आदेश में रिपोर्टिंग आवश्यकताओं में राहत दे दी है। 15 जुलाई, 2024 को जारी एक आदेश के अनुसार इसकी आवश्यकता केवल उन कंपनियों को है जिन्होंने किसी एमएसएमई को अनिवार्य 45 दिन के भीतर भुगतान न किया हो। इसका निर्धारण वस्तुओं या सेवाओं को स्वीकार करने की तिथि के आधार पर होगा। एमएसएमई डेवलपमेंट एक्ट, 2006 की धारा 9 के अनुसार उस बड़े उद्यम को यह सूचना देनी होगी जिसने एमएसएमई से वस्तु एवं सेवा प्राप्त की है और उसे निर्धारित 45 दिन में भुगतान नहीं किया है।

लेकिन यह आदेश जारी होने के पहले बड़े उद्यमों को यह सूचना उस स्थिति में भी देनी होती थी, जब एमएसएमई को कोई भुगतान निर्धारित 45 दिन की अवधि में बाकी न हो। इससे बड़े उद्यमों को कानून के क्रियान्वयन से थोड़ी राहत मिली है और उन पर एमएसएमई भुगतान का दबाव घटा है। लेकिन इसके बावजूद उद्योगों और बिजनसों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अनुरोध किया है कि आईटी एक्ट में संशोधित इस धारा का क्रियान्वयन एक साल यानी अप्रैल, 2025 तक टाल दिया जाए।

इसके साथ ही ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि बड़े उद्यम छोटी फर्मों पर इस बात के लिए दबाव डाल रहे हैं कि वे एमएसएमई से कोई सप्लाई न लें। इसके बजाय वे केवल ऐसी एमएसएमई से व्यवहार करें जिनका पंजीकरण 'उद्यम पोर्टल' पर न हो या वे गैर-एमएसएमई से सामान खरीदें। 'उद्यम पोर्टल' केन्द्रीय एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई पंजीकरण के लिए बनाया गया है। बड़े उद्यमों के इन अनुरोधों को अस्वीकार कर सरकार को आईटी एक्ट की धारा 43बीएच को स्वतंत्रता पूर्वक अपना काम करने देना चाहिए।

भारत में अस्तित्वमान तीन नये कानून

> जहां कुछ कानूनी निकायों ने नए कानूनों की आलोचना की है, वहीं अन्य इन कानूनों को आधुनिक न्याय प्रणाली की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में देखते हैं।

मनोज वर्धीस
(लेखक मीडिया जगत से जुड़े हैं)

1 जुलाई को शुरू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की शुरुआत के साथ, कुछ कानूनी निकायों और अन्य नागरिक संगठनों ने इस कदम का विरोध करते हुए कहा कि इसे संसद में 'बहुत चर्चा' के बिना पेश किया गया है। जबकि, कुछ कानूनी विशेषज्ञ इसे एक 'नया अवतार' मानते हैं जो देश को पसंदीदा औपनिवेशिक कानूनों से समकालीन भारत में बदलाव करने में सक्षम बनाएगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के कानूनों ने लगभग 150 साल पहले ब्रिटिश शासन के दौरान तैयार किए गए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) के कानूनों की जगह ले ली है। नए कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लाएंगे, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। करीब 20 नए अपराध जोड़े गए, 40 अपराधों में संशोधन किया गया, 83 नए जुर्माने लगाए गए और छह सामुदायिक सेवाएं शुरू की गईं, नए कानून जनहित में त्वरित न्याय देने के लिए तैयार हैं।

नए कानून 'नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले' की तर्ज पर बनाए गए हैं। आम धारणा यह है कि पुलिस को अब 'डंडे' की जगह 'डेटा' से काम करना होगा। सार्वभौमिक रूप से, किसी भी प्रणाली में बदलाव लाना और उसे लागू करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। सबसे बढ़कर, कानूनी प्रणाली में बदलाव अनुकूलन के लिए एक जटिल तंत्र है। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महेश वर्मा कहते हैं, परिवर्तन अपरिहार्य है, और प्रगतिशील कानून किसी भी राष्ट्र के लिए अच्छे हैं।

पुलिस को यह समझने की जरूरत है कि वे अधिकार क्षेत्र की कमी या विवादित अधिकार क्षेत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज करने से इनकार नहीं कर सकते। उनके लिए इसे व्यवहार में लाना कठिन है क्योंकि उनके अधिकार क्षेत्र में दर्ज मामलों की संख्या उनके संबंधित पुलिस स्टेशन की बदनामी लाएगी। अब वे कानूनी रूप से (शून्य एफआईआर) दर्ज करने और ऐसे मामले को संबंधित पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित करने के लिए बाध्य हैं। बीएनएसएस की धारा 37 के अनुसार प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक पुलिस अधिकारी, जो सहायक उप-निरीक्षक के पद से नीचे नहीं है, को गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी बनाए रखने और प्रमुखता से प्रदर्शित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम एल मेहता कहते हैं, कानून लोगों के कल्याण के लिए राज्य द्वारा अनुकरण किए जाने वाले मानदंडों का एक समूह है। कानून कानूनी व्यवस्था के लिए प्रभावी उपाय है। कानूनी व्यवस्था में देरी अपरिहार्य तंत्र है। केवल 20 प्रतिशत मामले ही अदालत तक पहुँचते हैं, पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह एक कठिन कार्य है और इन लंबित मामलों का निपटारा करने में 300 साल से अधिक का समय लगेगा। बीएनएसएस के अनुसार, नए कानून महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता देते हैं, सूचना दर्ज करने के दो महीने के भीतर समय पर पूरा करना सुनिश्चित करते हैं (धारा 193)। समन अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजे जा सकते हैं (धारा 64, 70, 71)। मामले की सुनवाई में अनावश्यक देरी से बचने के लिए न्यायालय अधिकतम दो स्थगन दे सकते हैं (धारा 346)।

नए कानून में सभी राज्य सरकारों को गवाह संरक्षण योजना (धारा 398) लागू करने का आदेश दिया गया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों (अध्याय 5) और छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा की शुरूआत (धारा 4, 202, 209, 226, 303, 355, 356) के लिए विशेष रूप से बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, और पुलिस, जेल, अभियोजकों, न्यायिक, फोरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, सरकार ने कई दौर के अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। नए शुरू किए गए तीन आपराधिक कानूनों के संबंध में कानूनी प्रणाली को बेहतर ढंग से समझने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने नए आपराधिक कानूनों के साथ प्रौद्योगिकी अनुकूलता की सुविधा के लिए मौजूदा सीसीटीएनएस (अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम) एप्लिकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किए हैं, जिसमें एफआईआर दर्ज करना भी शामिल है। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने पुलिस, जेलों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फोरेंसिक विशेषज्ञों और केंद्रीय पुलिस संगठनों की क्षमता निर्माण के लिए 13 प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए हैं।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों को शामिल करना अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति तलवंत सिंह नए कानूनों का मसौदा तैयार करने में शिक्षाविदों की भूमिका की सराहना करते हैं। उनका सुझाव है कि आने वाले दिनों में देश को पर्याप्त संख्या में फोरेंसिक विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। इसके विपरीत, जितने अधिक नए कानून सामने आएंगे, उतनी ही अधिक इसकी कमियों के उजागर होने की संभावना है। क्या अपराध की बढ़ती घटनाएं पुलिस और वकीलों के लिए अच्छी हैं, यह एक बड़ा सवाल है!

आप की बात

राहत देने वाला बजट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी सरकार का पहला बजट 03 राहत देने और सबको साधने वाला है। इसमें युवाओं को रोजगार देने पर अत्यधिक जोर दिया गया जो कि आवश्यक था। महिलाओं के कल्याण के लिए बड़ी रकम का प्रावधान किया गया है। महिला कर्मचारियों के लिए भी सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। लेकिन खटकने वाली बात यह है कि शिक्षा क्षेत्र में बढ़ोतरी के बजाय उल्टे सात प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। यह फैसला उचित नहीं लगता है। इसी प्रकार रक्षा क्षेत्र को भी और अधिक धन दिया जाना था क्योंकि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय युद्धग्रस्त परिस्थितियों और चीन पाकिस्तान के नापाक इरादों के चलते रक्षा क्षेत्र में और अधिक सुधार कर सेनाओं को अत्याधुनिक तकनीक से लेस करना अब अत्यधिक जरूरी हो गया है। चांदी सोने की ड्यूटी में कटौती करने की कोई तुक नजर नहीं आई और शेयर बाजार में करों का बोझ बढ़ाना भी उचित नहीं है। इससे निवेशक अपना निवेश शेयर बाजार से निकलकर चांदी-सोने में करेंगे जो आर्थिक विकास की गति को धीमा करेगा। अन्य राज्यों की तुलना में आंध्र प्रदेश और बिहार को ज्यादा बजट देना भी ठीक नहीं लगता है। लेकिन कुल मिला कर बजट आम जनता को राहत देने वाला होगा। सरकार के इस कदम से उम्मीद बढ़ी है।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

रोजगारोन्मुख बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार रोजगार उन्मुख बजट पेश किया है जो कि देश की युवा शक्ति के लिए अत्यावश्यक था। रोजगारों के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था एक अच्छा कदम है। लेकिन पहली बार नौकरी करने वालों को एक माह की पगार देना समझ से परे है। जिनकी नौकरी लग ही गई है, उन्हें एक माह की मुफ्त पगार देने के बजाए युवकों को नौकरी के लिए तैयारी करने के लिए धन खर्च किया जाना चाहिए था। कृषि को भी महत्व दिया गया है। देश की बढ़ती खाद्य जरूरतों को देखते हुए जेनेटिक फसलों पर अधिक शोध कर और उन्हें मानव स्वास्थ्य के अनुकूल बनाकर उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन जरूरी है। इससे दालों व खाद्य तेल के आयात पर लगाम लग सकती है। नौकरी व पेशेवर वर्ग को करों में जो राहत दी गई, वही राहत मध्य मार्ग के व्यापारियों को भी मिलनी चाहिए थी। कर मुक्त टैक्स स्लैब को भी बढ़ाया जाना था। शेयर का काम करने वालों के लिए पहले से ही लागू भारी टैक्स को और भारी बनाना शेयर होल्डर्स को निराश करेगा। सीनियर सिटीजन के लिए मुफ्त चिकित्सा और कारों में विशेष राहत भी दी जानी चाहिए थी। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को आयुष्मान भारत के दायरे में लाना चाहिए।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

इंटर्नशिप का स्वागत

वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट को विपक्षी दलों ने कुर्सी बचाओ बजट बताया है। बजट का सबसे खूबसूरत पहलू युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास है। बजट में की गई पांच वर्ष में एक करोड़ इंटर्नशिप एवं छात्रों के लिए 10 लाख रुपए शिक्षा लोन की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। बजट का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू बिहार को 56 हजार करोड़ की और आंध्र प्रदेश को 15,000 करोड़ की परियोजनायें हैं। लेकिन देखना होगा कि कहीं यह धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। बिहार में थोड़े ही समय में अनेक पुलों के गिरने की खबरें सुर्खियों में रही हैं, जबकि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा चुके हैं। इस बजट में विष्णुपद मंदिर एवम बौद्ध गया हेरिटेज कॉरिडोर निर्माण का प्रस्ताव एक अच्छा कदम है। इन महत्वपूर्ण स्थलों के विकास से अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बिहार में बड़ी संख्या में आएंगे। इससे बिहार समृद्ध होगा, विदेशी मुद्रा अर्जित होगी और भारत में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बिहार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों द्वारा बजट व अपने राज्यों के लिए आबंटन पर खुशी जाहिर करने से उन मोदी-विरोधी विपक्षियों की उम्मीदें टूट गई हैं जो सरकार गिरने का राग अलाप रहे थे।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

सोना-चांदी सस्ता

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का बजट पेश करते हुए सारी महिलाओं की प्रमुख चाहत पूरा करने के लिए साने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 प्रतिशत कर दी है। इससे अनेक महिलाओं को खुशी मिली है क्योंकि आभूषणों के प्रति उनका आकर्षण सभी जानते हैं। इससे जहां छोटे-बड़े सर्राफा कारीगरों को लाभ होगा, वहीं समाज के निम्न मध्य वर्ग व गरीब तबके को भी लाभ होगा जो शादी-विवाह या अन्य मंगल अवसरों पर घर की महिलाओं को कोई न कोई आभूषण देना चाहते थे। सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाने से इसकी स्मगलिंग पर भी लगाम लगेगी तथा अमीर भारतीयों को विदेशों से सोना खरीद कर लाने का रास्ता खुलेगा। मध्यम वर्ग व सर्विस क्लास को खुश करने के लिए आयकर में राहत दी गई जिससे उन्हें 17,500 रुपये तक का लाभ हो सकेगा। निर्मला सीतारमण ने आठ महीने तक लागू होने वाले बजट में काफी नरमी दिखाई है। इस बजट से लोगों को रोजगार मिलेगा, उनकी सुविधाएं बढ़ेंगी व देश भी प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि आगे आने वाले बजट जनता को और राहत देंगे।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

चार दिन से अविरल बारिश, जिला मुख्यालय के कई घरों में घुसा पानी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार चार दिनों से चल रही अविरल बारिश से क्षेत्र पानी से सराबोर हो गई है वहीं नदी नाले उफान पर आ गए हैं। बारिश की झड़ी के चलते जनजीवन प्रभावित रहा। गुरुवार सुबह से जबरदस्त बारिश के कारण जिला मुख्यालय के कई घरों में पानी भर गया। सोमवार से शुरू हुई बारिश गुरुवार को सुबह से लगातार जारी रहा परिणाम स्वरूप बेमेतरा जिला मुख्यालय के कई घरों में पानी घुस गया है जिसके कारण वहां के रहने वाले रह वासियों को परेशानी कैसे जूझना पड़ रहा है खास कर बेमेतरा जिले के निचले बस्ती में रहने वाले लोगों को तो पानी से बहुत परेशानी हो रही है। गुरुवार को लगातार बारिश के कारण जिला मुख्यालय में स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय क्षेत्र पानी से तर बतर हो गया है जबकि सिविल कॉलोनी में स्थित कई घरों में पानी भर चुका है इसी तरह शहर के कुछ स्कूलों परिसर मंडी परिसर सहित कुछ शासकीय कार्यालयों परिसर में पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी भर गया है।

क्षेत्र के नदी नाले उफान पर

नवागढ़ विकासखण्ड एवं नांदघाट तहसील अंतर्गत सीमावर्ती इलाको के शिवनाथ नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। इस क्षेत्र में शिवनाथ नदी पर स्थित नारायणपुर-भाठापारा मार्ग का पुल भी नदी की जलस्तर बढ़ने से डूब गया है। जिससे एरिया के सम्बलपुर, अमलडीहा सहित दर्जनों गांवों का निकटवर्ती बलौदाबाजार ज़िला क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। दरअसल नदी पर बना यह पुल स्टेट हाइवे हर साल बरसात के मौसम में पूरी तरह डूब जाता है जिसमे कई फीट ऊपर पानी के गुजरने मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। चूंकि शिवनाथ के ऊपरी सिरों पर लगातार बारिश के कारण नदी का लेवल काफी बढ़ गया है जो आसपास के गाँव के लिए काफी खतरनाक है। देखा जाए तो तटवर्ती इलाको में बाढ़ के कारण विशाल जलभराव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जो नदी बहाव से लगे क्षेत्र के खेत-खलिहानों में स्पष्ट नज़र आने लगा है। इलाके में काफी खेत शिवनाथ प्रवाह क्षेत्र के दायरे में आने पर जलमग्न दिखाई पड़ रहे है जहाँ पर किसानों को फसल नुकसान उठाने की आशंका जताई जा रही है। इसी तरह बेरला व साजा ब्लॉक में लगातार बारिश के कारण खेतो में पानी की भरमार हो गयी है एवं फसल डूबने से खेत जलमग्न दिखाई दे रहा है। वही तालाब व नदी-नाले में विशाल जलभराव के कारण काफी जलस्तर बढ़ गया है। विगत हफ्तेभर से वर्षा के कारण खेतों में पानी की अधिकता नज़र आने लगी है जो किसानों के लिए चिंताजनक है। हालांकि खेत-खलिहान का जल बड़ी ही तेजी से नाले के सहारे नदियों में जा समा रहा है। किंतु बरसात के मौसम होने से लगातार बारिश होते रहने से पुनः वही स्थिति देखने को मिल रही है। दरअसल साजा क्षेत्र में जहाँ शिवनाथ की सहायक सुरही नदी का प्रभाव है तो वही बेरला क्षेत्र शिवनाथ एवं खारुन नदी के प्रभावित में रहता है जिसके कारण बरसात के सीजन में तीनों नदियों में जलस्तर बढ़ने का असर छोटे छोटे सहायक नालो पर दिखाई पड़ता है, जो खेतो के माध्यम से जुड़े होते है। फिलहाल इन दिनों शिवनाथ नदी में जबरदस्त बाढ़ की स्थिति की दिखाई पड़ रही हैम जिससे इस नदी पर बने दर्जनों एनीकट व स्टापडैम पूर्णतः डूब चुके है वही ऐसा ही हाल सुरही एवं खारुन नदी को लेकर भी है। नदी के प्रति लहर का असर वापस खेत से जुड़े नालो में होने के कारण बेरला एवं साजा अंचल के खेत-खलिहान अब वर्षा जल से परिपूर्ण हो गया है। खेत के चारों ओर फसल के बजाए पानी ही पानी दिखाई दे रहा है जो धीरे धीरे कम हो रहा है। वही एनिकट से जुड़े गावों का आपसी संर्पक भी इन दिनों टूट चुका है एवं क्षेत्र का आवागमन बाधित हो गया है जिसमे साजा के देवकर-बासीन, मोहगांव-बासीन, अतरझोला-सिंघनपुरी, देऊरगाव-बोरतरा, परपोड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में इसी तरह का हाल है। वही बेरला ब्लॉक में बचेड़ी-कुम्हिगुड़ा, सलधा-ताकम, अमोरा-बावनलाख, एवं खारून नदी पर रायपुर ज़िला से स्थानीय सम्पर्क कट जाने से आम लोगो को दूसरे वैकल्पिक मार्गो के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है, जो फिलहाल आगामी बारिश पर निर्भर होने की पूरी सम्भावना है।

संयुक्त खदान मजदूर संघ समस्याओं को लेकर मुख्य महाप्रबंधक से मिले

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संयुक्त खदान मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल सचिव कमलजीत सिंह मांन के नेतृत्व में स्कूल एवं टाउनशिप की समस्याओं को लेकर मुख्य महाप्रबंधक (माइंस), लौह अयस्क समूह-राजहरा आर बी गहरवार से मिला । यूनियन प्रतिनिधि मंडल में संगठन सचिव तोरण लाल साहू ,कार्यालय सचिव राजेश कुमार साहू, देवेंद्र ऊईके, उमेश पटेल, हंस कुमार, नरेंद्र जनबंधु, ईश्वरलाल डडसेना चर्चा में शामिल थे। प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक से कहा कि राजहरा टाउनशिप व स्कूल में अनेक ऐसी समस्याएं हैं, जिनके लिए एसकेएमएस यूनियन द्वारा नियमित रूप से मांग की जाती रही है, मगर प्रबंधन द्वारा इन्हें हल करने के लिए कभी गंभीरता नहीं दिखाई जाती है। इन समस्याओं को यूनियन द्वारा पुनः उठाया जा रहा है। प्रमुख समस्याएं, जिन पर प्रबंधन का ध्यान बार-बार आकर्षित करना पड़ता है। टाउनशिप राजहरा में संचालित डी ए वी स्कूल के प्राइमरी विंग की हालत बहुत खराब है। क्लास रूम में जगह-जगह पानी टपक रहा है। स्कूल की गैलरी में भी छत से पानी गिर रहा है। स्कूल में छोटे बच्चे पढ़ते हैं उनके बैठने की जगह व चलने फिरने के स्थान में पानी टपक रहा है। स्कूल बिल्डिंग के प्रवेश द्वार के छज्जे खराब हो गए हैं तथा पानी टपक रहा है जिससे कभी भी छज्जा गिरने से दुर्घटना हो सकती है। स्कूल के आसपास झाड़ियां बड़ी-बड़ी हो गई है, जिसमें जहरीले कीड़े-मकोड़े हो सकते हैं, जिसके कारन कभी-भी बच्चों को के साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है। बच्चों का साइकिल स्टैंड कई वर्षों से खराब है। साइकिल स्टैंड में साइकिल खड़े करने की जगह नहीं है। बारिश में बच्चों के हाथ धोने के लिए शेड नहीं है। शेड बनवा दें ताकि बच्चे बारिश के दिनों में वहां जाकर बिना भीगे पानी पी सकें एवं हाथ साफ कर सकें। सीनियर विंग में भी लैट्रिन बाथरूम में अच्छी साफसफाई की आवश्यकता है तथा कुछ दरवाजे ठीक से नहीं लगते हैं उनकी भी मरम्मत करवाएं। टाउनशिप बिजली विभाग में अनेक बार शिकायत करने पर भी घरों के सीलिंग फैन को न ही बदला जाता है और न ही रिपेयर किया जाता है। इसी प्रकार स्ट्रीट लाइट यदि खराब हो गई है तो अनेक बार शिकायत करने पर भी नहीं ठीक की जाती और बताया जाता है कि हमारे पास स्ट्रीट लाइट उपलब्ध नहीं है। अतः बारिश के दिनों में स्ट्रीट लाइट को प्राथमिकता से बदल कर देने तो कर्मचारी एवं उनके परिवार को आने-जाने में सुरक्षा मिलेगी। टाउनशिप में मानसून प्रिपरेशन की कोई तैयारी नहीं होती है। पिछले कुछ बरसों से नाली की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई आदि कुछ भी नहीं हो रहा है जिसके कारण टाउनशिप में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। बारिश का पानी नालियों में जमा है जिसके कारण मच्छर पैदा हो रहे हैं। झाड़ियां में जहरीले कीड़े मकोड़े पनप रहे हैं जिसके कारण कभी भी कर्मचारियों के परिवार में कोई बड़ी घटना हो सकती है अतः जल्द से जल्द झाड़ियों की कटाई तथा नालियों की सफाई करवाने का आदेश दें। नगर प्रशासक से शिकायत करने के बाद भी मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिसके कारण बीमारी फैलने का संभावना है। टाउनशिप में क्वॉर्टर की मरम्मत के लिए अनेक बार शिकायत करने पर भी समाधान नहीं होता अतःआपसे निवेदन है कि कर्मचारियों की समस्या व टाउनशिप से जुड़ी हुई समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई करें।

कबीरधाम जिले में बाढ़ एवं आपदा प्रंबधन के लिए मास्टर प्लान तैयार

154 ग्रामों के लिए 58 राहत शिविरों के लिए शासकीय भवन का चिन्हांकन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बाढ़-आपदा एवं राहत-बचाव कार्य के लिए जिला शासन द्वारा कार्य योजना तैयार कर लिया गया है। कबीरधाम जिले के छोटी-बड़ी प्रमुख 12 नदी-नालों के तट पर बसे 154 ग्रामों को संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए चिन्हांकित किया गया है। इन सभी ग्रामों को संभावित बाढ़ से बचान और राहत पहुचाने के लिए 58 राहत शिविरों का चिन्हांकन किया गया है। राहत शिवरों में शासकीय भवन, स्कूल, समाजिक एवं सामुदायिक भवन शामिल है। जिले के 8 तहसील क्षेत्रों के अंतर्गत 25 वर्षा मापी केंन्द्र स्थापित किया गया है। इन सभी केन्द्रों को वर्षा से पहले तैयार कर ली गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समय सीमा की बैठक में कबीरधाम जिले में पिछले चार दिनों से हो रही रूक-रूक कर बारिश को विशेष ध्यान में रखते हुए तहसीलवार वर्षा की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी नदी-नालों और प्रमुख पुल-पुलिया के मुख्य मार्गों में जल बहाव, पांच माध्यम जलाशयों सहित अन्य लघु जलाशयों मे जल भराव की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर महोबे ने जिले में हो रही बारिश को देखते हुए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जल संसाधन विभाग और जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों के सभी छोटी-बड़ी नदी-नालों, जलाशयों में जल भराव व जल बहावों पर विशेष निगरानी रखने सहित आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक पिछले 24 घंटे में 153.6 मीली मीटर वर्षा हुई है जो पिछले वर्ष की अपेक्षा में 105 प्रतिशत है। बैठक में जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू सहित सर्व एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

किशोर भारती, कन्या भारती का गठन व शपथ ग्रहण संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में प्राचार्य मालिक राम वर्मा के संरक्षण में एवं देवेंद्र देवांगन, लक्ष्मी वर्मा के नेतृत्व में किशोर भारती एवं कन्या भारती का गठन कर प्राचार्य ने गोपनीयता एवं कर्तव्य की पद के अनुरूप शपथ ग्रहण कराया। उन्होंने अपनी तेजस्वी उदबोधन में कहा कि शपथ लेना तो सरल है, पर निभाना है, कठिन। साथियों विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को सुचारू व सुव्यवस्थित संचालित करने के लिए परिषद का गठन आवश्यक है। आपके विकास के लिए ही परिषदों का गठन किया जाता है। आप इसमें अपना सहयोगात्मक योगदान देकर विद्यालय को उच्च शिखर तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। किशोर भारती के पदाधिकारियों में हर्ष दुबे अध्यक्ष, हरिशंकर उपाध्यक्ष, वंश बन सचिव, नरेश कुर्रे सह सचिव, दीपराज सेनापति, रूद्र शुक्ला उपसेनापति, दुर्गेश वर्मा खेल सचिव, हरमन चिकित्सा सचिव, आयुष ध्रुव योग सचिव, पीयूष, आयुष कुमार प्रार्थना, पुष्पांजल शर्मा सांस्कृतिक, यशवंत निषाद बागवानी, नरेन्द्र जायसवाल बागवानी, महेंद्र साहू स्वच्छता, कोमल अनुशासन, तुषार वर्मा खोया पाया, राहुल यदु को वैदिक गणित का सचिव नियुक्त किया गया। वहीं कन्या भारती में माधुरी साहू अध्यक्ष, कल्पना दुबे उपाध्यक्ष, डिगेश्वरी वर्मा सचिव, प्रज्ञा सिन्हा सहसचिव, खुशी यादव सेनापति, सपना बांधे उपसेनापति, पलक रजक खेल, नेहा तृप्ति पांडेय चिकित्सा, योगिता योग, वर्षा पात्रे घोष, नेहा लहरें, वंदना यादव प्रार्थना, ईशा, एकता, नैना सहारे सांस्कृतिक, राधा चांदनी बागवानी, गीतांजलि, पूजा स्वच्छता, रीना साहू, प्रियांशी अनुशासन, मानसी नामदेव, धनेश्वरी खोया पाया, प्रियांशी टण्डन विज्ञान, भूमिका वर्मा को वैदिक गणित नियुक्ति किया गया। इस अवसर पर तारिणी साहू, मुरलीधर साहू सहित समस्त आचार्य दीदी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

बारिश के बीच बुनकरों के साथ कलेक्टर ने हाथकरघा चलाया, बढ़ाया उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बारिश की बूंदों के बीच, कलेक्टर रणबीर शर्मा बेमेतरा ज़िले के देवरबीजा पहुंचे। यहाँ उनका आगमन श्रीराम बुनकर सहकारी केंद्र में हुआ, जहाँ बुनकर द्वारा हाथकरघा से बुना जा रहा कपड़े की प्रक्रिया को समझने का उन्हें अवसर मिला। बुनकर सुको देवांगन ने कलेक्टर को बुनाई की पूरी प्रक्रिया विस्तार से बताई। उन्होंने ताने-बाने के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि कैसे धागों को एक साथ मिलाकर कपड़ा बनाया जाता है, और यह कार्य कितनी निपुणता एवं धैर्य से किया जाता है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने भी इस प्रक्रिया को बड़े ध्यानपूर्वक समझा और सुको की मासिक आमदनी, पारिवारिक स्थिति एवं परिजनों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर की उत्सुकता इस कदर बढ़ गई कि उन्होंने सुको से से स्वयं कपड़ा बुनने में मदद मांगी। सुको ने उन्हें हाथ और पैरों से हाथकरघा चलने वाली विधि बताई। कलेक्टर ने कुछ क्षणों के लिए हाथकरघा को चलाया और कपड़ा बुना। यह अनुभव न केवल कलेक्टर शर्मा के लिए नया था बल्कि उनके द्वारा किया गया यह प्रयास बुनकर समुदाय के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। रणबीर शर्मा का यह कदम बुनकर समुदाय के प्रति उनकी सहानुभूति और उनके परिश्रम को सम्मान देने का प्रतीक बना। बेमेतरा ज़िले में इस प्रकार के उत्साहवर्धन कार्य न केवल प्रशासनिक कार्यों को मानवता के करीब लाता है बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

375 पदों के लिए 30 व 31 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

कवर्धा। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 30 एवं 31 जुलाई 2024 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 30 जुलाई को मुथुट माईक्रोफिन लिमिटेड, कोटा, रायपुर द्वारा पद रिलेशनशिप अफसर के 40 एवं बीसीएम के 05 कुल 45 पदां पर तथा 31 जुलाई को फायर, सेफ्टी एडं डिसास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, रामनगर, सुपेला पोस्ट आफिस के पास, भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा पद फायरमेन 20, सिक्यूरिटी गार्ड 150, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर 50, ड्रायवर (हैवी) 10 व होम केयर टेकर सर्विस 100 कुल 330 पदां पर भर्ती किया जाना है। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता पद अनुसार अलग-अलग है यथा कक्षा 10वीं से स्नातक, डिप्लोमा तथा अनुभव पदानुसार है। वेतनमान न्यूनतम 10,000 से 20,000 तक है। आयुसीमा 19 से 40 वर्ष व कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य है।

रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर बेमेतरा मे बनेगी लाइब्रेरी, जिले के युवाओं मिलेगा लाभ

विधायक दीपेश साहू ने जिले के युवा छात्र छात्राओं को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर बेमेतरा मे भी लाइब्रेरी का निर्माण होगा द्य इसके लिए वित्त विभाग से प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाएगा। विधायक दीपेश साहू ने कहा की रायपुर के नालंदा परिसर के तर्ज पर बेमेतरा मे लाइब्रेरी बनने से जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह लाइब्रेरी बनाई जाएगी. इस लाइब्रेरी का लाभ जिले के युवाओं को छात्र-छात्राओं मिलेगा द्य उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं को यह बड़ी सौगात मिलने जा रही है. इसके लिए विधायक दीपेश साहू ने जिले के युवाओं छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया। साहू ने कहा की यह लाइब्रेरी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में होगा स्थापित। ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके। साहू ने कहा की यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों मे रहकर में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं, या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं. लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है।

विद्यार्थियों के लिए होगा लाभदायक : दीनानाथ साहू

छात्र युवा नेता दीनानाथ साहू ने बेमेतरा मे लाइब्रेरी की सौगात मिलने पर कहा की यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं. या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं. लाइब्रेरी निर्माण का खास मकसद स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है बेमेतरा लाइब्रेरी की निर्माण होने से यहाँ की हजारों छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा और एक की छत के निचे विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने मे आसानी होंगी ।

जिले के युवाओं के लिए बड़ी सौगात : ओमेश्वरी साहू

बेमेतरा मे नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी बनने की घोषणा होते ही छात्र छात्राओं और युवा नेताओं मे खुशी की लहर छा गई है। भाजपा युवा नेत्री ओमेश्वरी साहू ने कहा की पुस्तकालय एक बहुत ही उपयोगी मंच है, जो सीखने के इच्छुक लोगों को एक साथ लाता है। यह हमें सीखने और अपने ज्ञान का विस्तार करने में मदद करता है। हम पुस्तकालय से अपनी पढ़ने की आदत विकसित करते हैं और ज्ञान के लिए अपनी प्यास और जिज्ञासा को संतुष्ट करते हैं। यह एक व्यक्ति के व्यक्ति गत विकास में मदद करता है।ओमेश्वरी ने लाइब्रेरी की सौगात मिलने पर विधायक दीपेश साहू का धन्यवाद आभार प्रकट किया ।

लायब्रेरी निर्माण से विद्यार्थियों में खुशी की लहर : नीतू कोठारी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर बेमेतरा में लाईब्रेरी निर्माण ये विधायक दीपेश साहू का अथक प्रयास और विष्णुदेव साय की सकारात्मक सोच से आज वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाईब्रेरी को नॉलेज बेस्ट सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रुप में बेमेतरा में स्थापित किया जाएगा। इस लायब्रेरी से उन छात्र-छात्राओं को मदद मिलेगी जो आर्थिक रुप से कमजोर है। इसके साथ ही अलग-अलग एग्जाम की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को भी मदद मिलेगी जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। भाजपा की सरकार बनते ही इतने कम समय में नालंदा की तर्ज पर बेमेतरा में लायब्रेरी निर्माण से युवाओं में खुशी की लहर है। प्रत्येक युवा साय सरकार का कार्य साय साय होने की बात कह रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं की भविष्य संवारने प्रतिबद्ध है : राजू देवांगन

बेमेतरा जिले को रायपुर नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी की सौगात मिलने पर पिछड़ा वर्ग मोर्चाबके जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार युवाओं के भविष्य संवारने प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र मे जिले के युवाओं की भविष्य संवारने की ललक रखने वाले विधायक दीपेश साहू के अथक प्रयासों से लंबित मांग आज पूरी हो पाई है। जिले मे लाइब्रेरी की निर्माण होने से जिले युवाओं को ज्ञान अर्जित करने, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने मे आसानी होंगी। देवांगन ने कहा की हम सभी जिलेवासियों की ओर से सीएम विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक दीपेश साहू का बहुत बहुत धन्यवाद करते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पूर्णता हेतु शेष रह गए कुल 1189 आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्र ही उसे पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में तृतीय किश्त प्राप्त कुल 299 आवासों को अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शत-प्रतिशत पूरा कराने लक्ष्य आर्बटित किया गया है। प्रथम किश्त प्राप्त कुल 218 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त 660 आवासों को 15 अगस्त तक निर्माण पूर्ण कराकर जियो टैगिंग उपरांत आगामी किश्त की राशि प्रदान कराएं। उन्होंने भूमिहीन हितग्राहियों को भूमि आबंटन किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की एवं निरस्त आवासों को ग्रामसभा से प्रस्तावित कराकर ग्राम सभा की कार्यवाही पंजी को शीघ्र जनपद पंचायत में संकलित कर जिला कार्यालय को प्रेषित करने निर्देशित भी किया। बैठक में उप-संचालक, पंचायत एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला एवं जनपद स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे ने बताया कि जिले को वित्तीय वर्ष 2016-24 तक कुल 32 हजार 394 प्रधानमंत्री आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत अब तक 30 हजार 291 हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कर पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है। जिसमें विकासखण्ड बालोद के 04 हजार, 404, डौण्डी विकासखण्ड के 04 हजार 781, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 07हजार 711, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 08 हजार 221 एवं विकासखण्ड गुरूर के 05 हजार 174 हितग्राही शामिल है। सीईओ कन्नौजे ने जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विकासखण्ड समन्वयक और तकनीकी सहायकों को लगातार हितग्राहियों से संपर्क स्थापित कर छत पूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

मानिकपुर में शिक्षण सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला मानिकपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल आयोजन हेतु शिक्षण सप्ताह का आयोजन 22.7.2024 से प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों पर कार्य करते हुए बच्चों के द्वारा शानदार गतिविधि सामुदायिक सहभागिता से किया जा रहा है। प्रथम दिवस टी,एल,एम के माध्यम से बच्चों ने गणित एवं हिंदी पर अपना-अपना प्रस्तुति दिया। दूसरे दिन स्नरह के माध्यम से बच्चों ने अभ्यास कार्य किया तीसरे दिन खेल दिवस के माध्यम से बच्चों के द्वारा गिनती सिखाना बिल्लस खेल के माध्यम से गिन तारा के माध्यम से कांच कंचे के माध्यम से अंक ज्ञान एवं लूडो पासा एवं कैरम खेल के माध्यम से बच्चों ने गतिविधि कराया। और शिक्षण सप्ताह के कार्य को संपन्न किया चौथे दिन 25-7-2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छे तरीके से सुआ, कर्मा, ददरिया एवं देशभक्ति गीतों पर तथा शिक्षा ज्ञान की गीत पर अपनी-अपनी शानदार प्रस्तुति दी इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य पर पूरा करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला मानिकपुर के बच्चों के द्वारा यह गतिविधि सामुदायिक सहभागिता से ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है शाला के प्रभारी प्रधान पाठक सुरेश वर्मा ने समस्त ग्राम वासी एवं सभी बच्चों को सहयोग हेतु साधुवाद दिया है। इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा के साथ भानु सेन भीष्म सेन, सुरेश सेन, नरेश सेन, एवं जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर यादव, उपाध्यक्ष सतमोहन पूर्ण एवं सभी समिति के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

SWACHH SURVEKSHAN TULIP

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./1031/न.पा./स्व.भा.मि.20/2024 बेमेतरा, दिनांक 25/07/2024

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से **Swachh TULIP** कार्यक्रम अन्तर्गत **TULIP INTERN TRAINEE** हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500.00 रू.	02	7770900245

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

नेशनल हाईवे पर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, आरोपियों से 01 एंड्रॉयड मोबाइल, डिजीटल घड़ी, मोटर सायकल, नकद 3,000 बरामद, भेजे गए रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस को नेशनल हाईवे 49 पर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की मोबाइल, डिजीटल घड़ी, नकदी रुपए और आरोपियों की बाइक जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। चोरी की घटना को लेकर 23 जुलाई को थाना कोतरारोड़ में कन्हैया खड़िया (उम्र 25 साल) निवासी ग्राम बनहर द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि रायगढ़ के मोबाइल शॉप में काम करता है, प्रतिदिन की भाँति 02 जुलाई की रात ड्यूटी के बाद रायगढ़ से अपने मोटर सायकल पर घर बनहर जा रहा था कि रात्रि करीब 10:30 बजे नेशनल हाईवे 49 में गेजामुडा चैक के पास मोटरसाइकिल खड़ी कर हैंडल में अपने बैग को लटका कर कुछ दूरी पर पेशाब कर रहा था। उसी समय दो लड़के मोटरसाइकिल में आकर रुके फिर वहां से चले गए। कन्हैया खड़िया पेशाब कर मोटरसाइकिल के पास आया तो देखा उसके मोटरसाइकिल पर रखा बैग नहीं था। बैग के अंदर मोबाइल, घड़ी, पर्स, टिफिन, रेनकोट नगदी रकम 7000 को वही दो अज्ञात युवक चोरी कर ले गए जिस पर थाना कोतरारोड़ में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा तत्काल अपने स्टाफके साथ मौके पर रवाना हुए और गेजामुडा चैक तथा एनएच के दुकान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ किये। इसी दरमियान मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी को गेजामुडा चैक पर जूटमिल क्षेत्र के दो युवक योगेश चैहान उर्फगोलू तथा चंद्रकांत बंजारे को पान ठेले में खड़े होना और मुंह पर कपड़ा बांधकर हाईवे पर घूमते देखना बताया। मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी और उनकी टीम दोनों संदेही की पतासाजी करते हुए जोरापाली में दबिश दिया गया दोनों वहां से भाग गए थे। पुलिस दोनों की पतासाजी करते हुए उनके घर पहुंची और दोनों संदेही- चंद्रकांत बंजारे और योगेश चौहान उर्फ गोलू दोनों निवासी राजीव नगर जूटमिल को हिरासत में ली। दोनों से सख्ती से पूछताछ करने पर वे बताएं कि हाईवे में मोटर सायकल पर राहगीरों से चोरी के इरादे से रात में घूमा करते हैं और मौका देखकर चोरी को अंजाम देते हैं। उन्होंने 2 जुलाई की रात एक युवक के मोटरसाइकिल के हैंडल पर टंगा बैग चोरी कर भाग जाना बताएं जिसमें मोबाइल, डिजिटल घड़ी,बैग, रेनकोट, टिफिन और रुपए मिले थे। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 02 एंड्राइड मोबाइल, एक डिजिटल घड़ी, बैग, रेनकोट, टिफिन, घटना में प्रयुक्त होंडा मोटरसाइकिल, खर्च के बाद बच्चे 3000 की जप्ती की गई है। आरोपी योगेश चौहान को कोतरारोड़ एवं जूटमिल पुलिस द्वारा पूर्व में चोरी और लूट के मामले में चालान की है, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर आरोपी पर पुलिस निगाह रखे हुये थी। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आज दोनों आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

ट्रक की ठोकर से बाईक सवार एसईसीएल कर्मी की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाईक सवार एसईसीएल कर्मचारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा के बुधवार की शाम इंडियन गैस एजेंसी के सामने एक ट्रक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एसईसीएल कर्मचारी मुरित राम बरेठ 35 साल निवासी गोढ़ी कोरबा हाल मुकाम बोजिया को जोरदार ठोकर मार दी। किराये के मकान में रहता था मृतक बताया जा रहा है कि एसईसीएल कर्मचारी मुरित राम बीते कुछ महीनों से बोजिया में किराये के मकान में रहकर एसईसीएल में काम करते आ रहा था। इस दुर्घटना में घटना स्थल पर ही एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो गई।

आक्रोशित हो गए थे ग्रामीण

इस मार्ग में भारी वाहनों के चलते आये दिन छोटी मोटी घटनाओं के बाद आज सडक हादसे में एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो जाने के बाद गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। जिन्हें मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा किसी तरह शांत कराया गया।

आरोपी चालक ट्रक लेकर पहुंचा थाने

बताया जा रहा है कि एसईसीएल कर्मचारी को ट्रक से कुचलने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था जिसके बाद वह स्वय ट्रक सहित थाना पहुंचकर अपने आपको पुलिस के हवाले कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल छाल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फिर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन दोनों पालियो में किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार संस्था प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव के मार्गनिर्देशन में पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में 22.जुलाई को गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन दोनों पालियो में किया गया। द्वितीय पाली मे कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त डी एम सी डी. के. सोलंकी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रभारी प्राचार्य वी. एन. वैष्णव द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित अतिथियों का विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया गया। दोनों पालियो मे उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, भाषण, कविता एवं गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सोलंकी पूर्व वैष्णव ने शिक्षकों के गुणों पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को श्रद्धा पूर्वक ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियो ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं लेखनी भेंट कर सम्मानित किया। व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य महादेव यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी सांत्वना दत्ता, एन.एस.एस प्रभारी राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता, पुष्पांजली कोशले, संध्या कुजूर, रंजीता केंवट, सविता देवांगन, रीना मरावी, दीपांजली सोनी, प्र.पा. मिडिल दिप्ती चतुर्वेदी, प्र.पा. प्राथमिक अमृता पात्रे, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, शिक्षक राहुल यादव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं तथा मती दुर्गा देवांगन आदि पालकगण उपस्थित रहे।

लोक सेवा केन्द्रों में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने पर होगी कार्यवाही

संयुक्त कलेक्टर ने किया च्वाईस सेंटरों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में लोक सेवा केन्द्रों में विभिन्न सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने जिले के कई लोक सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने संचालको को सेंटर में आवश्यक दस्तावेजों की सूची तथा मूल्य दर चस्पा करने, रजिस्टर मैंटेन के साथ नियमानुसार कार्य संचालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रामटेके ने कहा कि लोगों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूली विद्यार्थियों को जाति, निवास तथा आमदनी प्रमाण पत्र बनवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। लोक सेवा केन्द्रों में चस्पा किए गए दर से अधिक राशि की वसूली करने पर सख्त कार्यवाही किया जाएगी। निरीक्षण के दौरान ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स सोनम तिवारी सहित संबंधित अधिकारी

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमलीडीह के छर्राटांगर रोड में अज्ञात वाहन कि टक्कर से बुजुर्ग कि मौत होने कि खबर सामने आ रही है बताये अनुसार मृतक का नाम सूना राम राठिया पिता विरधो राठिया निवासी ग्राम सुमड़ा तहसील घरघोड़ा बताया जा रहा है। घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

रायगढ़-खरसिया हाईवे पर सड़क दुर्घटना 2 युवक घायल, एक को आई मामूली चोटे

रायगढ़। खरसिया नेशनल हाईवे पर चपले के पास गंभीर सड़क हादसा हुआ। हीरो स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक, जो जांजगीर-चांपा से रायगढ़ की ओर जा रहे थे, तेज रफ्तार के कारण बाइक का नियंत्रण खो बैठे। परिणामस्वरूप, कुनकुनी से आगे चपले के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई और दो युवक घायल हो गए, वहीं एक को मामूली चोटें आई है। हादसे में मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने डायल 112 को सूचित किया तो मौके पर पहुंची और घायलों को तत्परता से सिविल अस्पताल खरसिया भेजा। बताया जा रहा है कि तीनों युवक रायगढ़ शहर के भगवानपुर के रहने वाले हैं।

धरमजयगढ़ वन मंडल में 89 हाथी कर रहे विचरण, एक ही रात में 20 से अधिक किसानों के फसलों व घर को तोड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में बरसात के दिनों में भी रायगढ़ जिले के जंगलों विचरण कर रहे हाथियों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। बंगुरसिया में जहां एक दिन पहले कुछ घरों व फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों ने एक ही रात में 20 से अधिक ग्रामीणों के फसलों व घरों को क्षति पहुंचाया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों 89 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में नर हाथी 23, मादा हाथी 41 के अलावा 25 शावक शामिल है। वन विभाग के आंकड़े के अनुसार बीती रात हाथियों ने एक ही रात में 21 ग्रामीण किसानों के फसलों का मकान को क्षति पहुंचाया है। जिसमें हाथियों ने छाल रेंज के हाटी बीट में 10 किसानों के धान के थरहा को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही साथ लैलूंगा रेंज के पाकरगांव बीट के अंतर्गत आने वाले गांव बिरसिंघा, कुपाकानी, झारआमा, ढोरीबीजा में 11 किसानों के धान की फसल के अलावा मकान को हाथियों ने क्षति पहुंचाया है। रायगढ़ वन मंडल के बाद धरमजयगढ़ वन मंडल में बरसात के दिनों में एक ही रात में 21 किसानों के धान की फसल व मकान को हाथियों के दल के द्वारा क्षति पहुंचाये जाने के बाद इस क्षेत्र के गांव के ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में विचरण करने वाले गजराज दिन भर जंगलों में विचरण करने के पश्चात रात होते ही भोजन की तलाश में गांव तक पहुंच रहे हैं और फिर उनके द्वारा इस तरह के नुकसान किया जा रहा है। गांव में हाथी आने की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को मिलने के बाद विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचते है जिसके बाद वे गांव के ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को वापस जंगल में खदेड देते है लेकिन अगले दिन फिर से हाथी गांव में पहुंच जाते हैं।

महिला की आकस्मिक मौत, पड़ोसी पर जुर्म दर्ज शादी से इंकार के बाद महिला ने की थी आत्महत्या

- जूटमिल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना जूटमिल अंतर्गत महिला के आकस्मिक मौत मामले में जूटमिल पुलिस द्वारा मर्ग जांच पर पड़ोसी युवक विजय खड़िया (उम्र 26 साल) के विरूद्ध महिला को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक महिला द्वारा 22 अप्रैल के दोपहर अपने घर के परछी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा मर्ग धारा 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही किया गया तथा जप्ती योग्य साक्ष्य का हिस्टो पैथोलॉजी परीक्षण कराया गया। मर्ग जांच में गवाह और वारिसान बताएं कि मृतिका और विजय खड़िया के बीच प्रेम संबंध था। पिछले एक साल से विजय खड़िया द्वारा महिला को पत्नी बनाकर रखने का विश्वास देकर शारीरिक शोषण करता रहा और फिर अपनी बातों से मुकर गया जिससे महिला परेशान थी और एक दिन अपने सारे सामान लेकर विजय के घर चली गई। विजय उसे वापस घर जाने बोला, तब महिला अपने घर आ गई। विजय खड़िया के शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर 20 अप्रैल को महिला फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच में आरोपी विजय खड़िया द्वारा महिला को शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ित करने के पुख्ता साक्ष्य पाये जाने पर मर्ग जांच से 22 जुलाई को थाना जूटमिल में अपराध धारा 306 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया। आरोपी के फरार होने से पहले जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी विजय खड़िया के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल किया है।

रेलवे ट्रैक के खंभे पर चढा युवक करंट से झुलसा, कमर भी टुटी घायल युवक की मदद के लिए देवदूत बनकर पहुंचे डायल 112 स्टाफ

लकड़ी का स्टेचर बनाकर घायल को वाहन तक लाए व पहुंचाए अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

डायल 112 की आपातकालीन सेवा एक बार फिर एक घायल युवक के लिए देवदूत साबित हुई। घटना की सूचना के बाद घायल को लकड़ी के स्टेऊचर में वाहन तक लाकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका उपचार जारी है। दरअसल कल सुबह थाना धरमजयगढ़ के राइनो-1 को ग्राम आमापाली रेलवे ट्रैक के समीप करंट से झूलसे युवक के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ। सूचना पर तत्काल डायल 112 धरमजयगढ़ राइनो में आरक्षक जयप्रकाश एक्का और ईआरवी वाहन चालक अमित भगत आमापाली पहुंचे। जहां रेलवे ट्रैक के खंभे के नीचे एक करंट से झुलसा युवक मिला जिसके कमर में भी काफी चोटें रहने से खड़ा नहीं हो पा रहा था। डायल 112 स्टाफद्वारा घायल युवक से पूछताछ करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक प्रतीत नहीं हुई। डॉयल 112 के जवान ने उसके परिजन का पता लगाकर सूचना दी गई और गांववालों से मदद लेकर एक लकड़ी का स्टेचर तैयार किये और घायल को लिटाकर करीब डेढ किलोमीटर चलकर डॉयल 112 वाहन तक लाये और वाहन से सीएचसी धरमजयगढ़ ले जाकर भर्ती किये। घायल युवक अमित कुमार अगरिया (उम्र 18 साल) निवासी लक्ष्मी नगर थाना धरमजयगढ़ के पिता मुन्ना राम अगरिया ने बताया कि उसके बेटा बीमार है, घर में ही रहता है। कल रात्रि 3 बजे उठकर घर का बाहर से दरवाजा बंद कर भाग गया था जिसे खोजबीन कर रहे थे।

डायल 112 के स्टाफ के सूझबूझ और सेवाभाव से किये गये कार्य की परिजनों और आमजन द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है।

एक बार फिर तोड़े 3 ग्रामीणों के मकान, धान और चावल को भी खाया

दंतैल हाथी के आतंक से थर्राये ग्रामीण, वन विभाग की टीम मौके पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में बरसात के दिनों में भी जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा। जिले के रायगढ़ वन मंडल में बीते कुछ दिनों एक हाथी पूरे क्षेत्र में घूम-घूमकर ग्रामीणों के फसलों व घरों को नुकसान पहुंचा रहा है। गुरूवार की सुबह भी एक हाथी दल से भटककर गांव पहुंचकर तीन मकानों को क्षति पहुंचाते हुए धान के थरहा और चावल को खाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम केनानीबहाल में सुबह करीब साढ़े 4 बजे एक दंतैल हाथी अपने दल से भटककर जा पहुंचा दंतैल हाथी ने यहां छबिलो प्रधान, मदन गुप्ता, शिव सिदार के मकान को तोड़ते हुए घर के रखे चावल को खाने के बाद कुछ किसानों के खेतों में जा पहुंचा और वहां भी दंतैल हाथी ने धान के थरहा को खाते हुए नुकसान पहुंचाया है।

दो दिन पहले भी आया था हाथी-गांव के ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले भी एक हाथी उनके क्षेत्र में पहुंचकर दो ग्रामीणों के मकानों को तोड़ते हुए धान और चावल को चट करने के बाद कुछ किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया था।

दल से भटका हाथी मचा रहा उत्पात-गांव के ग्रामीणों के अनुसार रायगढ़ वन मंडल में एक हाथी अपने दल से भटककर गांव-गांव घूमकर लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। तीन दिन पहले भी शहर से सटे हुए बंगुरसिया गांव में हाथी ने दो ग्रामीणों के मकान को तोड़ा था।

वन विभाग की टीम मौके पर-दंतैल हाथी के द्वारा गुरूवार की सुबह तीन मकानों को क्षति पहुंचाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम केनानी बहाल पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाथियों पर रखी जा रही नजर-रायगढ़ वन परिक्षेत्र में विचरण करने वाले हाथियों पर वन विभाग लगातार नजर बनाये हुए है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाथियों के दल में शावक होनें की वजह से वे अधिक आक्रामक होते है। इस लिहाज से गांव के ग्रामीणों को जंगलों में नही जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही साथ हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

कार्यालय सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छ.स. बल, ज़िला-कबीरधाम (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 17वीं बटा./छसबल/क.धा./सा.अ./निविदा N-24/2024, कबीरधाम, दिनांक-29/07/2024

सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, जिला-कबीरधाम छत्तीसगढ़ की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मोहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' से ''द'' वर्ग या अधिक ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति, जिसमें लिफाफा ''अ'' में अमानत राशि (ईएमडी) अथवा उससे छूट संबंधी प्रमाण पत्र तथा लिफाफा 'ब' में निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, तकनीकि व अन्य दस्तावेज तथा निविदा प्रपत्र का होगा, निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	कार्य का नाम	कार्य स्थल	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्यपूर्ण अवधि
01	शॉपिंग काम्पलैक्स (नाई/मोची/धोबी शॉप) निर्माण कार्य	17वीं वाहिनी छसबल, कैम्प-जैतपुरी/सरेखा कबीरधाम	14.81 लाख	44,430/-	04 माह

01. चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 27/08/2024
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 28/08/2024 के 15:00 बजे तक
03. निविदा खोलने की तिथि - 28/08/2024 के 16:00 बजे तक

नोटः- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रू. 750/- को सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम के नाम से ''लेखा शीर्ष 0055 एम.पी.आर. उपशीर्ष 800 अन्य रिसिप्ट'' में चालान के माध्यम से स्वीकार्य होगी। तथा निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

सेनानी
17 वीं वाहिनी (भा./र.) छ.स.बल,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

G-242501306/2

कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की बाढ़ से ढहा 14 लाख का चैकडैम जिम्मेदारों को बचाने की कवायद पर सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चलनापदर में रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत चैकडैम कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के बाढ़ में ढह गया है जिसके बाद आनन फानन में ज़िला सीईओ ने जांच के आदेश देते ही एसडीओ पीओ सहित अन्य जॉच टीम पहुंचकर ढहने के बारीकी कारण को देखा और निर्माण एजेंसी के साथ मिस्त्री को जिम्मेदार ठहराने की बात कही जा रही है जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत चलनापदर में 15 लाख की लागत से मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत किया गया जिसमे 2 लाख 97 हजार रुपए मजदूरी है बाकि मैटेरियल की राशि से स्वीकृति दिया ताकि जल संरक्षण करते किसानों के खेतों में पानी पहुंचाया जा सके लेकिन इस चैकडेम में मोटी रकम कमाई के चलते मापदंड और क्वालिटी को अनदेखा कर जैसे तैसे 2 माह पहले कमीशन और भ्रष्टाचार की बाढ़ में चेकडैम खडा कर दिया जो पहली बारिश में ढहा कर भ्रष्टाचारियों की पोल खोल दी है जिसके बाद से जिला भर में हड़कंप देखने को मिला और जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर दिया है बकायदा आज मौके पर अधिकारी भी पहुंचे और पूरा टिकरा निर्माण एजेंसी और मिस्त्री पर फोड़ते दिखे।

मिस्त्री और निमार्ण एजेंसी पर टिकरा तकनीकि सहायक पर सवाल

चेकडैम के ढहने के बाद मैनपुर आरईएस एसडीओ पीओ रमेश कंवर सहित अन्य अधिकारी पहुंचे इस बीच मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीओ उत्तम चौधरी ने कहा की चैकडैम ढहने का दोषी निर्माण एजेंसी के साथ साथ साइड चयन करने वाले को भी बताया क्योंकि उपयुक्त साइड नही होने के बाबजूद जगह का चयन किया गया साथ ही एसडीओ ने गुणवत्ता के सवाल पर जवाब देते कहा की गुणवत्ता तो ठीक ही है लेकिन मिस्त्री की गलती को भी बताया ऐसे तमाम बारिकी को अधिकारियों ने नजदीक से देखा इस बीच जगह जगह यह भी चर्चा हो रही है की जिस जगह पर तकनीकि सहायक द्वारा जिस जगह पर ले आउट दिया गया उसी जगह पर ही चैकडैम निर्माण हुआ ऐसे में सिर्फ़और सिर्फनिर्माण एजेंसी को दोषी बताकर तकनीकि सहायक को बचाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है जिसकी चर्चा भी राजनीति के साथ प्रशासनिक गलियारों में जमकर हो रही हैं।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस का लक्ष्य वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाना : डॉ. प्रशांत कुमार सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व हेपेटाइटिस दिवस, एक वैश्विक पहल है जिसका लक्ष्य वायरल हेपेटाइटिस के बारे में आम जनता के मध्य में जागरूकता बढ़ाना और इस संभावित जानलेवा बीमारी को रोकने और नियंत्रित करने के उपायों को अग्रसर करना है। लीवर स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है, जो कि समूचे शारीरिक संरचना को स्वस्थ रखने की आधारशिला है। लीवर पाचन, डिटॉक्सिकेशन और पोषक तत्वों के भंडारण के लिए बेहद जरुरी शक्तिशाली अंग है। लीवर के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने से न केवल आपका स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हो सकता है। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और संतुलित प्रोटीन से भरपूर आहार लीवर की बेहतरी में मदद करता है। डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट अधिक मात्रा में शराब और वसायुक्त खाद्य पदार्थों के परहेज से फैटी लीवर सम्बंधित रोग और सिरोसिस जैसी लीवर की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। लीवर के हाइड्रेटेड रहने से उसकी डिटॉक्सिकेशन प्रक्रियाओं में मदद मिलती है। प्रतिदिन व्यायाम न केवल स्वस्थ वजन बनाए रखता है बल्कि लीवर की चर्बी को भी कम करने में मदद करता है, जिससे लीवर शरीर को स्वस्थ रखने में बेहतर कार्य करता है। हेपेटाइटिस ए और बी के खिलाफ टीका लगवाना और सुरक्षित स्वच्छता का अभ्यास करना वायरल हेपेटाइटिस को रोकने में सबसे महत्वपूर्ण कदम माना जाता हैं। जो कि लापरवाही के चलते गंभीर लीवर के नुकसान का कारण बन सकता है। नियमित चिकित्सा जांच आवश्यक है।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने भक्त माता कर्मा कॉलेज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक रुचि को बढ़ावा देने और बढ़ाने के लिए भक्त माता कर्मा कॉलेज, समोदा, रायपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक औपचारिक साझेदारी की शुरुआत को चिह्नित करेगा। भक्त माता कर्मा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निशा दुबे और कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने भक्त माता कर्मा कॉलेज से वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मुक्ता मल्होत्रा, राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर कु. धनेश्वरी कोसले और कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. शिंकी के. पांडे, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. दीप्ति पटनायक, कला एवं मानविकी संकाय की डीन डॉ. शिल्पी भट्टाचार्य और वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा बिस्वास की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य शैक्षणिक और शैक्षिक गतिविधियों में आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन में दोनों संस्थानों के बीच छात्रों और संकाय सदस्यों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने के लिए विनिमय कार्यक्रमों की स्थापना की रूपरेखा दी गई है। इस पहल का उद्देश्य शैक्षणिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना और विविध शिक्षण अवसर प्रदान करना है। कलिंगा विश्वविद्यालय और भक्त माता कर्मा कॉलेज आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में शोध परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। साझेदारी का उद्देश्य प्रभावशाली शोध परिणाम उत्पन्न करने के लिए प्रत्येक संस्थान की ताकत का लाभ उठाना है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा बी+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जिसे वर्ष 2022 और 2023 में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में एनआईआरएफ रैंकिंग में शामिल किया गया है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए छात्रों में वैश्विक मानदंडों के अनुसार नवाचार को शामिल करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।

विधायक कुंवर ने किसना में किया डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण, लोगो को दी गुरुपूर्णिमा की बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बीते दिनों डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम किसना के मिडिल स्कूल परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच उन्होंने कहा कि महा मानव, भारतीय संविधान के शिल्पकर डॉ. अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर सम्प्रभुता, सामाजिक न्याय विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। सरपंच ग्राम पंचायत किसना सरपंच सुनीता खापर्डे के मांगपत्र पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने मिडिल स्कूल परिसर में मंच के शेड निर्माण एवं प्रतिमा के अहाता (स्टील रेलिंग) निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

न्योता भोज भी कराया गया

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने आगे कहा की डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो का नारा दिया था। उनके द्वारा बताए गए मार्ग और सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि मेरा बचपन डॉ. अम्बेडकर एवं बौद्ध धर्म के अनुयायियों के बीच बिता है। नागपुर की दीक्षा भूमि का मैंने भ्रमण किया हूँ। बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा ग्राम किसना निवासी प्राथमिक स्कूल के प्रथम बैच के पूर्व छात्र रहे एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सेवा निवृत्त परियोजना प्रशासक द्वारिका प्रसाद लोन्हारे द्वारा प्रदान की गई है। गुरु पूर्णिमा के दिन संयोग से द्वारिका प्रसाद लोन्हारे का जन्मदिवस भी था। इस मौके पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज भी कराया गया।

अम्बेडकर ने मजबूत संविधान देकर लोगों की रक्षा की

प्रतिमा अनावरण समारोह में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के सेवा निवृत्त प्रचार्य डॉ. केएल टांडेकर, सेवानिवृत्त डीइओ अर्जुन मेश्राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक मजबूत सँविधान देकर लोगो के अधिकारो की रक्षा की। उनके द्वारा निर्मित सँविधान भारत की एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करता है। स्कूली बच्चों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ. सतीश मेश्राम, बीपी वासनिक, ग्राम पटेल जगदीश गंजीर, ग्रामवासी डीपी लोन्हारे, जेपी मेश्राम प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष, योगेश रजक मीडिल स्कुल शाला विकास समिति के अध्यक्ष टहल राम साहू तुलाराम बनपेला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कलेक्टर और एसपी ने ब्लैकस्पॉट पतराटोली का किया निरीक्षण, दुर्घटना में कमी लाने को लेकर गंभीर प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने जशपुर जिले के ब्लैकस्पॉट एन.एच. 43 पतराटोली विकासखण्ड दुलदुला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, परिवहन अधिकारी, यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक जशपुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी के साथ आमजन भी उपस्थित थे। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी आन रोड़ सेफ्टी के गाईडलाईन के अनुसार धारा 135 एम.व्ही.एक्ट के तहत ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर दुर्घटना में कमी लाने के निर्देश दिये गये हैं। वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 के सड़क दुघर्टनाओं के आधार पर पूर्व चिन्हित ब्लैक स्पॉट में कुल प्रकरण 13 जिसमें मृतक 06 घायल 10 एवं वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 के आधार पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट प्रकरण 12 मृतक 06 घायल 09 हुई है, जिसका जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग, शिक्षा विभाग संयुक्त टीम के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। सड़क दुर्घटना घटित होने के प्रमुख कारण में यात्री बस का चौक में रुकना एवं सवारी उतारना, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलना, चौक से दुलदुला की ओर जाने वाले मार्ग के बाएं तरफ गुमटी होने से वाहन चालकों को बेहतर दृष्यता का नहीं होना, पतराटोली चौक से दुलदुला जाने वाले सहायक मार्ग में स्पीड ब्रेकर का ना होना, पतराटोली चौक से जशपुर मार्ग में लगभग 250 मीटर की दूरी मोड़ में क्रॉस बैरियर का ना होना पाया गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. रवि मित्तल द्वारा चौक में अनूप गुप्ता मोबाइल दुकान के सामने बेरीकेट लगाने, रम्बलर स्ट्रिप की ऊंचाई बढ़ाने, दुलदुला जाने वाले मार्ग में स्पीड ब्रेकर लगाने, गुमटी को हटाने, पतरा टोली चौक से जशपुर रोड़ लगभग 250 मीटर दूरी में क्रॉस बैरियर लगाने, यात्री प्रतीक्षालय को 07 दिवस के अंदर दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा मौके पर उपस्थित बस एजेंटो को चौक में बस खड़ा न करने हेतु 03 दिवस का समय दिया गया है एवं चिन्हांकित मारकिंग स्थल पर ही बस खड़ा करने की समझाईश दी गई। यातायात नियमों को उल्लंघन करने वाले बस चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने हेतु ग्राम पतरा टोली में ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया एवं घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार किए जाने हेतु सड़क सुरक्षा मितानों का चिहांकन किया गया। यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन कराने हेतु यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिससे क्षेत्र के लोग लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण के सुझाव पर स्वामी आत्मानंद स्कूल पतराटोली के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग में बेरीकेट्स लगाने एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र लोरो घाट में हाई मास्क लाइट लगाने एवं लोरो घाटी में बने वॉल में आवश्यकता अनुसार सांकेतिक चिन्ह लगाने हेतु लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किया गया। जिले के विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में 07 अति सड़क दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का चिन्हांकन किया गया है इनमें मुड़ापारा एन.एच. 43 थाना पत्थलगांव, तहसील चौक बगीचा एवं बिमड़ा थाना बगीचा, भलमंडा थाना लोदाम, रायगढ़िया चौक कोतबा थाना बागबाहर, गढ़ाकटा थाना कुनकुरी, भिंजपुर थाना दुलदुला हैं। उक्त अति दुर्घटना जन्य स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाने की कार्य योजना है। ब्लैक स्पॉट पतराटोली के संयुक्त निरीक्षण दौरान प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर जिला जशपुर, अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला जशपुर, नितेश तिवारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग अंबिकापुर, प्रमोद कुमार भटनागर जिला शिक्षा अधिकारी जिला जशपुर, नंद पांडे एसडीएम कुनकुरी, अजय कुमार बंजारे उप अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग जशपुर, विजय निकुंज जिला परिवहन अधिकारी, दीपक मिंज जनपद पंचायत सीईओ दुलदुला, ओमकार बघेल तहसीलदार दुलदुला, अमरजीत कुंटे रक्षित निरीक्षक जिला जशपुर, आर. एस. पैंकरा निरीक्षक यातायात प्रभारी जिला जशपुर, कृष्ण कुमार साहू निरीक्षक थाना प्रभारी दुलदुला, बरन साय सहायक उप निरीक्षक हाईवे पेट्रोलिंग प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि राजकुमार सिदार बीडीसी पतराटोली, जगनारायण सिदार सरपंच पतरा टोली विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन 9 अगस्त को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन आगामी 9 अगस्त को किया जाएगा। इस अवसर पर जनजाति समाज के ऐसे विभूतियों जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं, उनका सम्मान किया जाना है। इनमें शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र, समाज सेवा, सांस्कृतिक क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण, खेल कूद, आदिम जाति चित्रकला, कृषि, चिकित्सा इत्यादि के क्षेत्र सम्मिलित हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग दिलीप हरदाहा ने संबंधित विभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजाति समाज के विभूतियों की सूची जल्द से जल्द आदिवासी विकास विभाग में उपलब्ध कराने कहा है।

SWACHH SURVEKSHAN 2024 #Mera Shahar Meri Rahchhan | TULIP

कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./500 दिनांक 25/07/2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से **Swachh TULIP** कार्यक्रम अन्तर्गत **TULIP INTERN TRAINEE** हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	08.08.2024	4500.00 रू.	02	9993999119

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

// निविदा आमंत्रण सूचना //

स्वा.वि./514/2024/99 भिलाई, दिनांक 19/07/2024

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 हेतु समय-समय पर पाम्पलेट, पोस्टर, बैनर, एवं होर्डिंग्स मुद्रण एवं स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु वॉल पेंट, स्लोगन चित्र बनाने का कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदार/निर्मात्री संस्थान/अधिकृत विक्रेता से मुहरबंद निविदा स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 05.08.2024 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.08.2024 को 11:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अवकाश के अवधि में अगले कार्य दिवस निविदा खोली जावेगी। निविदा में भाग लेने हेतु दिनांक 29.07.2024 को 5:30 बजे तक निगम मुख्य कार्यालय जन स्वास्थ्य विभाग में आवेदन शुल्क रु. 750.00 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत	धरोहर राशि	आवेदन शुल्क	कार्यावधि	निविदा फार्म
1.	स्वच्छ सर्वेक्षण 2.24-25 हेतु समय-समय पर पाम्पलेट, पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग्स मुद्रण कराये जाने हेतु	14,58,000.00	14,600.00	750.00	01 वर्ष	''सी''
2.	स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु वॉल पेंट, स्लोगन चित्र बनाने का का कार्य कराये जाने हेतु	5,45,638.00	5,500.00	750.00	01 वर्ष	''बी''

नियम शर्तें:- 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। 2. निविदा स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। 3. धरोहर राशि एफडी.आर कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र लिफाफा ''क'' में प्रस्तुत करना होगा तथा निविदा दर लिफाफा ''ख'' में प्रस्तुत करना होगा, उक्त दोनों लिफाफा दस्तावेज सहित बड़ा लिफाफा ''ग'' में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 4. समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। 5. आवेदन पत्र के साथ वाणिज्य कर कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र, संस्था किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में काली सूची में दर्ज नहीं है के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। 7. सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी भी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा। 8. शासन के आदेश दिनांक 19.01.2012 के अनुसार अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत कम निविदा दर होने पर सफल निविदाकार को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत के अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में एफ.डी.आर. जमा करना होगा। 9. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। 10. निविदा नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा www.uad.cg.gov.in से निविदा देखी जा सकती है।

संलग्न:- नियम शर्ते

कार्यपालन अभियंता

दो सूत्री मांगों को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर संघ हड़ताल पर जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

29, 30 एवं 31 जुलाई को तीन दिवसीय हड़ताल पर कम्प्यूटर आपरेटर संघ जा रहे है और मांगे पुरा नहीं होने पर 5 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे यह जानकारी प्रदेश सचिव के अनुसार छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि अपने दो सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन करने जा रहा है अभी कंप्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल पर चले जाने से सरकार और कृषकों को प्रभावित होगा जो कि अभी वर्तमान में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना कंप्यूटरीकृत एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चल रहा है जो प्रभावित होगा और प्रदेश के किसानों को नगद खाद बीज वितरण में भी प्रभाव पडेगा जो की प्रदेश के कृषि कार्य को असर होगा साथ ही साथ एकीकृत किसान पोर्टल में नये कृषकों का समर्थन मूल्य धान विक्रय के लिए पंजीयन कार्य प्रारंभ हो चुका है जिस पर प्रभावित होगा और ऑपरेटर के हड़ताल में चले जाने से शासन प्रशासन को एवं वर्तमान में सरकार के छवि को प्रभावित करेगा। उक्त जानकारी प्रदेश सचिव एवं बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष मोहन डहरिया के द्वारा बताया गया साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लवन में शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें शाखा का ऑपरेटर मोहन डहरिया, भीम पटेल, सुरेश वर्मा, महेश कुर्रे व अन्य आपरेटर शामिल थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रा.मा.क्र..... वर्ष.....
ग्राम-.....प.ह.नं.....
रा.नि.मं.सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा साधारण ग्राम राजासेवैया खुर्द के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक गोपीचंद सोनी पिता जगतराम सोनी जाति सोनार साकिन राजासेवैया खुर्द प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. पिथौरा तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र मनोज के दिनांक 13/12/2021 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त नजर/दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/07/2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए
ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है'', जैसा है'' और जो कुछ भी है'' के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 13.08.2024 को बेचा जाएगा।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र. सं.	(i) मांग सूचना की राशि	(ii) एग्रीमेंट आईडी	(iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम	(iv) बंधक संपत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य	(vi) ईएमडी राशि	(vii) नीलामी की तिथि एवं समय	(viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय	(ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय	(x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं.
1	रु. 8283528.05/- मांग सूचना की तिथि 30.11.2022	37067852	मुस्कान कॉन्ट्रैक्टर, मुस्कान इलेक्ट्रिकल्स एंड पेंट्स, रवि ट्रेडर्स, रवि नेभानी, यश नेभानी, सूरज नेभानी और कंचन नेभानी	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि ''गुलशन वाटिका फेज-1'', नया खसरा नं. 15000/2 का हिस्सा, पुराना खसरा नं. 181/1-5-8-12-4-6-11-18, मौजा ग्रामः सेजबहार, पी.एच. नं. 119/50, आर.आई.सी. रायपुर-1, तहसील और जिलाः रायपुर (छ.ग.), संपत्ति क्षेत्रफल10661 वर्ग फीट, और चौहद्दीः पूरब में – मंदिर, पश्चिम में – रास्ता, उत्तर में – हाउसिंग बोर्ड की बाउंड्री वॉल और दक्षिण में – रास्ता	रु. 12473370.00/-	रु. 1247337.00/-	13.08.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	12.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	06.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796
2	रु. 1276451.53/- मांग सूचना की तिथि 12.08.2023	14308923	राजेश प्रसाद और सरोज प्रसाद	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लाट नं. 307, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट अर्थात 69.70 वर्ग मी. और प्लॉट नं. 308, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट अर्थात 69.70 वर्ग मी., ख. नं. 567 भाग, पीएच नं. 90, नया नं. 20, आर.एन.एम. धरसिवा-1, जीके टाउनशिप रायपुर, बिलासपुर रोड, सिलतरा, तहसील और जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित, और चौहद्दीः उत्तर में – प्लॉट नं. 306, दक्षिण में – प्लॉट नं. 309, पूरब में – रोड और पश्चिम में – विक्रेता की संपत्ति	रु. 675000.00/-	रु. 67500.00/-	13.08.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	12.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	06.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

दिनांकः 26.07.2024

सुबह तक मैसेज का जवाब दे रही थी केसर, दोपहर में फंदे पर झूलती मिली, मेडिकल स्टूडेंट ने हॉस्टल में की आत्महत्या, कारण अज्ञात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा ने हॉस्टल में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की दोपहर प्रबंधन को इसकी सूचना हॉस्टल की दूसरी लड़कियों ने दी। लालबाग पुलिस ने बताया कि, युवती का शव दुपट्टे के सहारे पंखे पर झूलता पाया गया है। देर शाम तक घटनास्थल की जांच और एफएसएल टीम की कार्रवाई के बीच शव को मॉरच्यूरी में रखा गया है। गुरुवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सनसनी फैल गई। यहां राजस्थान के बीकानेर से पढ़ने आई 21 वर्षीय केसर गोदारा ने सुसाईड कर ली। प्रबंधन ने बताया कि, आज कॉलेज में इंटरनल एग्जाम था लेकिन केसर परीक्षा में शामिल नहीं हुई। उसकी साथी सहेलियां जब उससे मिलने हॉस्टल पहुंची तो केसर ने न ही दरवाजा खोला और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद लड़कियों ने गार्ड को बुलाया। गार्ड ने किसी तरह भीतर झांका तो केसर फंदे पर झूलती दिखी। प्रबंधन को घटना की जानकारी दिए जाने के बाद दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक केसर दम तोड़ चुकी थी। इसके कुछ ही देर के बाद डीन डॉ. रेणुका गहिने और डॉ. पवन जेठानी मौके पर पहुंचे। इस बीच सूचना मिलने पर लालबाग थाना प्रभारी नवरतन कश्यप भी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर पुलिस ने सुसाईडल नोट या किसी दूसरे तरह के साक्ष्यों के लिए तफ्तीश की। जांच प्रक्रिया निपटाने के बाद शाम करीब 4 बजे शव को मॉरच्यूरी ले जाया गया।

अकेली रहती थी

मृतिका केसर गोदारा राजस्थान के बीकानेर की रहने वाली थी। वह यहां 2020 बैच की स्टूडेंट थी। बताया गया कि वह पढ़ाई में काफी होनहार थी। हॉस्टल में उसे जो कमरा मिला था उसमें वह अकेली ही रहती थी। डीन डॉ. रेणुका गहिने ने बताया कि, उसे परीक्षा या पढ़ाई का किसी तरह का दबाव भी नहीं था। उसने ये आत्मघाती कदम क्यूं उठाया ये जांच का विषय है।

सुबह तक जवाब दे रही थी...

केसर की मौत से हॉस्टल में रहने वाले उसकी साथी छात्रों को सदमा लगा है। छात्रों ने बताया कि, केसर हंसमुख और जल्द घुलने मिलने वाली लड़की थी। उससे ऐसे किसी तरह की उम्मीद ही नहीं थी। पुलिस ने बताया कि केसर गुरुवार की सुबह लगभग 5.15 बजे तक अपने सहेलियों के मैसेज का फोन पर जवाब दे रही थी। लेकिन इसके बाद उसकी कोई गतिविधि नहीं देखी गई। माना जा रहा है कि, इसके बाद ही उसने आत्महत्या की।

परिजनों को दी जानकारी

मेडिकल कॉलेज के डॉ. पवन जेठानी ने बताया कि छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। वे यहां जल्द से जल्द पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी मौजूदगी में ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दुःखद संयोग है कि तकरीबन दो वर्ष पहले भी यहां पढ़ने आए मेडिकल कॉलेज के इंटर्न एक डॉक्टर ने रानी सागर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वह भी राजस्थान का ही रहने वाला था।

निकाय में परिसीमन पर हाईकोर्ट का स्टे, कुलबीर ने लगाई थी याचिका

वार्डों की सीमा घटाई-बढ़ाई गई, कुल वार्डों की संख्या नहीं बदली

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम राजनांदगांव में 51 वार्डों परिसीमन का मामला पचड़े में पड़ता दिख रहा है। वार्ड नंबर 25 के पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा इसे लेकर हाईकोर्ट से स्टे ले आए हैं। दरअसल, उन्होंने 15 जुलाई को परिसीमन पर दावा आपत्ति बुलाए जाने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया था। गौरतलब है कि वे शुरु से ही परिसीमन को नियमतः गलत बता रहे थे। इससे पहले राज्य सरकार के निर्देश पर शहर के 51 वार्डों का परिसीमन किया गया है। इसमें एक वार्ड को विलुप्त कर कैलाश नगर वार्ड को दो हिस्सों में बांट दिया गया।

लगभग 23 वार्डों की सीमाओं को बढ़ाया-घटाया गया। इस बीच कांग्रेस के पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस पर आपत्ति की और मामले को हाईकोर्ट बिलासपुर लेकर गए। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को कोर्ट ने इस पर स्टे दे दिया है। आर्डर की कॉपी एक-दो दिनों में उपलब्ध हो जाएगी।15 जुलाई को पूरे 51 वार्डों के परिसीमन की सूचना प्रकाशित की गई। इसके बाद दावा-आपत्ति के लिए समय सीमा तय की गई। इसी बीच स्थानीय स्तर पर शिकायत के बाद पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने हाईकोर्ट में अपने वकील रत्नेश अग्रवाल के माध्यम से याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई हुई और स्टे मिला है। छाबड़ा ने बताया कि याचिका में कई आपत्तियां थी, जिसमें आरक्षण, जनसंख्या जैसे बिंदू थे। इस मामले को लेकर को लेकर जब पार्षद कुलबीर छाबड़ा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह जनहित का मुददा था, स्थानीय स्तर पर भी शिकायत की गई, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। इसलिए कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। परिसीमन नियमों को ताक में रखकर किया गया है, इसलिए उस पर याचिका लगाई गई थी।

संघ के अध्यक्ष बने संजीव

छुरिया। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जी के मार्गदर्शन में ब्लाक इकाई छुरिया का गठन हुआ जिसमें युवा पत्रकार संजीव गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नियुक्ति पश्चात अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा । इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष राम साहू,एवं राधेश्याम शर्मा, शीशपाल साहू, रोहित सिन्हा, अकील मेमन, मनभावन उइके, कैलाश गुप्ता, ताहिर खान, मुजम्मील खान, मुकेश साहू, उपस्थित थे ।

हॉकीः मध्यप्रदेश के हाथों मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं को मिली हार

- बालक वर्ग में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में खेले गए एक मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-0 से पराजित किया। बालक वर्ग के पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गुजरात को एकतरफा मुकाबले में 14-0 गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 4-1 गोल से पराजित किया तो वहीं तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ ने गोवा को 11-0 गोल से पराजित किया। मैच के दौरान ओलंपियन मोहम्मद रियाज, अंसुता लकरा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी व सचिव आयोजन समिति, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धिन सोलंकी, मुस्ताक अली प्रधान (वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रायपुर), मृणाल चौबे, प्रिंस भाटिया, भुषण साव, रामआवतार जोशी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। अंत में प्लेयर आफ द मैच के पुरूस्कर वितरित कर खिलाडियों को बधाई व शुभकामनांए दी। प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैन ऑफद प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में हॉकी मध्यप्रदेश की कप्तान पलक गुप्ता को चुना गया। बालक वर्ग में पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र के कप्तान विशाल धर मानडढे, दूसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश के तोहिब अहमद व तीसरे मैच में छत्तीसगढ हॉकी के मोहित नायक को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

आज के मैच

बालिका वर्ग में एक ही मैच हॉकी गुजरात विरूद्ध छत्तीसगढ हॉकी मध्य सुबह 7 बजे खेला जायेगा।

कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर काला पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

3 अगस्त तक काला पट्टी बांधकर करेंगे काम

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ परिक्षेत्र बागनदी उप परिक्षेत्र छुरिया द्वारा निमित्तिकरण एवं स्थाईकरण को लेकर सिर में काला पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। 3 अगस्त तक सभी काली पट्टी बांधकर अपने काम में आएंगे। कार्यकारिणी सदस्य जनक राम चौधरी ने बताया कि कई वर्षों से नियमितीकारण एवं स्थाईकरण की मांग को लेकर निरंतर सरकार का ध्यान आकर्षण करते आ रहे हैं किंतु आज तक हमारी मांगे पूरी नहीं की गई है। जिसके कारण दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी, दैनिक श्रमिक ,तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, वाहन चालक कंप्यूटर ऑपरेटर में रोष व्याप्त है। 4 अगस्त से प्रदेश के वन मंत्री, वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री के बंगला का घेराव किए जाने की जानकारी उन्होंने दी। कर्मचारी हित में सरकार के निर्णय नहीं लेने पर 11 अगस्त से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे। इस अवसर पर रेवाराम सिन्हा,विनोद साहू ,उमन दास साहू ,डोमन दास साहू, भारत लाल उसेंडी ,आसाराम कंवर, पांडुराम सिन्हा ,रमेश कुमार उइके ,तेजू यादव, जागेश्वर नेताम ,अफरोज कुरेशी ,राजेश कुमार, मूलसिंह नेताम, पूरन नेताम, राजेंद्र नेताम,रामविलास आदि प्रदर्शन मे शामिल थे।

कारगिल विजय दिवस पर, युवा मोर्चा ने निकाली मशाल रैली

पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com

जिला युवा मोर्चा एवं मंडल युवा मोर्चा द्वारा छुईखदान नगर में कारगिल विजय मसाल रैली का आयोजन किया गया। आजाद भारत में 1953 में गोलीकांड में पांच लोगों ने अपनी जान की आहुति देते हुए अमर शहीद कहलाने का दर्जा प्राप्त किया था। उस शहीद नगरी छुईखदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा टिकरीपारा मंगल भवन से अमर ज्योति दीप प्रज्वलित कर एवं मसाल के साथ मेन रोड से होते हुए जय स्तंभ चौक तक लाया गया। अमर शहीदों के याद में बनाए गए शहीद पार्क में अमर ज्योति दीप का स्थापना किया गया। जो आज दिन गुरुवार से लेकर निरंतर 24 घंटे तक कल शुक्रवार तक प्रज्वलित रहेगा और इसके संपूर्ण देखरेख की जिम्मेदारी भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जधेल , गिरिराज किशोर दास , राकेश ताम्रकार, प्रेम नारायण चंद्राकर , पुरन जधेल, नेतराम जधेल, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, विक्रांत चंद्राकर, नवनीत जैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बजट प्रतिक्रिया : कांग्रेसियों ने कहा कई खामियां, भाजपाई प्रभावशाली बता रहे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केंद्र के आत बजट पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। कांग्रेस अब भी इसमें खामियां निकाल रही है तो दूसरी ओर भाजपा इसे प्रभावशाली बता रही है। दोनों ही ओर से बेरोजगारी को लेकर अलग अलग दावे किए जा रहे हैं।

सरकार ने खोला पिटारा: रविन्द्र वैष्णव

जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने केंद्र के बजट को गरीबों को सक्षम बनाने वाला और 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यहां बजट अमृत काल के सभी संकल्पना को सिद्ध करने वाला तथा सर्व समावेशी विकासोन्मुखी है। विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। वैष्णव ने कहा कि इस बजट में गांव गरीब किसान युवा महिला नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि और वंचित को वंचन से मुक्त कराने का रोड मैप है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नई प्रविधानों की घोषणाएं स्वागत योग्य है।

केंद्र का बजट पूरी तरह रोजगार उन्मुखी : मोरजध्वज देवांगन

भाजपा नेता मोरजध्वज देवांगन ने वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए केंद्रीय आम बजट 2024 - 25 को रोजगारउन्मुखी बताया है। देवांगन ने कहा कि संसद में भारत की अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलीयन डालर की ओर ले जाने वाली गरीब किसान मजदूर व युवावओं सहित महिलाओं के उत्थान वाली बजट पेश किया गया है। इस बजट में युवाओं के लिए नौकरी के साथ-साथ रोजगार इन्कम टैक्स में कमी लांग टर्न कैपिटल दर में कमी, टैक्स स्लैब में बदलाव, मुद्रा लोन में 20 लाख रूपए की वृद्धि, सोने-चांदी से लेकर जूते-चप्पल के कपड़े आदि को सस्ता व किसानों के लिए सिंचाई के साधन व कृषि के लिए डेढ़ करोड़ के प्रवधान सहित 5 राज्यों के किसान कार्ड लांच किया जाना प्रमुख है। इसी तरह महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना, युवाओं को इंटर्न शीप योजना से रोजगार के बंपर अवसर मिलने के मार्ग प्रशस्त कर दिए गए हैं।

सभी वर्गों को खुश करने वाला बजट : अशोक देवांगन

जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन ने केंद्र के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट सभी वर्गों को प्रसन्न करने वाला है। इस बजट में किसाने और बेरोजगारों का विशेष ख्याल रखा गया है। कई जरूरी चीज सस्ती होने से जनता को बड़ी राहत मिलने वाली है। देवांगन ने कहा कि इस बजट में महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना, युवाओं को इंटर्न शीप योजना से रोजगार के बंपर अवसर मिलने के मार्ग प्रशस्त कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला बजट है। जिससे हमारा देश अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई उंचाई को छुएगा।

किसानों, महिलाओं व आम आदमी के लिए कुछ नहीं: छन्नी चंदू साहू

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बजट से किसानों, महिलाओ व आम आदमी को निरशा हाथ लगी है। जहां किसानों को पर्याप्त एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। वहीं घरेलू सामनों मे बढ़ती मंहगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया है जिससे महिलाओ को रसोई संभालना मुश्किल हो गया है। आम आदमी के लिए उपयोग में आने वाली पेट्रोल डीजल के दामों पर सरकार का नियन्त्रण न होने से सबका जीवन प्रभावित हो रहा है। बजट पूरी तरह से किसानों महिलाओ व आम जनो के लिए लाभदायक नही है।

आत्मानंद के 8 विद्यार्थी कलिंगा यूनिवर्सिटी रवाना इंस्पायर इंटर्नशिप साइंस कैंप प्रोग्राम हेतु चयनित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्यशासन के विशेष अनुदान से नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के 8 बच्चो का चयन कलिंगा यूनिवर्सिटी कोटनी नवा रायपुर के लिए हुआ है। ये सभी 8 विद्यार्थी राजधानी रायपुर के लिए रवाना किये गए। सभी बच्चे 22 से 26 जुलाई तक 5 दिनों के निः शुल्क इंस्पायर इंटर्नशिप साइंस कैंप प्रोग्राम में शामिल होंगे।

विद्यालय के प्राचार्य भरत लाल देवांगन ने पॉयनियर को बताया है कि लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार 10 वी बोर्ड के टॉप 10 में जगह बनाते हुए 89.40 फीसदी से अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रोग्राम का हिस्सा होंगे। इस कैंप का उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह कैंप प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा। इससे उनकी ज्ञानवर्धन और प्रेरणा का स्तर बढ़ेगा। इस कैंप के दौरान विभिन्न कार्यशालाओं, प्रयोगशालाओं और परियोजना कार्यो का आयोजन किया जाएगा।

विद्यालय के 11 वी विज्ञान संकाय से लुकिता साहू, तनवीर नायक, रीतू साहू, खुशी देवांगन, नोविषा ठाकुर, ईशा निषाद, समीक्षा महानंद, युवराज साहू को 5 दिवसीय साइंस इंस्पायर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए रवाना किया गया है। सभी चयनित बच्चो को विद्यालय के प्राचार्य भरत लाल देवांगन और संस्था से इंस्पायर अवार्ड प्रभारी संदीप वर्मा सहित स्टॉफने शुभकामनाए दी है।

एलबी नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 69 मिमी वर्षा

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 560.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 34.1 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 69 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 14.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 69 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 17.1 मिमी, घुमका तहसील में 16 मिमी, छुरिया तहसील में 45.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 39.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 37 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

शनिवार को निकलेगी, रूप रेखा तैयार

बम्लेश्वरी की नगरी में महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर जी की पालकी यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

माई की नगरी डोंगरगढ़ में सावन के पवित्र पावन माह के अवसर पर राजनांदगांव सिंघोला में स्थित महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में सवारी पालकी यात्रा के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे तय किया गया माँ बम्लेश्वरी के धाम में 27 जुलाई 2024 शनिवार को निकाली जाएगी समिति के हनी गुप्ता ने बताया इस यात्रा को लेकर शिव भक्तो में उत्साह नजर आया। पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी सुबह 11 बजे सर्वप्रथम चंद्रमौलेश्वर बाबा का आगमन छोटी मां बम्लेश्वरी प्रांगण जहाँ शिव शक्ति का मिलन व पूजा अर्चना (माता रानी से भेंट) होंगी, इस के पश्चात दोपहर 01 बजे मुछ वाले हनुमान जी के महावीर मंदिर में हरि-हर का मिलन (ठाकुर जी से भेंट) होंगी के बाद दोपहर 02 बजे पालकी यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा में अखाड़ा, झांझ, मंजीरा, ढोल, शिव लीला, बाबा की सवारी पालकी, गायक भजन कीर्तन,शामिल रहेगा। सिंघोला महाकाल मंदिर लगभग 9 वर्षों पूर्ण हो गया है जिसके संस्थापक पवन डागा राजू डागा जी है महाकाल सेना व सिंघोला मंदिर उनके द्वारा यह यात्रा राजनांदगांव में सावन के प्रत्येक सोमवार को निकाली जाती है व अन्य दिन में अलग अलग शहरों में यात्रा निकलती है कुल 11 यात्रा निकली जानी है। जिसमे डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खैरागढ़ एवम् महाराजपुर में निकलेगी। निखिल जैन ने बताया कि डोंगरगढ़ नगर के इन मुख्य मार्ग से निकलेगी। महावीर मंदिर से यात्रा प्रारम्भ हो शीतला मंदिर, एक्सिस बैंक, हनुमान चौक, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, भंडारी चाल, जैन मंदिर मार्ग, हनुमान चौक, भगत सिंह चौक, तराने गली, बस स्टैंड, कचरी चौक, सिविल लाइन, ब्राह्मण पारा, मिश्रा किराना, शिव मंदिर ठेठवार पारा में समापन किया जायेगा। यह तय किया गया। इस यात्रा में साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पैजमा महिला वर्ग लाल या पीली साड़ी कुर्ती पहनकर शामिल होंगे। समिति के अविनाश पोद्दार यात्रा को लेकर बैठक में आये सुझाव व निर्णय के बारे में बताया - नगर के सभी समाजो व संगठनों समिति द्वारा यात्रा का स्वागत व स्वल्पाहार की व्यवस्था की जायेगी। डी जे, धुमाल नही होगा। भक्ति भाव भजन व झांझ, मजीरा, डमरू की धुन में झूमेंगे भक्त। साथ ही यात्रा जुलूस के अंत मे रहेगी सफाई गाड़ी की व्यवस्था। समिति ने अपील की है कोई भी भक्त किसी भी प्रकार का नशे का सेवन कर यात्रा में शामिल ना हो। यात्रा के मुख्य मार्ग में पुष्प वर्ष हेतु किया गया आग्रह। पालकी यात्रा हेतु मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट से मिलेगा सहयोग, साथ ही अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

पांच पंचायत सचिवों पर गिरी गाज जिपं सीईओ ने किया निलंबित

कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर सचिवों पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों की जांच पश्चात जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मेढ़ा के पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत कोल्हिपुरी (नवागांव) प्रकाश रामटेके तथा पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत अउरदा मनहरण राउत्रे को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रकाश रामटेके का मुख्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं मनहरण राउत्रे का मुख्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सु सुरूचि सिंह ने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सचिव संलग्न जनपद पंचायत मोहला जितेन्द्र कुमार ध्रुव एवं सचिव ग्राम पंचायत डूमरटोला तिलक राम हेड़ामे को अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में में सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत मोहला निर्धारित किया गया है।

युवाओं को नालंदा परिसर लाईब्रेरी के रूप में मुख्यमंत्री ने दिया उपहार, बालोद नगरपालिका अंतर्गत की 200 सीटर लाइब्रेरी की स्वीकृति प्रदान

जिलें में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने मुख्यमंत्री के फैसले को सराहा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के युवाओं को नालंदा परिसर लाईब्रेरी के रूप में उपहार प्रदान किया है। उन्होंने राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों सहित जिले के नगर पालिका परिषद बालोद अंतर्गत 200 सीटर लाईब्रेरी की स्वीकृति प्रदान की है। बालोद जिलें में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने मुख्यमंत्री के इस फैसले को काफी सराहा है। जिले के युवा प्रमोद चन्द्राकर ने बताया कि वे पहले रायपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे, उन्होंने वहाँ नालंदा परिसर में भी पढ़ाई की है, जहाँ का वातावरण पूरी तरह परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा के अनुकुल होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री के फैसले को सराहते हुए कहा कि यह सुविधा अब बालोद जिले में भी मिलेगी इसके लिए वे काफी उत्साहित हैं।

परीक्षा की तैयारी करने में मिलेगी मदद

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही प्रीति साहू ने कहा कि राज्य शासन द्वारा नालंदा परिसर जैसा लाईब्रेरी बनाने का निर्णय बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में यह जिले के युवाओं के लिए बहुत ही सुविधाजनक साबित होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे नवयुवक सौरभ देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री कि यह पहल बहुत ही सराहनीय है। हम सभी और भावी पीढ़ी के युवा बालोद में बनने वाले नालंदा परिसर में अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं। इसी तरह बालोद शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के युवती पायल देवांगन और नीलम यदु ने कहा कि नालंदा परिसर के तर्ज पर बालोद में भी लाइब्रेरी के निर्माण से हम सभी को पहले से बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जिससे हमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी। युवाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

रेल्वे के सहयोग से ग्राम पंचायत पुरी में किया गया तालाब का निर्माण

जल संरक्षण की दिशा में किया जा रहा उल्लेखनीय पहल

- तालाब से निकाली गई मिट्टी का उपयोग सड़क बनाने और पटरियों में बिछाने में किया जा रहा उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्रामीण जनजीवन का एक जरूरी हिस्सा तालाब होता है। एक समय था जब राहगीर अपनी प्यास इन्हीं तालाबों से बुझाते थे। इसके साथ ही एक और सामाजिक सरोकार की प्रासंगिकता जुड़ी हुई है, तो दूसरी ओर आज के बदलते परिवेश में बढ़ते जल संकट के साथ गांव में तालाबों का संरक्षण और पुनरुद्धार बहुत जरूरी है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरी में रेल्वे विभाग द्वारा शीतला तालाब का निर्माण किया गया है। जल संरक्षण की दिशा में यह कारगर साबित होगी। इससे बारिश का पानी तो संरक्षित होगा ही, साथ ही वृक्षारोपण से जलस्तर बढ़ेगा। ग्रामीणों की मानें तो शीतला तालाब में 54 हजार घन मीटर जल धारण की क्षमता होगी, जो कि निस्तारी एवं सिंचाई के लिए बेहतर है। ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा नेताम ने बताया कि 10 एकड़ क्षेत्र में फैले शीतला तालाब का गहरीकरण कार्य रेलवे विभाग द्वारा किया गया है। तालाब से निकाले गए मिट्टी का उपयोग धरसा सड़क निर्माण के लिए किया गया। तालाब में संचित जल निस्तारी एवं सिंचाई सुविधा के लिए किया जा रहा है। साथ ही मत्स्य पालन से आय में वृद्धि होगी। ग्रामीण कृषक श्री मोहनलाल साहू, नारायण यादव, निरंजन यादव, नोबल देवांगन, चूलेश्वर देवांगन, पवन देवांगन, धनंजय देवांगन, जीवन पटेल, ओमप्रकाश साहू, गणेश्वर यादव, बृजलाल निर्मलकर के लगभग 30 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होगी, जिससे खेतों में हरियाली आएगी किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। रोजगार सहायक निहारिका साहू ने बताया कि-शीतला तालाब की मिट्टी निकाल कर जल भंडारण की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। तालाब से निकाली गई मिट्टी का उपयोग मिट्टी सडक एवं रेल की पटरियों में बिछाने के लिए किया गया।

युवा मोर्चा ने मनाया कारगिल विजय दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा 25 जुलाई को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से मिली विजय का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मशाल रैली निकालकर भारत माता के जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया गया। रैली के उपरांत भाजपा कार्यालय में वीरशहीदों के बलिदान को याद करते हुए अखण्ड ज्योति जलाई गई एवं शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष खुश्बु बंजारे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लोकेश यदु, जिला महामंत्री प्रशांत यादव, जिला उपाध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष द्वय वासुदेव ठाकुर, नागेश साहू, महामंत्री तरूण वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री लक्की कन्नौजे, वेदान्त रजक, लोकनाथ जायसवाल, गौतम चौहान, युगल यादव, सुन्दर साहू, आकाश सिंह, तनुज, सोनु, यशवंत ठाकुर सहित भाजयुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राहत पेंशन बना आहत पेंशन

शिवरीनारायण। शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद से 4 वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए प्राचार्य डॉ.ए.आर. बंजारे को शासन की अत्यंत लचर व्यवस्था के कारण अभी तक राहत पेंशन का ही भुगतान किया जा रहा है।आज पर्यंत तक कोषालय जांजगीर से पूर्ण पेंशन भुगतान की व्यवस्था नहीं हो सकी है। इस संबंध में सेवा निवृत्त प्राचार्य ड़ॉ.ए आर बंजारे का कहना है, कि, महाविघालय में पहले प्रोफेसर जी एन भतपरे और डॉ सी बी. खुंटे के प्रभारी प्राचार्य अवधि में मुझको राहत पेंशन हर माह के 10 तारीख तक भुगतान होता आ रहा था लेकिन खुटे जी के प्रभार बदलने के बाद मुझे राहत पेंशन विगत 9.10 माह के भीतर वर्तमान प्रभारी प्राचार्य के कार्य अवधि में 15 तारीख तक भुगतान संभव नही हुआ है माह जून का राहत पेंशन आज जुलाई 25 तारीख तक मेरे बैंक अकाउंट में जमा नहीं हो पाया है। यह सब कुछ राहत पेंशन देयक में तकनीकी त्रुटियां किए जाने के कारण ही होते आ रहा है, लेकिन इस ओर प्रभारी प्राचार्य का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। कोषालय जांजगीर को चाहिए कि वह डॉ. बंजारे के राहत पेंशन को आहत पेंशन नहीं बनाए तथा समय सीमा के भीतर भुगतान करने में रुचि दिखाते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

105 विद्यार्थिओं को प्रसस्त्री पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष एवं गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर इकई सेतगंगा के द्वारा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के 8 विद्यालय् एवं 1 महाविद्यालय से आये 105 विद्यार्थीओं को प्रसस्त्री पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया जिसमे क्षेत्र के विद्यालय टाप 10 मे 10वीं मे परमेश्वर ने 92.3 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम् स्थन साथ् ही साथ् ही 12वीं मे बहन दुर्गावती ने 87.6 अंक लाकर 12वीं टाप 10 मे प्रथम स्थान् प्रप्त् किया एवं क्षेत्र के एकमेव महविद्यलय् से बीएससी अन्तिम् वर्ष कि छात्रा दुर्गेश्वरी चंद्राकर ने 79 प्रतिशत् अन्क् लाक प्रथम स्थन प्रप्त किया जिनको विशेष् सम्मनित् किया गया कर्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहा. परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा मुंगेली आकाश सिंह परिहार विशिष्ट अतिथि सुरेश केशरवानी मुख्य वक्ता के रूप मे । बिलासपुर विभाग संगठन मंत्री सुभम जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर सेतगंगा के प्राचार्य महेन्द्र प्रसाद आहिरे प्रांत सह संयोजक भिषेख पाण्डेय मुंगेली जिला संयोजक अतुल साहू नगर मंत्री फास्टरपुर ताम्रधवाज साहू प्रांत कार्यकरणी सदस्य आशीष यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं सम्मान के साथ साथ विद्यार्थियों को कैरियर गाइडलाइंस के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने मे, प्रमोद यादव, दुर्गेश्वरी चंद्राकर ,रोशन साहू, हितेश कश्यप ,रुपेश गबेल, सूरज साहू,का सराहनी योगदान रहा ।

आमरण अनशन कर रहे कर्मचारियों का स्वास्थ्य बिगड़ा, अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शराब दुकान से निकाले गए 6 कर्मचारी अपने बीवी बच्चो के साथ आमरण शुरू कर दिया था। आमरण अनशन कर रहे दो कर्मचारी की हालत बिगड़ी और बाकी कर्मचारियों को प्रशासन व्दारा जबरदस्ती जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। आबकारी विभाग के प्रमुख प्रभाकर शर्मा, नायब तहसीलदार और पुलिस विभाग के अधिकारियों के बीच जिला अस्पताल में आमरण अनशन कर रहे कर्मचारियों के बीच लिखित समझौता हुआ जिसमें अधिकारियों व्दारा ब्लेक लिस्ट से हटाने व बहुत जल्द पुनः वापस काम पर लेंने आश्वासन दिया गया।

आमरण अनशन करने वाले में प्रमुख रूप से यशवंत सोनकर, पोखन लाल कंवर, विरेन्द्र बघेल, त्रिभुवन साहू ,त्रिदेव धुव्र, मुकेश साहू थें।

जनपद सदस्य जागेन्द्र साहू ने स्वयं के व्यय से मंदिर में लगवाया टाइल्स

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शारदा नगर रुद्री में जनसहयोग से बने नवनिर्मित शिव मंदिर में वार्डवासियों के निवेदन पर मंदिर में टाईल्स फिटिंग का कार्य रुद्री के जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति पिंकू जागेंद्र साहू ने स्वयं के व्यय से करवाया है, जिसको लेकर वार्डवासियों में बहुत ही हर्ष व्याप्त है। गौरबतलब है कि शारदा नगर रुद्री की कई सालों की बहुप्रतीक्षित मांग पक्की नाली निर्माण को भी जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू द्वारा अपने जनपद निधि मद से नाली निर्माण करवाया गया है जिस कारण से पूरे वार्डवासियों ने जनपद सदस्य को धन्यवाद ज्ञापित किया और मंदिर कार्य में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिव मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य मोहित देवांगन, किरण गोस्वामी, पिंटू उर्फ चंद्रशेखर सेन, कंचन वर्मा,भुनेश्वर नेताम मेडम , नरेटी मेडम, ममता मौर्य, ममता शर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, गीता सेन, रागिनी वैष्णव, गोमती साहू उपस्थित रहे।

नगर निगम के जनसमस्या निवारण शिविर 27 से पार्षद ने शहरवासियों से लाभ उठाने किया आग्रह

- आम जनमानस को राहत देने नगर सरकार के वार्डों तक पंहुचना सराहनीय व पारदर्शी पहल- विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरी निकाय विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 27 जुलाई से वार्ड स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है जिसके तहत धमतरी नगर निगम के 40 वार्डों में भी शिविर की तैयारी जोर.जोर से निकाय स्तर पर चल रही है जिसके संबंध में निगम के जागरूक एवं प्रखर पार्षद विजय मोटवानी 40 वार्ड के विभिन्न समस्याओं को कमिश्नर विनय पोयम सहित संबंधित विभाग की जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराते हुए शिविर से पूर्व ही इसके निवारण कर लिए जाने संबंधी सुझाव दिए हैं जिसके तहत विशेष रूप से आमापारा वार्ड में भरने वाले पानी के लिए डीएमएफ फंड से बरसाती पानी को डायवर्ट करते हुए मकई तालाब तक पहुंच कर जल जगह योजना को सफल करने की बात रखी है इसके साथ ही शहर के सभी उद्यानों को ठंड से पूर्व आम जनमानस तथा विशेष कर युवाओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए व्यवस्थित करने की भी बात कही है इसके साथ ही श्री मोटवानी ने कहा है की बारिश के मौसम होने के कारण अधिकांश सडके उखड़ गई है जिसे भी रिपेयरिंग करने हेतु विशेष रूप से तैयारी करने की आवश्यकता है उन्होंने विशेष कर स्वच्छता को मूर्त रूप देते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने सफाई विभाग को विशेष संसाधन उपलब्ध कराने का सलाह दिया है मोटवानी ने आगे कहा है कि वह स्वयं 40 वार्ड के शिविर में उपस्थित होकर स्थानीय पार्षद वहां के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि के साथ ही आम जनता से मिलते हुए नगर निगम और जनता के बीच की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण कड़ी एवं मध्यम बनने का पूरा.पूरा प्रयास करेंगे।

सबका बजट बिगाड़ता सरकार का बजट, दो राज्यों को समर्थन मूल्य, बाकि को झुनझुना : उदित साहू

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव उदित साहू ने बताया कि कुछ लोग बजट.बजट चिल्ला रहे हैं। जबकि उनको खुद नहीं पता कि ये बजट उनके किसी काम का नहीं है। हमारे लिए इसमें कुछ है ही नहीं। इस बजट में न बेरोजगारों के लिए कुछ है, न देश का पेट भरने वाले किसानों के लिए। महिलाओं और युवाओं की चिंता तो छोड़ ही दीजिए, आज देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और ग़रीबी है, मगर इस बजट में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ है ही नहीं। कुर्सी बचाने के लिए मोदी ने नीतीश के बिहार और नायडू के आंध्रप्रदेश को छोड़कर पूरे देश को ठेंगा दिखा दिया,अगर ये अन्य राज्यों के साथ अन्याय नहीं है तो फिर क्या है? निर्मला ने कांग्रेस की पहली नौकरी पक्की स्कीम को कॉपी करने का अधूरा प्रयास तो किया मगर स्कीम को 5000 प्रति महीना, 500 टॉप कंपनियों और 1 करोड़ लोगों तक ही सीमित रखा। सवाल ये है कि 1 करोड़ लोग अगर 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करेंगे तो क्या एक कंपनी 20,000 इंटर्न 5 साल में और सालाना 4,000 इंटर्न रख पायेंगी। इस स्कीम में इंटर्न बनने के लिए भी बड़ी शर्तें हैं. आपके घर का कोई भी व्यक्ति इनकम टैक्स ना देता हो, कोई भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में ना हो, आप कोई फूल टाइम पढ़ाई ना करते हों . इत्यादि कांग्रेस की स्कीम हर डिप्लोमा और डिग्री धारक के लिए थी और कंपनियों की कोई सीमा नहीं थी ऐसे ही एंगल टैक्स को ख़त्म करने वाली बात भी कांग्रेस के घोषणापत्र से चुराने का अधूरा प्रयास किया। लहसुन और प्याज न खाने वाली मंत्री ने महंगाई पर 10 शब्द बोले, पर भीषण महंगाई से राहत के बारे में एक भी बात नहीं की। मिडिल क्लास की कमरतोड़ने में वित्त मंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ा। साहू आंकड़ों के माध्यम से बताया कि शॉर्ट टर्म कैपिटल टैक्स 15 प्रतिशत से बढ़ा कर 20 प्रतिशत कर दिया है, लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है, डिवाइडेंड पर नया टैक्स लगेगा, इंडेक्शंस के फ़ायदे हट गये हैं ऐसे समझिये की साल 2000 में आपने 10,00,000 में एक घर ख़रीदा जिसको इस साल आपने 50,00,000 में बेच दिया, इंडेक्शन के बाद लागत 36,30,000 रुपये हुई आपका कैपिटल गेन हुआ 13,70,000 इस पर आपको टैक्स देना पड़ता 2,74,000 का , पर अब नये प्रावधान में आपको टैक्स देना पड़ेगा 5,00,000 का साथ ही किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी तो नहीं दी गई।

ज्ञानी भगवंत कहते है जान और मृत्यु के बीच का सामान्य जीवन है

परमात्मा और गुरु की निंदा करने वाला कभी आगे नहीं बढ़ सकता : प.पू.विशुद्ध सागर जी म.सा.

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जैन मंदिर इतवारी बाजार में चातुर्मास हेतु विराजित वक्ता विशुद्ध सागर जी महाराज का प्रवचन जारी है जिसमें परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म.सा. ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि जीवन रूपी बगिया में सदगुण फुल ऐसा रूपी ऐसा फुल खिलाना है जिसके सुगंध रूपी प्रभाव से सब प्रभावित होकर खींचे चले आए। अगर जीवन में परमात्मा का साथ हो तो कोई चिंता नहीं करनी चाहिए। संसार में ऐसा कोई उम्र नहीं है जिसमें किसी की मृत्यु न हुई हो। इसलिए अपने जीवन के हरपल को एक अवसर मानकर उसका सदुपयोग करना चाहिए क्योंकि जीवन का के अंत क्षण आ जाए पता नहीं। ज्ञानी भगवंत कहते है जान और मृत्यु के बीच का सामान्य जीवन है। इस जीवन का हरपल एक स्वर्णिम अवसर है। इस जीवन में हमे जो समय, समझ और शक्ति मिला है अगर इसका सदुपयोग नहीं करेंगे तो यह समाप्त हो जाएगा। हमारी चाह अर्थात हमारी इच्छा ही हमारे दुख का कारण है। हमारा प्रयास प्रतिदिन अपने विकारों को दूर करते हुए अपनी आत्मा के निकट आने के लिए होना चाहिए। क्योंकि प्रयास ही सफलता की सीढी है। प्रयास करते समय भले ही कुछ समय के लिए हम रुक जाए लेकिन सफलता मिलने तक हार नहीं मानना चाहिए। दूसरो को जागृत करते हुए स्वयं को भी जागृत रखना पड़ता है। हमेशा अपने बेस्ट को बैटर करने का अर्थात अच्छे को और अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी स्थान पर किया गया पाप से तीर्थ स्थान में जाकर हम मुक्त हो सकते है लेकिन तीर्थ स्थान में किए गए पाप से कभी मुक्त नहीं हो सकते। उसे भोगना ही पड़ेगा। इस संसार में चारो ओर केवल पाप ही पाप है और इस पाप के ताप और संताप से बचने के लिए स्वाध्याय करना चाहिए। इसीलिए श्रावक के छह सामान्य कर्तव्य में तीसरा कर्तव्य स्वाध्याय बताया गया है । गुरु उस निशान की तरह होते है जो स्वयं एक स्थान में रहकर शिष्य रूपी राहगीर को सही राह दिखाते है। जो इंसान उबरने वाले का सहारा लेता है वो उबर जाता है और जो डूबने वाले का सहारा लेता वो डूब जाता है। उसी तरह हमे भी इस संसार सागर से उबरने के लिए परमात्मा या गुरु का सहारा लेना चाहिए। परमात्मा और गुरु की निंदा करने वाला कभी आगे नहीं बढ़ सकता। परमात्मा और गुरु के न होने पर स्वाध्याय हमे सत्य का ज्ञान कर सकता है। और इसी के माध्यम से परमात्मा तक हम पहुंच सकते है। आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग संसार के सभी धर्म शास्त्रों में बताया गया है। जब हम उसे श्रवण कर अपने जीवन में उतर लेंगे तो परमात्मा बनने की ओर आगे बढ़ पाएंगे। स्वयं को अच्छे से अच्छा बनाने के लिए स्वाध्याय आवश्यक है।

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchaan 2024
TULIP

कार्यालय नगर पंचायत जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)
Email- npcmoj4@gmail.com

स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0

क्र./263 दिनांक 25/07/2024

//आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो. नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500	2	9039695447

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत जैजैपुर

बूढ़ातालाब परिसर रख-रखाव : पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने कार्य एजेंसी को मौक़े पर दिये विस्तृत दिशा निर्देश

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी रहे बैठक में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बूढ़ा तालाब-विवेकानंद सरोवर परिसर के संचालन व रख रखाव की ज़िम्मेदारी निभा रहे पर्यटन बोर्ड द्वारा नियुक्त कार्य एजेंसी एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स प्रा. लि. की टीम को विस्तृत दिशा निर्देश देने बूढ़ा तालाब परिसर में पर्यटन बोर्ड ने नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, जीएम (तकनीकी) पी.के. पंचायती, एजीएम इमरान खान, बोर्ड की पर्यटन अधिकारी भावना श्रीवास्तव, एडवेंचर स्पोर्ट्स शाखा के प्रमुख संतोष रैदास, एम.एम.पी. वॉटर के विजय कुमार शामिल रहे। बैठक में कार्य एजेंसी से कहा गया कि बूढ़ातालाब परियोजना तथा आईलैंड हेतु किए गए 03 उच्चदाब संयोजन संबंधित फर्म एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स अपने नाम पर नामांतरित करेगी तथा अपनी आवश्यकता अनुसार विद्युत संयोजन में अनुबंधित भार कम या ज्यादा कर सकती है। यह फर्म संपूर्ण बूढ़ातालाब परिसर परिक्रमा स्थल में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा वर्तमान में स्थापित सभी अधोसंरचना, उपकरण एवं विद्युत सामग्री का संचालन एवं संधारण उनके द्वारा किया जाएगा। तात्कालिक व्यवस्था अंतर्गत फर्म द्वारा अस्थाई विद्युत मीटर कनेक्शन लेकर कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में फर्म को यह भी निर्देशित किया गया है कि परिसर का व्यवस्थित रख रखाव उनकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। परिसर में लगे सभी विद्युत व सुरक्षा उपकरण, रोशनी व्यवस्था, नागरिकों की मूलभूत सुरक्षा व्यवस्था के साथ बच्चों के आमोद-प्रमोद के सभी प्रबंध मानक स्तर के साथ संचालित करें। एजेंसी से यह भी कहा गया है कि परिसर की सफाई का पूरा ध्यान रखें और पर्याप्त सफाई कर्मी की तैनाती रखे। समयबद्ध रोस्टर तैयार कर यहाँ लगे उपकरणों की नियमित जाँच करे एवं नागरिक सुझावों पर त्वरित अमल के लिए अपना सिस्टम तैयार करें। ज्ञात हो कि न्यायालयीन आदेश पर रायपुर नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बूढ़ा तालाब परिसर के संचालन एवं संधारण का संपूर्ण दायित्व पर्यटन मंडल को 17 नवंबर 2023 को ही स्थानांतरित किया जा चुका है, इसके बाद से यह एजेंसी पर्यटन बोर्ड के मार्गदर्शन इस परिसर का प्रबंधन कर रहा है। इस बैठक में पर्यटन बोर्ड के सहायक अभियंता सतानंद केसरिया, पर्यटन अधिकारी कमलेश सोनवानी, उप अभियंता संदीप दीवान, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंधक संजय अग्रवाल, संदीप शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर नेहा पटेल, योगेन्द्र साहू, एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स के शुभम शर्मा, प्रदीप जयदेव भी शामिल हुए।

गुल्लू में 132/33 के.वी विद्युत उपकेंद्र ऊर्जीकृत, 100 गांव और 12,000 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

प्रदेश में ईएचटी ट्रांसफार्मर क्षमता अब 25,354 एम.वी.ए.

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने रायपुर जिले के अंतर्गत ग्राम गुल्लू (आरंग) में 132/33 के.वी क्षमता के विद्युत उपकेंद्र में 40 एम.वी.ए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत किया। गुल्लू स्थित 132 के.वी उपकेंद्र परिसर में 132/33 के.वी क्षमता के विद्युत उपकेंद्र में 40 एम.वी.ए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र को 132 के.वी माठखरोरा उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति हो रही है। जिसके लिए लगभग 19 किलोमीटर लंबी लाइन स्थापित की गई है। इस कार्य की लागत लगभग 33 करोड़ रूपए है। गुल्लू उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने के साथ प्रदेश में 132 के.वी उपकेंद्रों की संख्या बढ़कर 134 हो गई है। दिसंबर 2023 के बाद गुल्लू के अलावा बैजलपुर (कबीरधाम जिला) में 132 के.वी उपकेंद ऊर्जीकृत किया गया है। पाटन में 132/33 के.वी उपकेंद्र को 220 के.वी उपकेंद्र के रूप मे उन्नत किया गया है। इस अवसर पर एम.डी पारेषण राजेश कुमार शुक्ला ने बताया है कि राज्य गठन के समय प्रदेश की पारेषण प्रणाली में अति उच्चदाब ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता 3552 एम.वी.ए थी, जो अब बढ़कर 25,354 एम.वी.ए. हो गई है। हम विद्युत आपूर्ति की सुगमता एवं गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में अनेक बड़े कदम उठा रहे हैं, जिसका लाभ निकट भविष्य में मिलेगा। गुल्लू उपकेंद्र से आरंग, मंदिर हसौद क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक गाँवों और 12,000 से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ई.डी. के.सी मनोठिया, संजय पटेल, आर.सी अग्रवाल, एम.एस चैहान, मुख्य अभियंतागण अविनाश सोनेकर, जी. आनंदराव, अंबस्ट, एस.डी.एम पुष्पेंद्र, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र तथा अन्य अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता आदि उपस्थित थे।

बस्तर के हरा सोना संग्राहकों को बैंक मित्र एवं बैंक सखियों से सीधे मिल रही पारिश्रमिक राशि

तेंदूपत्ता तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि से घर-परिवार की जरूरतें हो रही पूरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर अंचल में तेंदूपत्ता को हरा सोना माना जाता है, जो वनांचल के संग्राहकों की अतिरिक्त आय का मुख्य जरिया है। गर्मी के दिनों में जब ग्रामीणों के पास न तो खेतों में काम होता है और न ही घर में कुछ काम, तब इसी तेंदूपत्ता यानी हरा सोना का संग्रहण उन्हें मेहनत एवं संग्रहण के आधार पर भरपूर पारिश्रमिक देता है। वनांचल में रहने वाले ग्रामीणों के लिये तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा की दर में हुई वृद्धि भी खुशियां जगा दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा राशि 5500 रुपए किए जाने के बाद संग्राहकों में अपार खुशी है। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि स्थानीय स्तर पर बैंक सखियों के माध्यम से भुगतान होने के फलस्वरूप विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के संग्राहकों को बहुत सहूलियत हो रही है। इसे मद्देनजर रखते हुए बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के अंदरूनी इलाके के संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि का भुगतान बैंक मित्र और बैंक सखियों के माध्यम से किया जा रहा है। तेंदूपत्ता सीजन 2024 में संग्रहित तेंदूपत्ता का 36 हजार 229 संग्राहकों को 12 करोड़ 43 लाख 95 हजार 749 रुपए पारिश्रमिक राशि अपने गांव के बैंक मित्र एवं बैंक सखियों द्वारा की जा रही है। लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम कुथर के तेंदूपत्ता संग्राहक आयतू और बैसू तेंदूपत्ता संग्रहण कर उसे समिति में बेचने का कार्य वर्षों से कर रहे हैं। एक सीजन में तीन से पांच से आठ हजार रूपए तक कमाई करने वाले इन संग्राहकों का कहना है कि वे सुबह से शाम तक पत्ते तोड़कर उसे गड्डी तैयार करते हैं, फिर फड़ में ले जाकर विक्रय करते हैं। उनका अधिकांश समय वन में ही गुजरता है।

फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे 21 अधिकारी, दिव्यांग संघ ने जारी की सूची

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में हाल ही में चर्चित आईएएस पूजा खेड़कर जैसा एक और मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के 21 अधिकारी फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। इस मामले का खुलासा रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में हुआ। इस संबंध में संघ ने 21 अफसरों की नाम की सूची मीडिया को सौंपी है। सूची में 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 लेखा अधिकारी, 3 नायब तहसीलदार, 2 सहकारिता निरीक्षक, 3 वेटनीर डॉक्टर शामिल है। संघ का आरोप है कि इन नियुक्तियों के पीछे लोरमी में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुलाब सिंह राजपूत, मुंगेली में पदस्थ चिकित्सक एमके राय, और बिलासपुर में पदस्थ हेल्थ ज्वाइंट प्रमोद महाजन का हाथ है। इन अधिकारियों पर पूरी भर्ती प्रक्रिया में मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने सरकार से इन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो 21 अगस्त को प्रदेश के दिव्यांग रायपुर में आंदोलन करेंगे। संघ की इस मांग पर राज्य सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार है। यदि संघ के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह राज्य की भर्ती प्रक्रियाओं में एक बड़ा घोटाला साबित हो सकता है।

मुख्यमंत्री की पहल से बगीचा में शुरू होगा अपेक्स बैंक की शाखा, किसानों को मिलेगी बड़ी सुविधा

जशपुर। जशपुर जिले के बगीचा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जल्द ही अपेक्स बैंक की शाखा का शुभारंभ होगा। रायपुर स्थित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की क्षेत्रिय बैंक ने बगीचा में अपेक्स बैंक की शाखा शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद जल्द ही अपेक्स बैंक बगीचा में काम करना प्रारंभ होगा। इस बैंक के शुरू हो जाने से बगीचा ब्लाक के किसानों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अपेक्स बैंक का प्रयोग किसानों के समर्थन मूल्य में फसलों की खरीदी के भुगतान के लिए किया जाता है। इस बैंक में जमा होने वाली राशि को निकालने के लिए किसानों को जशपुर और कुनकुरी तक दौड़ लगाना पड़ता था। अपेक्स बैंक की शाखा खुल जाने किसानों को इस दौड़ से मुक्ति मिल जाएगी।

प्रवेश प्रारंभ | पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध | प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., I.T., Com. Science
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

26 July 2024 Pride Of Raipur

" पवन पुत्र हनुमान जी की अद्भुत, अलौकिक, दुर्लभ, अविश्वसनीय, अद्वितीय 5000 फोटो का विशाल संग्रह, जो बना विश्व रिकॉर्ड! इसमें सभी फोटो अलग-अलग व अद्वितीय है। इस दुर्लभ संग्रह का हिस्सा बनें। "
इस दुर्लभ संग्रह (पुस्तक) अपने घर लायें
संपर्क - 98271-22886

Magnetic Mosquito Net Curtain
Keeps Mosquitoes Out
Lets Fres Air and Cool Breeze In
DEEPS MOSQUITOES & FLIES OUT | FRESH AIR FLOW | KID & PET FRIENDLY | MOSQUITO PROTECTION | NO TECHNICIAN OR TOOLS REQUIRED | EASY-SELF INSTALL IN MINUTES
LAXMI TRADING COMPANY
Millennium Plaza, Banstall, G.E. Road, Raipur (C.G.)
Contact : +91 93031 47175

TENSILE SHADE
CAR PARKING SHADES
• Cafeteria • Entrance Canopies • Walk Ways • Terraces • Garden Covering • Petrol Pumps • Sport Areas • Food Courts • Swimming Pool Shades • Resort Tents • Car Parking
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

KSR | Kisan | Parryware always fashion
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

9th Anneversary राष्ट्रीय अखबार पायनियर
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
जिला शिक्षा अधिकारी
शिक्षा विभाग, जिला-कोण्डागांव

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403